सुप्रभात
रांची, सोमवार
05.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 203

12 उत्तराखंड में मंत्रिमंडल ने यूसीसी ड्राफ्ट को दी मंजूरी

## न्यूज डायरी

### आइएसएम प्रोफेसर की पत्नी ने की आत्महत्या

**धनबाद।** आइआइटी आइएसएम कैंपस में प्रोफेसर की पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के वक्त घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। प्रोफेसर की पत्नी घर में अकेली थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने पाया कि जमीन पर महिला का शव पड़ा था। मृत महिला का शिल्पी कुमारी आईआईटी आईएसएम के प्रोफेसर पवन सिंह की पत्नी थी।

### लोहरदगा में ठेकेदार की गोली मारकर हत्या

**लोहरदगा।** कुडू बाजार में रविवार सुबह पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी के पति ठेकेदार संतोष मांझी ऊर्फ मंगलू को गोली मार दी गयी। गंभीर हालत में रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गयी। कुडू में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा शव के साथ सड़क जाम कर दिया गया। बताया जाता है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार हो कर दो लोग आये थे और गोली मारकर भाग गए ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल हत्या क्यों की गई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### पलामू में बुजुर्ग की हत्या, नदी में मिला शव

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के इलाके में एक बुजुर्ग व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने बुजुर्ग को चार गोली मारी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा लिखे जाने के दौरान कुछ गलती हुई जिसके पर मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमकर हंगामा किया। दरअसल पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के बसदह के इलाके में जिनजोई नदी से रामकिशुन यादव नाम के बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। रामकिशुन यादव किसान थे, उनका कुछ लोगों से जमीन का विवाद चल रहा था। परिजनों ने चार से पांच लोगों का नाम बताया है और उन पर हत्या की आशंका जाहिर की है।

### लोन दिलाने के नाम पर ठगी, नौ गिरफ्तार

**कोडरमा।** लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे पैसों की ठगी के मामले का उद्भेदन करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 22 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, 32 सिम कार्ड, क्यूआर कोड स्कैनर एवं नकदी एक लाख 20 हजार रुपये बरामद किये गये। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों का एक गिरोह कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधी माटी में सक्रिय होकर धनी फाइनेंस लिमिटेड से लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेता है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख





## शक्ति परीक्षण आज, हैदराबाद से सभी लौटे, लोबिन भी मान गये, हेमंत भी वोट देंगे

# चंपई सरकार की जीत पक्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन के नेतृत्व में बनी गठबंधन की नयी सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करना है। इसके लिए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार से दो दिन के विशेष सत्र की अनुमति दे दी है। चंपई सोरेन सरकार के लिए सोमवार को सदन में बहुमत साबित करने में कठिनाई नहीं नजर आती। सत्ता का गणित सरकार के पक्ष में है। वहीं दूसरी ओर हैदराबाद में शिफ्ट किये गये सभी विधायक रविवार को रांची आ चुके हैं। वे सभी एक जगह एकजुट हैं, और सोमवार को एकसाथ ही सदन पहुंचेंगे। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को इडी कोर्ट सदन में विश्वास प्रस्ताव के दौरान रहने और वोटिंग करने की अनुमति दे दी है। इस बीच सरकार और झामुमो के खिलाफ लगातार बोलनेवाले पार्टी विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने भी सरकार के पक्ष में वोट करने की बात कही है। वैसे, एक तिहाई बहुमत के आंकड़े को आसानी के साथ पार करना है। फिलहाल सत्ता का जो गणित है, वह सरकार के पक्ष में है। ऐसे में सरकार के लिए कोई खतरा तो नहीं दिख रहा है। वैसे सदन में सरकार के पक्ष में वोटिंग के लिये गठबंधन सरकार में शामिल सभी पार्टियों ने अपने-अपने विधायकों के लिये व्हिप जारी कर दिया है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के अनुसार उनके पास 43 विधायकों का लिखित समर्थन प्राप्त है। वहीं सदन में भाजपा ने भी विश्वास मत को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी की है। (शेष पेज 11 पर)



### सात को कैबिनेट विस्तार संभव

बहुमत टेस्ट के बाद 7 फरवरी को मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद है। इसके लिए करीब करीब खाका तैयार कर लिये जाने की चर्चा है। इस पर अंतिम मुहर झामुमो प्रमुख और सांसद शिबू सोरेन के स्तर से ही लगाये जाने की बात हो रही है। इस बार के मंत्रिमंडल में नये चेहरे शामिल किए जाने की जाने की संभावना है। हेमंत सोरेन के छोटे भाई और दुमका विधायक बसंत सोरेन और भाभी विधायक सीता सोरेन भी मंत्री बनायी जा सकती हैं। चंपई सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के बाद गठबंधन दलों के 43 नेता (विधायक समेत अन्य) चार्टर प्लेन से रांची से हैदराबाद पहुंचे थे। वे वहां समीरपेट के लियोनी रिसोर्ट में ठहरे थे। इडी कोर्ट की अनुमति के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट में भाग लेने पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे कस्टडी के बीच ही विधानसभा पहुंचेगे।

### भाजपा ने साजिश कर बेटे को जेल भेजा : शिबू

रांची। आखिरकार छह दिन खामोश रहने के बाद बीमार चल रहे झामुमो प्रमुख और पूर्व सीएम शिबू सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी। पिता का दर्द छलक ही आया। अपने बेटे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने सार्वजनिक तौर पर मीडिया को बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मेरे बेटे को साजिश के तहत जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि जब-जब आदिवासी लड़ते हैं, उसे जेल भेज दिया जाता है। अब हमें एक होकर फिर लड़ना होगा। जो हमें तंग और परेशान कर रहे हैं, उनको लड़कर हराना होगा।



### गुरुजी से मिले लोबिन हेंब्रम, कहा साथ देंगे

झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने रविवार को पार्टी प्रमुख और सांसद शिबू सोरेन से उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। इसके बाद हेंब्रम ने कहा कि वह चम्पाई सोरेन सरकार के साथ हैं। सरकार को कोई खतरा नहीं है। विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट में वे पार्टी के साथ सरकार के समर्थन में वोट करेंगे।

## आदिवासी नेताओं ने कहा केंद्र सरकार आदिवासी विरोधी



**रांची के मोरहाबादी मैदान में रविवार को आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया गया। रैली में सभी नेताओं ने डिलिस्टिंग और केंद्र सरकार के खिलाफ आदिवासी नेताओं ने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को दी जाने वाली सुविधाएं खत्म करने की केंद्र सरकार साजिश रच रही है।**

## उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीएम चंपई ने दिये कई निर्देश, कहा

# अपराध मुक्त झारखंड पहली प्राथमिकता

- जेल से अपराध सख्ती से रोकें, कड़ी कार्रवाइ करें
- जेएसएससी बिल्डिंग तोड़फोड़ में एसआइटी गठित करें
- रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, टाटा एवं हजारीबाग पर विशेष नजर रखें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता अपराध मुक्त झारखंड है। श्री सोरेन रविवार को सीएम आवास में डीजीपी, मुख्यसचिव सहित आला अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की विस्तृत जानकारी रखी। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची में विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। साथ ही निर्देश दिया कि रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर एवं हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखें।

**जेल से अपराध पर सख्त नजर रखें :** सीएम ने कहा कि ऐसी भी खबरें मिल रही हैं कि जेल के भीतर से ही कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का गैंग राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों को सख्ती से रोकें। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनपर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिलों में एसपी एवं डीएसपी की पोस्टिंग शीघ्र की जाये।

**एसआइटी बनाकर जांच करायें :** बैठक में अधिकारियों बताया कि पिछले दिनों नामकुम में असामाजिक तत्वों ने जेएसएससी बिल्डिंग में तोड़फोड़ की थी। जिस पर एफआईआर दर्ज किया जा चुका है। सीएम मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआइटी गठित करने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। (शेष पेज 11 पर)



### अपराध नियंत्रण में सभी संसाधन शीघ्र खरीदें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिये वायरलेस उपकरणों के क्रय के लिए बजट उपलब्धता के लिये गृह विभाग से पत्राचार किया गया है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य सचिव एवं डीजीपी सभी जिलों के डीसी एवं एसपी के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर शीघ्र बैठक करें। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांगे, डीजीपी अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) संजय आ लाठकर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने रखी कामाख्या मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला, कहा

# पूर्ववर्ती सरकारों को देश की संस्कृति पर शर्म आती थी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी दो दिन के पूर्वोत्तर दौरे पर रविवार को असम पहुंचे। उन्होंने राज्य में 11,600 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। असम के सीएम हिमंत बिस्वा शर्मा के साथ पीएम ने एक रोड शो किया, जिसके बाद उन्होंने परियोजनाओं का अनावरण किया। कामाख्या मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला रखते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोगों को अपनी ही संस्कृति पर शर्म आती थी। पीएम मोदी ने 498 करोड़ रुपये की लागत वाले कामाख्या मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला रखी। इस कॉरिडोर को प्रधानमंत्री विकास पहल उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पीएम-डिवाइन) योजना द्वारा मंजूरी दी गयी थी। अब कामाख्या मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। पीएम मोदी का मुख्य फोकस तीर्थ स्थलों पर आने वाले लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है।

**पहले की सरकार को संस्कृति पर शर्म आती थी :** पीएम ने कहा कि देश के कई तीर्थ स्थलों का दौरा करने के बाद अब वह मां कामाख्या की पवित्र भूमि पर आये हैं। मां कामाख्या के आशीर्वाद से आज फिर मुझे असम के लोगों को ये परियोजनाएं पेश करने का सौभाग्य मिला है। ये परियोजनाएं असम सहित उत्तर पूर्व की दक्षिण पूर्व एशिया से कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगी. पीएम ने कहा, पर्यटन क्षेत्र का विकास होगा और रोजगार पैदा होंगे। (शेष पेज 11 पर)



# एचइसीकर्मियों का दुख-दर्द सुनेंगे राहुल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पांच फरवरी को रांची में आयोजित की जायेग्उनकी यात्रा और सभा को लेकर एचईसी एरिया स्थित शहीद मैदान में तैयारी की गयी है। राहुल गांधी की रांची यात्रा को लेकर एचईसी के मजदूर नेता और कारखाना में काम करने वाले कामगार भी उम्मीद लगाये बैठे हैं. मजदूरों को यह उम्मीद है कि संसद भवन में विपक्ष की भूमिका निभा रही कांग्रेस एचईसी के उत्थान के लिए आवाज उठेगी। मजदूरों को भरोसा है कि राहुल गांधी उनकी समस्या को सुनेंगे और संसद में मजदूरों की आवाज बनेंगे। इसे लेकर एचईसी के मजदूरों ने राहुल गांधी से अपना दर्द साझा करने का मन बनाया है। एचईसी नेताओं ने बताया कि हजारों की संख्या में सभी मजदूर एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में शहीद मैदान पहुंचेंगे। एचईसी को बचाने के लिए कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के माध्यम से राहुल गांधी तक अपनी आवाज पहुंचाने का काम करेंगे। एचईसी का निर्माण कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के प्रयास से हुआ था, इसलिए कांग्रेस के नेताओं को एचईसी के बर्बाद होने का दर्द है। एचईसी मजदूर यूनियन के नेताओं ने बताया कि स्थानीय कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय के माध्यम से राहुल गांधी को एक पत्र भी सौंपा जायेगा। पत्र में एचईसी के मजदूरों के दर्द के बारे में जानकारी दी दी जायेगी। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि सबसे ज्यादा अन्याय यदि पूरे देश में कहीं हुआ है तो एचईसी के मजदूरों के साथ हुआ है। इसलिए एचईसी के बगल के शहीद मैदान को न्याय यात्रा के लिए मुकम्मल जगह माना जा रहा है।

**राहुल रामगढ़ में गुजारेंगे रात, पहुंचे सेफ हाउस :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी रविवार की रात रामगढ़ में गुजारेंगे। बोकारो से चलकर उनका काफिला गोला में रुका। यहां जनसभा को संबोधित करने के बाद वे आम नागरिकों से मिलते हुए सीधे रामगढ़ पहुंचे। (शेष पेज 11 पर)



## गैर भाजपा शासित हर राज्य को केंद्र सरकार अस्थिर करना चाहती है : कपिल सिब्बल

# हेमंत पर अब कई और केस लादने की जतायी आशंका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर उस राज्य की सरकार को अस्थिर करने का काम कर रही हैं, जहां सीएम विपक्षी नेता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट को यह स्पष्ट करना चाहिए कि कौन से मामले उसके पास आने चाहिए और कौन से नहीं। उन्होंने आशंका जतायी कि केंद्र के इशारे पर अब हिरासत में रहते हुए हेमंत सोरेन पर कई और मामले लाद दिये जायेंगे। वे सभी मामले बनाये गये हैं। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि हेमंत सोरेन जल्द जेल से बाहर न आ सकें और लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकें। हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति से भाजपा को फायदा होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि अब इडी उनके मुवक्किल हेमंत के खिलाफ सबूत 'बनायेगी'। झारखंड राजस्व विभाग के एक उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की गिरफ्तारी उसी दिशा में एक कदम है। भानु प्रताप को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। सिब्बल ने कहा कि इडी 5 फरवरी को भानु प्रताप को रिमांड पर लेगी और फिर उनसे हेमंत सोरेन के खिलाफ बयान दिलवायेगी। भानु प्रताप पहले से ही अपराधी हैं, लेकिन इडी उनसे हेमंत के खिलाफ पुष्टि करायेगी। सिब्बल ने कहा कि हेमंत सोरेन तो भानु प्रताप प्रसाद को जानते तक नहीं हैं, जबकि ईडी ने कहा कि भानु प्रताप के फोन चैट से संकेत मिलता है कि हेमंत सोरेन को भूमि अधिग्रहण से अवैध लाभ मिला। इडी ने कहा कि भानु प्रताप ने जमीन के कुछ टुकड़ों का सत्यापन किया जो अवैध रूप से हेमंत सोरेन द्वारा अधिग्रहित किये गये थे।

सुप्रीम कोर्ट में सोरेन का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील ने कहा कि वे (केंद्र) भानु प्रताप को पहले ही गिरफ्तार कर सकते थे, लेकिन एक साजिश के तहत ऐसा नहीं किया गया। गौरतलब है कि भानु प्रताप प्रसाद पहले से ही एक अलग जमीन घोटाले में जेल में थे लेकिन अब इडी ने उन्हें कथित तौर पर हेमंत सोरेन मामले में गिरफ्तार कर लिया है। झारखंड की राजनीति में तब उथल-पुथल मच गयी थी जब घंटों पूछताछ के बाद इडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले कि इडी उन्हें हिरासत में लेती, उन्होंने इस्तीफा दे दिया और अगले सीएम के रूप में चंपई सोरेन के नाम की घोषणा कर दी गयी थी।





# बिहार के सभी कांग्रेसी विधायक हैदराबाद शिफ्ट

### 11 को लौटेंगे, 12 को नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के निमंत्रण पर दिल्ली गये बिहार के कांग्रेसी विधायकों को पार्टी ने हैदराबाद भेज दिया है। बताया जाता है कि कांग्रेस को अपने विधायकों के टूटने का डर सता रहा है। लिहाजा उन्हें हैदराबाद में रखने का फैसला लिया गया है।

12 फरवरी को नीतीश सरकार का फ्लोर टेस्ट है। ऐसे में कांग्रेस ने विधायकों को 11 फरवरी तक बिहार से बाहर रखने का फैसला किया है। बिहार के कांग्रेसी विधायकों को उसी रिसोर्ट में रखा जायेगा, जहां झारखंड के विधायकों को रखा गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने भी इसकी पुष्टि की है। अखिलेश सिंह ने कहा है कि हमारे 16 विधायक हैदराबाद पहुंच रहे हैं। पार्टी के बाकी तीन विधायक भी जल्द ही हैदराबाद पहुंचेंगे। बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं, लेकिन फिलहाल 16 को ही हैदराबाद के रिसोर्ट में भेजा गया है। ये सभी बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली गये थे। वहां से हैदराबाद भेज दिये गये। 11 फरवरी तक बिहार से बाहर रखे जायेंगे।

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो आदिवासियों को वनवासी कहने पर होगी सजा : शिवाजी राव मोहले

मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता महारैली का आयोजन

## आदिवासी नेताओं ने केंद्र सरकार को बताया आदिवासी विरोधी

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा 24 दिसंबर को आयोजित डीलिस्टिंग रैली के जवाब में रविवार विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कई आदिवासी संगठनों के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष शिवाजी राव मोहले भी शामिल हुए और कहा कि आरएसएस और बीजेपी द्वारा धर्म बदलने वाले आदिवासियों को दी जाने वाली सुविधाएं खत्म करने की घिनौनी साजिश रची जा रही है, इसलिए सभी आदिवासियों को इसके खिलाफ एकजुट रहना होगा। शिवाजी राव मोहले ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए वन अधिकार कानून को आज कमजोर किया जा रहा है। केंद्र में हमारी सरकार बनी तो आदिवासियों को वनवासी कहने पर सजा देने का कानून बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन को सिर्फ इसलिए परेशान किया जा रहा है क्योंकि वह आदिवासी हैं। पूरे देश में 16 करोड़ आदिवासी हैं जिनके अधिकारों का हनन हो रहा है। दिल्ली में राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनेगी तो आदिवासियों का राज होगा।

**केंद्र सरकार आदिवासी विरोधी :** पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी विरोधी है। ये इसका ताजा उदाहरण है, हेमंत सोरेन को परेशान करना। उन्होंने कहा कि मणिपुर जैसी घटना हुई लेकिन प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के लिए एक शब्द भी नहीं कहा। उन्होंने मणिपुर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मणिपुर जैसी घटना झारखंड में भी हो सकती है। इसलिए हम सभी आदिवासियों को एकजुट रहना होगा। 2024 के लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों को हराना होगा।

**आदिवासियों के सुरक्षा कवच कमजोर कर रही है केंद्र सरकार :** आदिवासी एकता महारैली की अध्यक्षता कर रहे लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार देश में आदिवासियों के तमाम मुद्दों और संविधान द्वारा आदिवासियों को मिले सुरक्षा कवच को कमजोर कर रही है। भाजपा सरकार जल, जंगल, जमीन, समाज और अखाड़ा को खत्म करना चाहती है, जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। हम किसी से भीख नहीं मांग रहे हैं, पेसा कानून,वनाधिकार सहित जो कुछ कानून में लिखा है वह आदिवासियों को दे दो। भाजपा के 12 सांसद सरना धर्म कोड की मांग क्यों नहीं करते?

### आपस में लड़ेंगे तो मुखिया भी नहीं बन पायेंगे : बंधु तिर्की

बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी 32 प्रकार के होते हैं। अगर हम सब आपस में लड़ेंगे तो मुखिया भी नहीं बन पाएंगे। इसलिए हम सभी को मिलजुल कर रहना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार और यूपी से आये लोग अपने आप को बहुत होशियार समझते हैं लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि आदिवासियों में हम भी पढ़े-लिखे लोग हैं, हमने इस तरह का पूरा दस्तावेज बना लिया है, अब हम दिकू को पढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि आपस में झगड़ा कराकर छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने वाली भाजपा ने जैसे ही सरकार बनी जंगलों को पूंजीपतियों को दे दिया। जब हमारे मुख्यमंत्री ने आदिवासियों की बात की तो उन्हें ईडी में फंसा कर जेल भेज दिया गया।

बीजेपी और आरएसएस जमीन हड़पने की कर रही साजिश

**बंधु तिर्की ने कहा कि आरएसएस और बीजेपी हमारी जमीन :** ड़पने की साजिश कर रहे हैं। समान नागरिक संहिता एक साजिश है, इसके लागू होने से हमारा सब कुछ नष्ट हो जाएगा। हम आदिवासी ऐसा कभी नहीं होने देंगे। आज अंग्रेज चमचा पेंशन लेता है तो हमें ज्ञान देता है। आज चुनौती बहुत बड़ी है, संविधान के साथ खिलवाड़ हो रहा है, आज अन्याय हो रहा है, इसीलिए राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है। वह कहते फिर रहे हैं कि आदिवासी विश्व के मालिक हैं। पहले हम आदिवासी हैं, फिर सरना, ईसाई या कुछ और हमें सरना धर्म कोड देना होगा। उन्होंने कहा कि आज से यह आंदोलन गांव-गांव तक जायेगा और आदिवासी समाज अपने बच्चों को शिक्षित बनाये और युवा शराब पीना बंद करें।

# झारखंड में एक दिन खुद कांग्रेस की सरकार होगी

## अभी तो हमलोग गठबंधन में शामिल हैं : जयराम रमेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, बोकारो।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि अभी तो कांग्रेस गठबंधन में है, पर एक दिन झारखंड में पार्टी अपने दम पर ही सरकार बनायेगी। वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बोकारो में मीडिया से बात कर रहे थे। झारखंड की बदलती राजनीति के उन्होंने कहा, एक दिन आयेगा जब कांग्रेस यहां अपने दम पर सरकार बनायेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि '2024 में लोकसभा चुनाव के आइएनडीआए गठबंधन की स्थापना की गयी है। जिसमें कुछ दिन पहले तक 28 पार्टियां थी और अब एक पार्टी पलटी मारकर एनडीए में चली गयी है। अब इंडिया गठबंधन में 27 पार्टियां हैं। झारखंड विधानसभा में हम गठबंधन सरकार में हैं लेकिन एक दिन, कांग्रेस अपनी ताकत से झारखंड में स्वतंत्र सरकार बनायेगी। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के साथ वह भी रविवार को बोकारो पहुंचे हैं। जयराम रमेश ने इस यात्रा के बारे में जानकारी देने के लिए मीडिया से बात कर रहे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयराम रमेश के अलावा कन्हैया कुमार, आलमगीर आलम, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और अन्य लोग मौजूद थे। फिलहाल कांग्रेस झारखंड में सत्तारूढ़ दल का हिस्सा है। वर्तमान में गठबंधन में झामुमो के 29 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के 17, राजद और लेफ्ट के एक-एक विधायक हैं।

कुल मिलाकर गठबंधन के बाद 47 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद चंपई सोरेन ने सीएम पद की शपथ ली है। चंपई सोरेन 5 फरवरी को सदन में विश्वास मत हासिल करेंगे।

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र को ले सुरक्षा की खास तैयारी

# विशेष सत्र की तैयारी पूरी : डीजीपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर रांची पुलिस के द्वारा सुरक्षा की विशेष तैयारियां की गई हैं। रविवार की दोपहर मुख्य सचिव और डीजीपी ने झारखंड मंत्रालय में रांची डीसी, एसपी सहित सभी विभागों के सचिवों के साथ बैठक कर विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर कई निर्देश जारी किए। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर बैठक आहूत की गई थी। बैठक में सभी विभागों के सचिव के साथ-साथ रांची डीसी और एसएसपी भी शामिल थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव के द्वारा विधानसभा के विशेष सत्र को बेहतर तरीके से संपन्न करवाने को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। भवन निर्माण विभाग, बीएसएनल, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के सचिव को विधानसभा सत्र के दौरान सभी तरह के संसाधनों का व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कोई निर्देश दिया गया है कि वह सीसीटीवी सहित तमाम संसाधनों का अवलोकन पूरा कर लें। बीएसएनएल अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि संचार के सभी सुविधाओं को दुरुस्त कर लें ताकि कहीं से कोई दिक्कत सामने ना आए।

**1000 जवानों की तैनाती :** सोमवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि विशेष सत्र की सुरक्षा के लिए 1000 जवान और अधिकारियों को तैनात किया गया है। बिना प्रॉपर चेकिंग के कोई भी विधानसभा के अंदर नहीं जा पाएगा। सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वह बिना पास के किसी को भी अंदर ना जाने दें।

### डीसी-एसएसपी ने विधानसभा का लिया सुरक्षा जायजा

विधानसभा सत्र सोमवार से शुरू है। रविवार को डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने विधानसभा की सुरक्षा का जायजा लिया। पंचम झारखण्ड विधान सभा का चतुर्दश (विशेष) सत्र के विधान सभा भवन में 05.02.2024 एवं 06.02.2024 को पंचम झारखण्ड विधान सभा का चतुर्दश (विशेष) सत्र अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची, राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन कुमार सिन्हा का संयुक्तादेश दिया गया। इस सत्र के दौरान इस क्षेत्र में विभिन्न राजनैतिक दलों, श्रम/सेवा/विभिन्न संगठनों द्वारा घेराव/धरना प्रदर्शन, छात्र संगठन द्वारा अन्य मुद्दों को लेकर जुलूस निकालने तथा प्रदर्शन करने एवं विधान सभा का घेराव आदि की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को दोनों अधिकारियों ने निर्देश दिया है। विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में दिनांक 05.02.2024 से 06.02.2024 तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसके तहत उक्त क्षेत्र में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रर्दशन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेगें। अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर, राँची इससे संबंधित निरोधात्मक आदेश निर्गत करेंगे तथा इसका व्यापक प्रचार करायेंगे। संबंधित थाना प्रभारी इसके उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई करेंगे।

# युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने और इसे सवारने की क्षमता है : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य की राजनीति में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने और इसे सवारने की क्षमता है। बस जरूरत हैं इन्हें सार्वजनिक मंच प्रदान करने का। आजसू पार्टी जनता की सेवा करने और युवाओं को राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक सशक्त मंच है। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने उनके कांके स्थित आवसीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कही। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू नायक के नेतृत्व में रांची के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की। मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीति में युवाओं का आगमन राज्य की उन्नति के लिए शुभ संकेत है। आजसू पार्टी में युवा जोश और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का अनुकूल समावेश है। राज्य सरकार ने युवाओं को नियुक्ति के नाम पर ठगा है। राज्य के युवा सत्ता बदलाव के लिए आतुर हैं। युवा शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की जिम्मेदारी है हमारी है। इसके लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। युवाओं के हक और अधिकार की लड़ाई हमनें लड़ी है और आगे भी लड़ेंगे। इन्होंने ली सदयस्ता : संदीप राम, अजीत महली, दीपक गोप, रमेश कुमार साहू, सुनील साहू, ऋतिक महली, निखिल राम, रवि महतो, कर्मा राम, राजेश लोहरा, शिवा साहू, बबलू राम, विशाल बराईक समेत कई युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, महिला जिला अध्यक्ष बीना देवी तथा डॉ. सुधीर यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# एक आइएएस अधिकारी बदले तीन को मिला अतिरिक्त प्रभार

## जेल आइजी बनाये गये सीआइडी के डीजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों को अपने कार्यों के साथ अतिरिक्त प्रभार दिया है। वहीं एक अधिकारी का ट्रांसफर किया गया है। प्रभारी सचिव अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग रांची के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ पर प्रभारी सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग रांची और प्रभारी सचिव उत्पाद विभाग रांची तथा प्रबंध निदेशक जुडको का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

**किसका ट्रांसफर और किसे मिला अतिरिक्त प्रभार :** सीआईडी आईजी के पद पर पदस्थापित सुदर्शन प्रसाद मंडल को जेल आईजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आईएएस अरवा राजकमल को अपने कार्यों के साथ प्रभारी सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, प्रभारी सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग और प्रबंध निदेशक जुडको का भी अतिरिक्त दिया गया है। प्रबंध निदेशक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार जियाडा के पद पर पद स्थापित शशि रंजन को अपने कार्यों के साथ निदेशक खान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निदेशक खेलकूद सुशांत गौरव को अपने कार्यों के साथ निदेशक उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, निदेशक उद्योग भोर सिंह यादव को स्थानांतरित करते हुए निदेशक भू अर्जन, भू अभिलेख एवं परिमाप झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

# स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ संतोष कुमार सोनी के द्वारा 4 अगस्त 2023 को हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। वरीष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार (भूतपूर्व एडवोकेट जनरल) ने माननीय हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच को अवगत कराया कि स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना में अब तक 6.5 हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार ने मार्च 2020 में इस योजना पर काम बंद करने का आदेश दिया है। सरकार की ओर से जारी उक्त आदेश बिल्कुल अनुचित और गैरवाजिब है। यदि परियोजना को पुनः आरंभ निर्णय जल्द ही नहीं लिया गया, तो सरकार को दोगुनी राशि केंद्र सरकार को दंड के तौर पर देनी होगी। ऐसे में वर्तमान सरकार की ओर से अचानक इस परियोजना का काम बंद करने का कोई औचित्य नहीं है। जानकारी हो कि वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा एवं पश्रिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था। इस डैम के बनने से राज्य में लाखों लोगों के रोजगार का निर्माण होना था। झारखंड राज्य एवं उसके पड़ोसी राज्यों में कृषि हेतु सिंचित जमीन का निर्माण एवं पर्यटन की दृष्टि से राज्य का विकास होना था, लेकिन वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण के बंद कर दिया। जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नया जगह भी बन चुका है। गौरतलब है कि इस जनहित याचिका को 4 फरवरी को झारखंड उच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। कार्यवाही में डिवीजन बेंच ने झारखंड राज्य सरकार (प्रतिवादी क्रमांक 1) और जल विभाग (प्रतिवादी क्रमांक 2) के प्रतिनिधियों को अदालत की सहायता के लिए दस्तावेजों के साथ अगली तारीख पर पीठ के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। बेंच ने मामले में अपने रुख के संबंध में दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (प्रतिवादी क्रमांक 6) के अधिवक्ता एडवोकेट अभिषेक यादव से भी सवाल पूछे, यह परियोजना एवं डैम के कार्य को किस प्रकार बाधित किया। इन प्रश्नों का विधिवत उत्तर दिया गया और विस्तारपूर्वक यह न्यायालय को अवगत करवाया गया की जल विभाग ने किस प्रकार सिर्फ एक पत्र द्वारा सारे काम पर बिना कारण बताए रोक लगा दी और पिछले तीन सालों से न तो रोक हटाई और न ही उस रोक पर प्रश्न करने पर कोई जवाब दिया।इसके बाद राज्य सरकार और जल विभाग एवं अन्य उत्तरदाताओं के प्रॉक्सी वकील ने निर्देश लेने के लिए अधिक समय देने का अनुरोध किया। जिस पर न्यायालय ने राज्य सरकार और जल संवर्धन विभाग के अधिकारियों को व्यक्तिगत उपस्थिति में हाजिर हो कर सभी दस्तावेजों सहित यह कारण बताने को आदेशित किया की खरकाई डैम के निर्माण कार्य को क्यों बाधित किया गया और प्रदेश की जनता, उनका रोजगार, किसानों के पानी, प्रदेश के पर्यटन और उससे जुड़ी रोजी रोटी समेत, सभी हितधारको के भविष्य को क्यों बाधित रखा गया। इस जन हित याचिका की अगली सुनवाई की तारीख 6 मार्च 2024 को दी गई हैं।

## खबर एक नजर में

### हेमंत सोरेन की ओर से गिरफ्तारी और रिमांड को दी गयी चुनौती, सुनवाई आज

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर दायर याचिका की सुनवाई सोमवार को हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में होनी है। इसे लेकर हेमंत सोरेन की ओर से हाईकोर्ट में एक हस्तक्षेप याचिका (आईए) दायर कर उनकी गिरफ्तारी एवं पुलिस रिमांड को चुनौती दी गई है। दायर आईए में कहा गया है कि उनके खिलाफ कोई केस नहीं बनता है। राजनीतिक विद्वेष के कारण उनकी गिरफ्तारी की गई है, ऐसे में उनके गिरफ्तारी गलत है। हेमंत सोरेन की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उन्हें 5 दिनों की दी गई ईडी रिमांड को भी इस आईए के माध्यम से चुनौती दी गई है। दरअसल, इससे पहले हेमंत सोरेन की दायर क्रिमिनल रिट में गिरफ्तारी के पूर्व ईडी द्वारा उन्हें भेजे गए समन को चुनौती दी गई थी। यहां बता दें कि मामले में 1 फरवरी को सुनवाई में हेमंत सोरेन की ओर से बदली हुई परिस्थिति में आईए दाखिल करने के लिए दोपहर 12:00 बजे का समय कोर्ट से मांगा गया था लेकिन कोर्ट ने समय देने से इनकार कर दिया था। उसके बाद दोपहर 2:15 बजे हेमंत सोरेन की ओर से इसे दायर कर सुप्रीम कोर्ट में इसी से संबंधित केस की सुनवाई निर्धारित किए जाने का हवाला देते हुए हाई कोर्ट में दायर इस क्रिमिनल केस को वापस लेने का आग्रह किया गया था। लेकिन ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया एसवी राजू ने दिल्ली से मामले में ऑनलाइन हिस्सा लेते हुए कोर्ट से हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी का जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था, जिस पर सुनवाई की तिथि 5 फरवरी को सुबह 10:30 बजे निर्धारित की गई है।

### भाजपा ही करती है कार्यकर्ताओं का सम्मान : सिंह

**रांची।** रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष वरूण साहू का अभिनंदन किया गया। यह समारोह रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में बिरसा चौक पर किया गया। इसके बाद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस बीच पार्टी कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे लगाये। दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों को पुष्पगुच्छ, फूलों की माला, अंगवस्त्र, पगड़ी और तलवार भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। मौके पर शशांक राज ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनाना है तो इसमें सबसे महत्वपूर्ण भुमिका युवाओं की होगी। युवाओं के अंदर ऊर्जा होती है। राज्य में चल रहीं निक्कामी युवा विरोधी सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकने में युवा मोर्चा महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। मौके पर वरूण साहू ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचारी, ठगबंधन की, लुटेरों की, युवा विरोधी, किसान विरोधी, गरीब विरोधी सरकार चल रही है। मौके पर मुख्यरूप से केके गुप्ता, संजय महतो, रंजीत नाथ साहदेव, सचिन साहू, प्रिंस कुमार, सुमित सिंह, साहिल कुमार, अंकित सिंह, अमित साहु, धर्मवीर सिंह, सतीश सिंह, तुषार आरव, अक्षय पल्लव, तरुण दास, रुद्र प्रताप रौशन, विकाश कुमार, सूरज साहू, मनोज तिर्की, विकाश साहु, सुमित साहू, जयमसीह तिग्गा, सुजीत शर्मा, राहुल दुबे, पुरषोत्तम राय सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल थे।

### जेएसएससी के पीजीटी सहित सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं को रद्द करने की मांग

**रांची।** राज्य में जेएसएससी द्वारा आयोजित होनेवाले प्रतियोगिता परीक्षाओं में धांधली को लेकर मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन के अध्यक्ष शाहबाज हुसैन ने पीजीटी सहित सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं को रद्द करने की मांग उठाई है। ज्ञात हो की 28 जनवरी को अयोजित जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद जेएसएससी के विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लग चुका है। ऐसे में पूर्व हुए जेएसएससी के स्नातकोत्तर और प्रयोगशाला सहायक परीक्षा पर भी सवाल उठाए जा रहे है। शाहबाज हुसैन कहा है कि स्नातकोत्तर शिक्षक भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा का जेएसएससी द्वारा जारी उत्तरकुंजी में काफी गड़बड़ी हुई ,साथ ही जंबलिंग पर भी गड़बड़ी है। इसलिए इस परीक्षा को रद्द करके फिर से स्नातकोत्तर परीक्षा का सफलतापूर्वक और धांधली रहित आयोजन किया जाए।

### कल से शुरू होगी स्टेट बोर्ड की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा

**रांची।** झारखंड बोर्ड (स्टेट बोर्ड) की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 6 फरवरी से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में राज्यभर के 7,66,520 छात्रों ने फॉर्म भरा है। परीक्षार्थियों के लिए राज्य के सभी 24 जिलों में 1978 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जैक से मिली जानकारी के अनुसार मैट्रिक में 4,21,678 और इंटर में 3,44,842 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। राज्य भर में मैट्रिक के लिए 1,238 और इंटर के लिए 740 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड संबंधित स्कूल और कॉलेजों में दिया जा रहा है।

**26 फरवरी तक चलेगी यह परीक्षा :** स्टेट बोर्ड की यह परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। इस वर्ष आयोजित होने वाली मैट्रिक व इंटर की परीक्षा ओएमआर शीट में नहीं ली जाएगी। पहले के तरह परीक्षा तीन घंटे की होगी। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा, पहले पाली में 9:45 से 1 बजे तक मैट्रिक की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली में 2 से 5:20 बजे तक इंटर की परीक्षा होगी। रांची जिला में लगभग 70000 छात्रों के लिए 157 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। रांची में मैट्रिक में लगभग 40000 और इंटर में 30000 छात्र, जिसमें मैट्रिक के लिए 100 और इंटर के लिए 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो, इसके लिए जरूरी सभी सुविधाएं सेंटर पर उपलब्ध करायी जाएगी।

# जीवन में सुखी होना है तो मनुष्य अपनी आत्मा को परमात्मा से जोड़े : बाबा परमजीत सिंह महाराज

## एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में परमसंत बाबा परमजीत सिंह महाराज ने सत्संग फरमाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में राधा स्वामी सत्संग (तरण तारण) पंजाब, के परमसंत बाबा परमजीत सिंह जी महाराज ने सत्संग फरमाया। बाबा जी ने गुरुग्रंथ साहब से पंचम पातशाही श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज की बाणी की व्याख्या की। आपने फरमाया कि आत्मा परमात्मा की अंश है और परमात्मा से बिछड़ी हुई है। इसीलिए दुखी हैं। परमात्मा से ये तभी मिल सकती है यदि इसे कोई पूर्ण सद्गुरु मिले और परमात्मा से मिलने की राह बताएं। इसके लिए हमें गुरु पर पूर्ण विश्वास होना चाहिए, उनसे प्रेम होना चाहिए।


सत्संग को संबोधित करते बाबा परमजीत सिंह महाराज।

उन्होंने कहा कि बिना प्रेम और विश्वास के हम सतगुरु का प्यार नहीं पा सकते हैं और जब तक सतगुरु दया नहीं करेंगे, नाम दान के बक्शीश नहीं करेंगे और उनके द्वारा बताये गए विधि से हम उस नाम का जाप नहीं करेंगे, तब तक हम परमात्मा से मिलने के काबिल नहीं बन सकते हैं। क्योंकि हमारे अंदर बहुत से विकार भरे पड़े हैं, जिसमे काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार मुख्य हैं। ये विकार तभी दूर होगें जब हम संत सद्गुरु से दीक्षा लेकर उनके बताए हुए तरीका के अनुसार भजन और सिमरण करेंगें। महाराज जी ने विशेष रूप से प्रेम पर बहुत ही जोर दिया। सतसंग में 10,000 से अधिक संख्या में श्रद्धालु जमा हुए थे। सबने सतसंग से लाभ उठाया। सत्संग के उपरांत प्रसाद वितरण का एवं लंगर का कार्यक्रम हुआ तथा महाराज जी ने दर्शन दिए। उसके बाद गुरु के लंगर की व्यवस्था की गई थी जिसका सभी श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। सत्संग की सारी व्यवस्था श्री विक्रम शर्मा जी के द्वारा की गई थी जिसमे जमशेदपुर के सेवादारों का भी बहुत योगदान रहा।

## मशीनरी एंड इंजीनियरिंग एक्सपो 2024 का हुआ समापन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर स्थित इंडोमैक बिजनेस सौल्युशन्स द्वारा आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर एवं एसिया के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय (2 से 4 फरवरी) बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इंडोमैक जमशेदपुर) का समापन आज सफलता पूर्वक हो गया। उक्त एक्सपो में उद्योगपतियों, खुदरा औद्योगिक व्यवसायी एवं अन्य ग्राहकों को काफी अच्छा रिस्पाँस मिला है। एक्सपो के निर्देशकों ने उक्त आयोजन का सफलता पूर्वक आयोजन के लिय आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के श्री एस एन ठाकुर एवं उनकी टीम तथा एशिया के अध्यछ श्री इंदर अग्रवाल एवं उनकी टीम को सफलता का श्रेय देते हुए उन्होंने कहा की एक्सपो में 19,000 से अधिक विजिटरों ने यहाँ आकर नये नये तकनिकों से अवगत हुए। कुल मिलाकर 550 करोड़ से अधिक का व्यवसाय एवं बुकिंग हुआ। वर्त्तमान एक्सपो के आयोजन मे जो भी कुछ खामियान रह गयी उसे अगले वर्ष और भी बेहतर तरीके से आयोजित किया जायेगा।

# टाटा वर्कर्स यूनियन चुनाव : टुन्नू चौधरी दुबारा अध्यक्ष बने, सतीश सिंह महासचिव

## टीम से एकमात्र सरोज सिंह ऑफिस बियरर का चुनाव हारे, अन्य जीते

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की मान्यता प्राप्त टाटा वर्कर्स यूनियन के चुनाव में लगातार दूसरी बार टीम संजीव चौधरी (टुन्नू) ने एक तरफ जीत हासिल की है। संजीव चौधरी निर्विरोध अगले 3 वर्ष के लिए अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। उनके साथ टीम के अन्य लोग भी चुनाव जीत गए हैं। एकमात्र टीम टुन्नू के जिला प्रभारी डॉ जीतू चरण राम एवं सांसद विद्युत वरण महतो हुए शामिल सहायक सचिव सरोज सिंह चुनाव हारे हैं,वह ट्यूब डिवीजन से कमेटी मेंबर का चुनाव जीते थे किंतु इस बार ऑफिस भी नहीं बन पाए पिछली कमेटी के कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह अपने ही विभाग से चुनाव हार गए



अध्यक्ष टुन्नू चौधरी और डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह को कंधे पर उठा कर जोश का प्रदर्शन करते समर्थक कर्मचारी, चुनाव जीतने के बाद पूर्व अध्यक्ष वीजी गोपाल की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते संजीव चौधरी, शैलेश और महासचिव सतीश सिंह।

हैं और अब वह कमेटी मेंबर भी नहीं रहे। महामंत्री पद पर फिर से सतीश सिंह और डिप्टी प्रेसिडेंट के पद पर फिर से शैलेश कुमार सिंह चुनाव जीते हैं। उपाध्यक्ष के पद पर फिर से शहनवाज आलम, संजय सिंह और संजय तिवारी चुनाव जीते हैं। चुंकि पिछले उपाध्यक्ष शत्रुघ्न राय रिटायर हो गए हैं तो वह चुनाव नहीं लड़े उनकी जगह पर राजीव चौधरी उपाध्यक्ष के पद पर चुनाव जीत गए हैं। राजीव चौधरी एसएनटीआई से कमेटी मेंबर है। सहायक सचिव के पद पर लगातार तीसरी बार नितेश राज चुनाव जीत गए हैं । अजय चौधरी फिर से सहायक सचिव बने हैं । श्याम बाबू पहली बार सहायक सचिव चुने गए हैं जो एनएस ग्रेड से आते हैं। कोषाध्यक्ष के पद पर आमोद दुबे ने चुनाव जीता है । महामंत्री के पद पर सतीश सिंह के खिलाफ आरसी जाने नामांकन कर दिया था इसमें सतीश सिंह लगातार तीसरी बार महामंत्री चुन लिए गए। इसी तरह डिप्टी प्रेसिडेंट के पद पर शैलेश सिंह के अलावा अरविंद पांडे और राकेश कुमार ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें शैलेश सिंह दूसरी बार डिप्टी प्रेसिडेंट के पद पर चुनाव जीते हैं कोषाध्यक्ष के पद पर आमोद दुबे चुनाव जीत गए हैं उनके खिलाफ संतोष कुमार सिंह सूरज कुमार और ओमप्रकाश बम बम ने भी नामांकन दाखिल किया था अंतत आमोद दुबे को जीत मिली है।

## प्रीत सिंह को चिन्मय गौरव पुरस्कार अयान और पद्मिनी सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्रा

### विद्या भारती चिन्मया विद्यालय ने 10वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय विद्यालय,टेल्को के परिसर में शनिवार, 3 फरवरी को उत्कृष्टता की ओर विद्यार्थियों की सतत यात्रा की प्रशंसा व शुभेच्छा हेतु दसवीं कक्षा का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों में दृढ़निश्चय, धैर्य, एकाग्रता, श्रमशीलता, विश्वास व मनोबल का विकास हो, इस उद्देश्य से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री जीवराज सिंह संधू, महाप्रबंधक, ईआरसीजे, सीवी इंजीनियरिंग तथा सम्मानित अतिथि के रूप में श्री विष्णु चंद्र दीक्षित, सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति , उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानदीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना नृत्य के साथ हुआ। इसके इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा मुख्य भाषण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तत्कालीन परिणामों की जगह दूरदर्शी बनने तथा अपने कर्तव्यों,मूल्यों एवं आदर्शों का आजीवन स्मरण व पालन करने की सलाह व शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात योग्य विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विषय टॉपर्स में अंबरीश नाथ को अंग्रेजी के लिए, जाह्नवी द्विवेदी को हिंदी, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के लिए तथा रिद्धिवमान गायेन को अंकशास्त्र के लिए पुरस्कृत किया गया।

प्रीत सिंह को चिन्मय गौरव पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ छात्र अयान अहमद एवं सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार पद्मिनी साहू को मिला। अश्मित घोष और रिद्धि श्रीवास्तव को विशिष्टता पुरस्कार । आदित्य कुमार एवं अंजली कुमारी को नेतृत्व पुरस्कार, मोहित शर्मा को सर्वश्रेष्ठ गायक एवं बी कल्याणी को सर्वश्रेष्ठ नृत्यांगना का पुरस्कार मिला। वहीं कार्तिक कुमार एवं अंतिमा कुमारी सर्वश्रेष्ठ कलाकार के लिए पुरस्कृत किए गए।

## मजदूरों के हक की लड़ाई जीतेंगे दिलाकर रहेंगे अधिकार : अरविंद सिंह


वनभोज में एकता दिखाते पूर्व विधायक अरविंद सिंह व अन्य नेतागण।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ईचागढ़ के पूर्व विधायक सह कोल्हान मजदूर यूनियन के संयोजक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने जयप्रकाश उद्यान में आयोजित वनभोज समारोह में मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों की हक की लड़ाई जितेंगे और उन्हें अधिकार दिलाकर रहेंगे। इसके लिए सिर्फ मजदूरों का सहयोग चाहिए. मजदूर हाथ बढ़ाए और भरोसा रखें। वनभोज समारोह में अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कोल्हान मजदूर यूनियन के संयोजक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने समारोह में कहा कि 15 से 20 लाख मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है। मजदूरों को सरकार से मिलनेवाली सरकारी सुविधाएं भी मयस्सर नहीं है। बावजूद इस बारे में किसी तरह की प्रतिक्रिया नेताओं की नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि कोल्हान में अबतक कई कंपनियां एक-एक कर बंद हो गई हैं। इसमें कांड्रा का ग्लास फैक्ट्री, तार कंपनी, केबुल कंपनी, अभिजीत स्टील कंपनी समेत कई कंपनियां बंद हो चुकी है। इसको लेकर किसी तरह की आवाज नहीं उठ रही है। किसी तरह की प्रतिक्रिया भी नहीं आ रही है। एक उदाहरण देते हुए ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि बंगलुरू में 176 मजदूरों ने आत्महत्या कर ली है।


## स्वदेशी जागरण मंच का हुडको थीम पार्क में स्वदेशी संकल्पित परिवार सम्मेलन

### सम्मेलन में 280 परिवार सम्मिलित हुए

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच ने हुडको थीम पार्क में स्वदेशी संकल्पित परिवार सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्वी जमशेदपुर के लोकप्रिय विधायक सरयू राय रहे। इस अवसर पर सरयू राय ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि मंच की जब स्थापना हुई, उस समय के प्रचारकों ने देश को विदेशी ताकतों से सावधान किया था, परंतु उस समय के सरकार ने इसकी अनदेखी की और देशवासी भी विदेशी कंपनियों के भ्रामक प्रचार से प्रेरित हो उनका उपभोग प्रारम्भ कर दिया। नतीजा ये हुआ कि देश बेरोजगारी, एकल परिवार, आर्थिक तंगी, बच्चों में कुसंस्कार, गांव से पलायन, बुरा स्वास्थ्य, पर्यावरण हनन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझने लगा। लेकिन स्वदेशी कार्यकर्ता गण लगातार 30 वर्षों से आर्थिक स्वावलंबन, स्वदेशी-विदेशी सामानों की सूची, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, महिला स्वावलंबन, परिवार आधारित अर्थव्यवस्था के विषय पर जनजागरण का कार्यक्रम चला कर देश को बहुत हद तक संभालने का कार्य किया है। आज पूरा देश-विदेश भारतीय परंपरा को अपनाने की बात कर रहा है। स्वदेशी जागरण मंच परिवार सम्मेलनों के माध्यम से समाज में परिवार संस्कार कैसा हो और देश मे परिवार आधारित अर्थव्यवस्था कैसे मजबूत हो इसकी दिशा दिखा रहा है। इस सत्र में भा ज पा के एस टी मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य एडवर्ड सोरेन, मंच के अखिल भारतीय सह संघर्षवाहिनी प्रमुख बन्दे शंकर सिंह, खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज सिंह ने भी अपना संबोधन दिया। सत्र का संचालन मुकेश ठाकुर, स्वागत भाषण राजपति देवी और धन्यवाद ज्ञापन संजीत सिंह जी ने दिया। इस आयोजन में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के लिये इन-आउट, बास्केट बॉल, म्यूजिकल चेयर और महापुरुषों के नाम की प्रतियोगिता हुई। विजेताओं में प्रथम पुरस्कार शरदा सिंह,कविता देवी, जयप्रकाश और सुशील कुमार। द्वितीय पुरुष्कार में पूनम लता, रूपा जी और संजीत प्रामाणिक एवं तृतीय पुरुष्कार में प्रतिभा सिंह, प्रिया दुबे और पीयूष जी ने सफलता प्राप्त किया। बच्चों में प्रथम पीयूष और यशवी सिंह, द्वितीय अमित कुमार और आराध्या कुमारी एवं तृतीय में शुभम और सान्वी सिंह ने सफलता प्राप्त की।

इस आयोजन के अंतिम सत्र में जमशेदपुर की पूर्व सांसद आभा महतो जी और जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति जी न अपना संबोधन रखा।


सम्मेलन के भोज में शिरकत करते विधायक सरयू राय।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में विजय संकल्प के साथ जुटें कार्यकर्ता : डॉ जीतू राम

## लोस चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक संपन्न

### जिला प्रभारी डॉ जीतू चरण राम एवं सांसद विद्युत वरण महतो हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में विजय संकल्प के साथ तैयारी में जुटी भाजपा जमशेदपुर महानगर की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के चित्रकूट सभागार में सम्पन्न हुई।

भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक जीतू चरण राम, सासंद विद्युत वरण महतो एवं जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडलों के अध्यक्ष, विभिन्न अभियान के संयोजक एवं सह संयोजक के साथ लोकसभा विस्तारक मौजूद रहे। बैठक में पार्टी के सांगठनिक कार्यों को गति देने एवं आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों समेत कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जमशेदपुर महानगर में चल रहे सांगठनिक कार्यक्रमों और संपन्न हुए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें बूथ जीता-चुनाव जीता के ध्येय के साथ कार्य करना है। संगठन की ओर से कई कार्यक्रम चल रहे हैं, जिसका मंडल अध्यक्षों से समन्वय और संवाद स्थापित कर सफल क्रियान्वयन करना है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के पास समर्पित कार्यकताओं की बड़ी संख्या है जिनके परिश्रम से भाजपा चुनाव लड़ती है और विजयी प्राप्त करती है। उन्होनें कहा कि जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ता अपने कर्तव्यनिष्ठा से भाजपा की फिरसे बड़ी जीत सुनिश्चित करेंगे। इससे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छविचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गायन कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी सह कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम ने जमशेदपुर महानगर में सम्पन्न हुए विभिन्न सांगठनिक कार्यों की समीक्षा कर विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने बैठक में शामिल सभी कार्यकताओं से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया और संगठन के कार्यों में पूरी तन्मयता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी को संगठन के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जमशेदपुर महानगर में पीएम विश्वकर्मा योजना, गाँव चलो अभियान, नव मतदाता, शक्ति वंदन, दीवार लेखन, मन की बात, विकसित भारत संकल्प यात्रा, अयोध्याधाम यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों पर नियुक्त किये गए संयोजकों व सह संयोजकों से विस्तृत जानकारी ली। पूर्व विधायक जीतू चरण राम ने मंडल अध्यक्षों से पन्ना प्रमुख एवं पन्ना समिति के सदस्यों को बूथ के प्रत्येक मतदाताओं से अधिक से अधिक संपर्क एवं संवाद कर पार्टी की बड़ी जीत सुनिश्चित करने हेतु बूथों पर निरंतर बैठक आयोजित करने का आह्वान किया। वहीं, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा को शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी दिनों में विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये जाएंगे। जिसमें विधानसभा के प्रमुख मुद्दों पर राज्य सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि सांगठनिक कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर और मॉनिटरिंग हो।

जिससे कि समय पर कार्यों को पूरा किया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां गिनाई और कार्यकताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी को घर-घर ले जाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री राकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अनिल मोदी ने किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, लोकसभा विस्तारक विनय शांडिल्य, जिला पदाधिकारी संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, नीलू मछुआ, मंजीत सिंह समेत तमाम वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित जिला भाजपा के वरिष्ठ नेतागण।


चुनाव तैयारी की बैठक को संबोधित करते डॉ जीतू चरण राम।

## जनसेवा और राज्य के विकास के प्रति समर्पण ही आजसू पार्टी का मूल उद्देश्य : सहिस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** दिन रविवार को आजसू पार्टी की पंचायत सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन लुआबासा धानचटानी फुटबाल मैदान में हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने किया जबकि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन महतो ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड महिला अध्यक्ष संगीता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में झामुमो और कांग्रेस छोड़ सैकड़ों युवा और महिलाए आजसू पार्टी में शामिल हुए। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रामचंद्र सहिस ने बताया की आजसू पार्टी जन सेवा में विश्वास करती है , जनता के हित में जनता के सुख दुख में साथ खड़ा रहने का और इस क्षेत्र के साथ साथ इस राज्य के मूल विषयो के साथ राज्य के समुचित विकास का संकल्प लेकर पार्टी के प्रति समर्पण ही मेरा मूल उद्देश्य है।

उन संकल्पो को पूरा करने हेतु आजसू पार्टी आपके बीच आपके सहयोग से इस क्षेत्र का समुचित विकास के लिए आया हूं। मेरे कार्यकाल में हुए कार्यों पर लोग अपना नाम के शिलापट्ट लगा श्रेय लेने की लत लग गई है और वर्तमान सरकार का कार्य सिर्फ जमीन छेको और जमीन बेचो कार्य में लगा हुआ ह। माफिया राज गुंडाराज जमीन माफिया हावी है। इसलिए आप सभी मूल समस्या को समझते हुए आगामी आसन्न चुनाव में आप पार्टी के मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

स्पीड न्यूज

### आइआइटी आइएसएम में 15वीं मंजिल से महिला गिरी, मौत

**धनबाद।** धनबाद में स्थित आईआईटी आईएसएम की 15वीं मंजिल से एक एसोसिएट प्रोफेसर की पत्नी की गिरने के कारण मौत हो गई। बताते चले कि रविवार की दोपहर आईआईटी आईएसएम के एसोसिएट प्रोफेसर पवन कुमार सिंह मैकेनिकल विभाग इंजीनियरिंग की पत्नी दोपहर करीब 1:30 बजे परिसर में एक अपार्टमेंट की 15वीं मंजिल से गिर गई जिसके कारण उसकी मौत हो गई महिला पिछले 5-6 वर्षों से मानसिक बीमारी से ग्रसित बताई जा रही है उनका इलाज रांची के एक चिकित्सक द्वारा किया जा रहा था लोगों का कहना है कि महिला का एक 11 वर्षीय पुत्र भी है जो अपने दोस्तों के साथ पड़ोस में गया हुआ था इसी दौरान महिला बहु मंजिला इमारत की छत पर चढ़ गई और वहां से नीचे गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई मामले की जांच में धनबाद पुलिस जुट गई है महिला के सब को पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया है।

### शांति व्यवस्था भंग करने वालों को सद्बुद्धि हो : राजेश

**गोड्डा।** गोड्डा प्रखंड के बहुरिया ग्राम में कल संध्या संध्या 8 बजे 3 फरवरी 2024 को सदर प्रखंड गोड्डा के बहुरिया ग्राम में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया । इस ज्ञान यज्ञ के कार्यक्रम में उद्घाटन करने पहुंचे झामुमो के उभरते नेता केंद्रीय समिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश मंडल। उन्होंने कहा इस ज्ञान यज्ञ के आरंभ के साथ झामुमो की नई सरकार पवित्र वातावरण और समय में विधायकों की परेड होगी और ईश्वर अल्ला तेरो नाम सबको सन्मति दे भगवान। राज्य में राजनीतिक उथल पुथल और हमारे युवा नेता हेमंत सोरेन को मानसिक शारीरिक और बौद्धिक रूप से प्रताड़ित कर सत्ता छोड़ने पर मजबूर किया गया लेकिन लोकतंत्र में विश्वास करते हुए हमारी पार्टी ने जो निर्णय लिया और चंपई सोरेन मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूर्ण झामुमो संगठन और नेता उनके साथ हैं और फ्लोर टेस्ट में भी झामुमो अपना बहुमत सिद्ध करेगी । ज्ञान यज्ञ की ध्वनि उन लोगों तक भी पहुंचे जो अशांति का वातावरण तैयार कर झारखंड राज्य को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं ईश्वर उन्हें सद्बुद्धि प्रदान करें ।मेरी ईश्वर से यही प्रार्थना है ।

### हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राज्य की बैठक संपन्न

**रांची।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स झारखण्ड राज्यए एएच कॉम्पलेक्सए कदरूए रांची में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता शिव शंकर उरांवए पूर्व विधायक गुमलाए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स झारखण्ड ने की। बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त राकेश कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ और सकार्फ पहनाकर अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया।

न्याय यात्रा : धनबाद बैंक मोड़ पर राहुल गांधी ने लोगों को किया संबोधित

# कांग्रेस पार्टी आदिवासियों की हितैषी

## कांग्रेस ने आदिवासियों के हित के लिए लाया है पेसा और अन्य कानून

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी धनबाद में भारत जोड़ो नया यात्रा के साथ पहुंचे बैंक मोड़ स्थित बिरसा मुंडा के प्रतिमा के पास उन्होंने एक सभा को भी संबोधित किया ।उन्होंने कहा कि भाजपा सबकुछ बेच देगी। भाजपा के लोग नफरत व हिंसा फैला रहे हैं। पिछली बार भारत जोड़ो यात्रा की थी। इस बार भारत जोड़ो के साथ न्याययात्रा का नाम भी जोड़ दिया गया है। न्यायायात्रा नाम देने के कई कारण हैं। भाजपा दो-तीन अरबपतियों के लिए ही काम कर रही है। मतलब यह कि पूजीपतियों को ही न्याय मिल रहा है। कांग्रेस ने देश के प्रत्येक वर्ग के साथ न्याय की पक्षधर है। झारखंड के आदिवासियों के हितों की भी कांग्रेस ही रक्षा कर सकती है। उक्त बातें राहुल गांधी ने रविवार को धनबाद में कही। अवसर था राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याययात्रा का। इसकी बानगी बना था बैंक मोड़ का बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल । अवसर था राहुल गांधी के जनता को संबोधित करने के कार्यक्रम जन के मन की बात का। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याययात्रा के क्रम में धरती आबा बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल को ही इसके लिए चुना, कारण था कि धरती आबा भी जन की ही बात करते थे। झारखंड के सभी स्टील कारखाने मोदीजी पूजीपति मित्रों को पकड़ा देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि आने वाले दिनों में केंद्र सरकार झारखंड के सभी स्टील कारखानों को भी बेच देगी। निजीकरण के नाम पर पीएसयू (पब्लिक सेक्टर यूनिटों) को चंद चहेते पूंजीपतियों के हाथ में देने का कुचक्र रचा जा रहा है। कांग्रेस इसका विरोध करती है। पीएसयू से लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार मिलता है। पीएसयू हिन्दुस्तान की जनता की प्रापर्टी है। मोदीजी इसे भी अपने पूंजीपति मित्रों को पकड़ा देंगे।



### मोदीजी ने युवाओं का भविष्य खराब कर दिया

राहुल गांधी ने कहा कि मोदीजी ने तो युवाओं का भविष्य ही खराब कर दिया। नोटबंदी तथा जीएसटी लागू करके देश की आर्थिक व्यवस्था नौजवानो का भविष्य ही खराब कर दिया। नोटबंदी तथा जीएसटी लागू करके देश की आर्थिक व्यवस्था पर चोट पहुंचाई। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश का विकास कर सकती है।

### सुरक्षा व्यवस्था में जुटा रहा जिला प्रशासन

शहर के बैंक मोड़ में राहुल गांधी के पहुंचने के साथ ही पार्टी के नेता उनके साथ सेल्फी लेने के लिए आतुर नजर आए .राहुल गांधी अपने नेताओं को बीच-बीच में नसीहत देते नजर आए.अपने वाहन से पार्टी के कार्यकताओं और लोगों को राहुल गांधी ने संबोधित किया .उन्होंने धनबाद के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने इस यात्रा में जान डाली है .पिछले साल ही हमने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी। इसका लक्ष्य देश को जोड़ने का काम है। आरएसएस के लोगों ने नफरत और हिंसा फैलायी है।

### आदिवासी हितों का ख्याल रखती है कांग्रेस

राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड आदिवासियों के लिए बना। कांग्रेस आदिवासियों के हितों का ख्याल रखती है। आदिवासियोंके हितों के लिए कांग्रेस ने पेसा कानून लाया। इसके आदिवासियों की जमीन सुरक्षित रही। आदिविसियों के जमीन संबंधी हक के दूसरे कानून भी कांग्रेस ने ही बनाया। हम आदिवासियों के साथ खड़े हैं और आदिवासियों को न्याय दिलाएंगे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, एआईसीसी मेंबर मदन महतो, विजय कुमार सिंह, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, बैभव सिन्हा, प्रभात सुरोलिया, जितेंद्र अग्रवाल, मनोज यादव, जावेद रजा, सतपाल सिंह ब्रोका, रामजी भगत हॉट संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह जिला परिषद सदस्य राजेश राम आदि मौजूद रहे।

# झामुमो के जन कल्याणकारी कार्यों से घबरा गयी है बेजेपी

## धनबाद में मना झामुमो का स्थापना दिवस



### विधायक अमर बाउरी ने किया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को धनबाद के ऐतिहासिक गोल्फ ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का 52वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे ।उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश में तानाशाही चल रही है बीजेपी सरकार सरकारी मशीनों का गलत उपयोग कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों से बीजेपी घबरा गई थी इसलिए उन्होंने ईडी का धौंस दिखाकर मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा चाहे वह अब वह आवास योजना हो या गुरुजी क्रेडिट कार्ड हो चाहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो या कोरोना काल में दूसरे प्रदेश से मजदूर को हेलीकॉप्टर और ट्रेन के माध्यम से झारखंड लाने का काम किया हो, यह सारा काम पूर्व मुख्यमंत्री एवं झामुम जनता के लिए कर रही थी। भारतीय जनता पार्टी को झारखंड की जनता को इसका जवाब देना होगा। कार्यक्रम के दौरान झाबुओं के कार्यकताओं ने जेल का ताला टूटेगा मुख्यमंत्री जेल से छूटेगा का नारा लगाते रहे मौके पर टुंडी विधायक मथुरा महतो जिला अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश स्टूडियो रतीलाल टुडू एवं सैकड़ो की संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभाविप ने किया वॉलीबॉल का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई ने जिला स्कूल हॉस्टल टीम द्वारा एक दिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता खेल सयोजक जाफेद किस्कू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कार्य समिति सदस्य रोमा तिर्कीए सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठता डॉ संजय कुमार सिंहए जिला प्रमुख डॉ कुमार सौरभए विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे और जिला संयोजक जयन कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्र कार्य समिति सदस्य रोमा तिर्की ने कहा कि खेलने से हमारे शारीरिक दक्षता और क्षमता को बढ़ाता है। यह हमारे हृदय को मजबूत बनाता है। रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है और मोटापे को कम करता है। खेलने से शरीर की मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत होती है और हमारा ऊर्जा स्तर बढ़ता है। खेल मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। खेल से युवाओं में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। आज कल के विद्यार्थी मोबाइल एवं सोशल मीडिया के शिकार होते जा रहे हैं। छात्रों को कंप्यूटराइज्ड जगत से निकलकर अपने मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भौतिकी खेल खेलना जरूरी है। खेल खेलने से मस्तिष्क में राष्ट्र के प्रति एवं समाज के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न होती है। आए दिन यह देखा जाता है कि छोटे.छोटे छात्र सोशल मीडिया पर इतना लिप्त हो जाते है की बाहरी जगत को समझ ही नहीं पाते है और आत्महत्या का शिकार हो जाते है। इसलिए आज के युवा को खेल खेलना अति आवश्यक हो गया है। इसीलिए परिषद के द्वारा खेलो भारत का आयोजन हमेशा करते आ रहे है और करते रहेंगे। खोलो भारत का उद्देश्य है। खेल के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना उत्पन्न होता था। समाज के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित हो एवं समाज में अपनी अग्रणी भूमिका निभाती है। एसकेएमयू के छात्र कल्याण अध्यक्षता प्रो संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मानसिक का निर्माण होता है।

# सिंदरी में फंदे पर झूल कर नवविवाहिता ने की आत्महत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी के आरएमफोर 755 - 56 निवासी टोटो चालक चंदन कुमार की नवविवाहिता सलोनी देवी ने रविवार की दोपहर लगभग तीन बजे अपने घर में फाँसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। चंदन और सलोनी की शादी विगत 3 जून 2023 को नालंदा जिले के कैला गाँव में हुई थी। पति चंदन कुमार ने बताया कि पिता कपिलदेव प्रसाद और उसकी बड़ी भाभी सहित बच्चे रविवार की सुबह पश्चिम बंगाल के जयचण्डी पहाड़ तीर्थाटन के लिए गए थे। पत्नी को खाना बनाकर रखने के लिए बोलकर तीर्थाटन करने गए लोगों को वापस घर लाने के लिए टोटो से दोपहर दो बजे घर से निकला था। वापसी में देखा कि घर अंदर से बंद है। खिड़की से देखने पर पता चला कि सलोनी एफसीआई आवास के बाहर बने एक्सटेंशन कमरे में छत पर लगे पाइप से नायलॉन रस्सी के सहारे झूल रही थी। पिछे के खुले दरवाजे से प्रवेश कर उसने सलोनी को रस्सी से उतारा। उसने बताया कि सलोनी शिथिल हो गई थी। इसकी सूचना बलियापुर पुलिस को दी गई। सूचना के आधार पर पहुँची बलियापुर पुलिस के एएसआई अयोध्या सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि सलोनी के मायकेवालों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट या मृतका के मायकेवालों की ओर से कोई लिखित शिकायत आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

### मासस युवा मोर्चा का मिलन समारोह



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा शहिद चौक के समीप एक निजी लॉज में मासस युवा मोर्चा का मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मासस नेता संतु चटर्जी ने की वहीं मुख्य रूप से पूर्व विधायक अरुप चटर्जी मौजूद थे। पूर्व विधायक चटर्जी ने कहा कि आगामी चुनाव के मद्दे नजर रखते हुए मासस के विचारधारा से प्रभावित होकर युवाओं का झुकाव मासस की तरफ बढ़ी है वहीं आगामी लोकसभा चुनाव,निकाय का चुनाव आदि में मासस अपनी उपस्थिती दर्ज करायेगी युवा मासस के मिलन समारोह से मासस के विचारधारा को मजबूती मिलेगी। मंच का संचालन मानिक लाल गोराई ने किया। वहीं मौके पर कल्याण राय, सुबिर चटर्जी, बादल बाउरी, रामजी यादव, रोशन मिश्रा, वरुण दे, नांटू गोस्वामी, राजु अंसारी, रवि रंजन सिंह आदि थे।

### चिरकुंडा मंडल झामुमो कार्यकर्ता धनबाद के लिए रवाना

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा-झामुमो के 52वीं स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी कार्यकताओं के बीच जोश और जुनून देखा गया । धनबाद में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर सूबे के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, डिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ साथ कई बड़ी हस्तियां पहुंचेंगे। उसी कार्यक्रम को बल देने के लिए रविवार दोपहर चिरकुंडा मंडल झामुमो कार्यकताओं की एक टुकड़ी धनबाद के लिए रवाना हुआ जहां कार्यकताओं के बीच काफी उमंग और जोश देखा गया । उमंग से लबरेज कार्यकर्ता स्थापना दिवस को लेकर काफी उत्साहित दिखे ।वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और अपने नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर काफी गुस्सा भी देखा गया ,कार्यकर्ता ३जेल का ताला टूटेगा,और हेमंत सोरेन बाहर निकलेगा३ का नारा लगाते नजर आए । इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा चिरकुंडा मंडल नेता रंजीत बाउरी ने कहा की हम कार्यकर्ता के बीच स्थापना दिवस को लेकर काफी उत्साह है । श्री बाउरी ने कहा कि जिस तरह से उनके नेता हेमंत सोरेन को बेवजह भाजपा के लोगो ने गिरफ्तार करने का काम किया है आने वाले लोकसभा एवम विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेगी साथ ही भाजपा को झारखंड से खदेड़ेगी।

### एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी के स्थानांतरण से आम जनता निराश

गोड्डा। यूं तो सरकारी सेवा में पदस्थापन और स्थानांतरण की प्रक्रिया चलती रहती है । कुछ पदाधिकारी पदस्थापित होकर ऐसे भी आते है जो अपने व्यवहार कर्म और व्यक्तित्व से ईमानदार की छवि के साथ कर्तव्य परायण होते हैं और अपने पद की गरिमा का निर्वाह करते हुए शान से अपनी मस्तक उठाकर चलते हैं ऐसे ही हैं जेपीएन चौधरी एसडीपीओ गोड्डा । सरलताए मधुरता और सम्मान के साथ मीठी मुस्कान से किसी को संबोधित कर सहज ही दिल जीत लेने वाले पदाधिकारी आते हैं लेकिन कभी कभी। कोई परेशान तो कोई हैरान तो कोई कर्तव्य और दायित्व के भार से बोझिल अपना व्यक्तित्व नीरस बना लेते हैं या कर कश बन जाते हैं। झल्लाहट खीझ और भाव शून्य होने लगते हैं लेकिन अपने पद और कार्य के साथ अपने व्यवहार को सरस बना कर अपने दायित्व को पूरा करना एक अद्भुत कला है और इसकी। झलक भी एसडीपीओ जेपीएन चौधरी में देखने मिल जाती है ।

# विश्वकर्मा अधिकार स्वाभिमान रथ किया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला इकाई ने आगामी 18 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होनेवाले एक दिवसीय विश्वकर्मा अधिकार रैली के तहत लोगों में संदेश देने व जन समर्थन को लेकर एक स्वाभिमान रथ मसलिया प्रखंड के लिए निकाला गया। यह विश्वकर्मा स्वाभिमान रथ जिला अध्यक्ष गंगाधर शर्मा के नेतृत्व में दुमका के कार्यालय से निकाला गया। जिसे संयुक्त रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष जयराम शर्मा महासचिव जय प्रकाश शर्माए प्रदेश महासचिव पवन शर्मा प्रदेश महासचिव डॉण विनोद कुमार शर्मा जिला महासचिव रवींद्र शर्मा कोषाध्यक्ष अरुण शर्माए मुकेश शर्मा सहित मुख्य संरक्षक शिव प्रसाद शर्मा ने संयुक्त रूप से रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने कहा कि यह संदेश सह जन समर्थन का कार्यक्रम पूरे दुमका जिला में चलाया जाएगा। जिसका मुख्य लोगो को अपने अधिकारों के प्रति सजग करते हुए विशाल जनसभा मे भागीदारी के लिए तत्पर व तैयार करना है। लोगो को समाज के विभिन्न पहलुओ के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। उन्हें जवाबदेह बनाना है। जिससे उनमें राजनीतिक नेतृत्व देने की क्षमता का विकास हो सके। वैसा आत्मविश्वास जगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष क्रांति राणाए मसलिया प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ शर्माए लता देवीए सीताराम मिस्त्रीए हरिहर राणाए मोहित शर्माए बेबी देवी आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

### युवा मोर्चा का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा-चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र स्थित शहीद चौक के समीप मासस युवा मोर्चा का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। जहां मासस नेता सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।सम्मेलन की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने मासस का दामन थामने का काम किया जिसे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने पट्टा पहनकर स्वागत करने का काम किया । इधर पूर्व विधायक अरूप ने बताया की आज चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के लिए युवा मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ जहां बड़ी संख्या में 18 वर्ष से ऊपर के युवा जुड़ने का काम किए । उन्होंने बताया की सभी नए युवकों को कामरेड ए के राय के सिद्धांतों पर चलने को लेकर आह्वान किया जाएगा ।साथ ही उन्होंने बताया की युवाओं को राजनीत से जोड़ने और उन्हें मजबूत बनाने को लेकर पार्टी मुख्य रूप से काम करेगी।

# धर्म के नाम पर आदिवासियों को बांटा जा रहा : मंच

## आदिवासी एकता मंच ने दुमका में निकाली विशाल महारैली



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** आदिवासी एकता मंच की जिला इकाई ने रविवार को विशाल महारैली का आयोजन किया गया। महारैली गांधी मैदान से निकलकर आंबेडकर चौक होते हुए बस स्टैंडए भागलपुर रोड होकर गुजरते हुएए टीन बाजार एवं मेन रोड होते हुए वापस गांधी मैदान में आकर विशाल जनसभा में तब्दील हो गया। रैली एवं जनसभा पिछले दिनों संघ परिवार एवं उसके सहयोगी संगठनों द्वारा आदिवासियों के बीच में धार्मिक साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देनेए आदिवासी समाज को धर्म के नाम पर बांटने एवं सामाजिक एकता को भंग करने एवं आदिवासी समाज में डिलिस्टिंग जैसे गैर संवैधानिक मुद्दों को उठाकर भोले.भाले आदिवासियों को ईसाई और गैर ईसाई आदिवासी में नफरत फैलाने के विरोध में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भाजपा और सहयोगी संगठनों के धर्म की गन्दी राजनीती और समाज को बांटने की नीति की कड़ी आलोचना की। छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने भाजपा के आदिवासी नेताओं का जमकर आलोचना करते हुए कहा कि ये नेता बेरोजगारीए भुखमरीए शिक्षाए संसाधन की सुरक्षा के बारे में बात नहीं करंगे। सिर्फ धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं और नफरत फैलाते हैं। आदिवासी क्रांति सेना के छात्र नेता ने आदिवासी जवानों से जागरूक होने और फूट डालो और राज्य करो वाले नेताओं से दूर रहने का आह्वान किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ संजय सेबेस्टियन मरांडी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि संघ वाले आदिवासी दलित को नही कभी सम्मान दिया है और नही अभी देते हैं इसका जीता जागता उदाहरण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ भेदभाव है। अगर ये देश के प्रथम नागरिक का सम्मान देते तो राम मंदिर उद्घाटन समारोह में बुलातेए ये सिर्फ दलितों का इस्तेमाल और सोशन करना जानते हैं।

### आदिवासी संगठनों ने लिया हिस्सा

रैली में विभिन्न आदिवासी संगठनों एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम यह सन्देश दिया गया कि आदिवासी की पहचान यहां के जलए जंगलए जमीन से है न कि धर्म से है। हम पहले आदिवासी हैंए इसके बाद ही कुछ। इस सभा में डॉण सुशील मरांडीए डॉ संजय सेबेस्टियन मरांडीए प्रो हनीफ अंसारीए एहतेशाम अहमदए सामाजिक कार्यकर्त्ता राजेश कुमार सिंहए श्यामदेव हेम्ब्रमए राजेंद्र हेम्ब्रमए मुकेश आरडी एक्स टुडूए छवि हेम्ब्रम एवं अधिवक्ता समूएल सोरेन आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे। फिर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। जनसभा में काफी संख्या में महिला व पुरूष शामिल हुए।


RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY
At+PS:- Nawadih Kala, PO. - Bishrampur, Distt.:- Palamu (Jharkhand)
Established by the act of Government of Jharkhand Act, 10,2018,Gazette Notification No-903
Approved by the UGC u/s 2 (f) of UGC Act, 1956
Web: http://www.rcu.edu.in, Email Id: reg.rcuniversity@gmail.com

NOTICE

I, **Debasis Mandal,** s/o Knan chandra Mondal, on behalf of Ramchandra Chandravansi University Bishrampur, Palamu Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as here under.

1. That an affidavit is filed by me vide **Book No. XIV, Serial No. 730 Dated 18.01.2024** before Notary, Medininagar, Palamu, Jharkhand clarifying the date as August 26.2023 being the actual date for first Ph.D. Degree awarded by this University.
2. That the Ph.D. awarded prior to August 26.2023 (until August 25.2023) is considered illegal, and hence, made null and void by this University.
3. That the above contents are true and correct.

**(Debasis Mandal)**
**REGISTRAR**

## चालको की चिंता


भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाये जाने की भी घोषणा की। वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया।हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में इंजीनियरिंग करिश्मा तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नए हवाई अड्डे बनाए गए हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ट्रक चालकों और उनके परिवारों की इस चिंता को समझती है।सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर चालकों के लिए भोजन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पार्किंग और आराम की सुविधाओं से लैस आधुनिक इमारतें बनाने की एक नई योजना पर काम चल रहा है। मोदी ने कहा कि सरकार इस योजना के पहले चरण में देशभर में ऐसी 1,000 इमारतें बनाने की तैयारी कर रही है। इस पहल से ट्रक और टैक्सी चालकों को जीवनयापन में आसानी होगी और यात्रा भी सुविधाजनक होगी। इससे उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी। आराम के अभाव में चालकों की थकान के कारण होने वाली दुर्घटना भी कम होगी। सड़क विकास की उम्मीद है और इस पर सुविधा बढ़ाना अति आवश्यक है।

## एसबीआई का लाभ घटा

पब्लिक सेक्टर के भारतीय स्टेट बैंक ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक का नेट प्रॉफिट वित्तीय वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही यानी कि तीसरी तिमाही में 35 प्रतिशत गिरकर 9,164 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 14,205 करोड़ रुपये रहा था। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी। बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 1,06,734 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 86,616 करोड़ रुपये थी। दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर सकल ऋण का 2.42 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 3.14 प्रतिशत थी। इसी तरह, तीसरी तिमाही के अंत में शुद्ध एनपीए भी घटकर 0.64 प्रतिशत हो गया जो पिछले साल 0.77 प्रतिशत था। एकीकृत आधार पर एसबीआई ग्रुप का शुद्ध लाभ दिसंबर, 2023 तिमाही में 29 प्रतिशत गिरकर 11,064 करोड़ रुपये रह गया, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 15,477 करोड़ रुपये था। हालांकि, कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 1,53,072 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,27,219 करोड़ रुपये थी। दिसंबर, 2023 तिमाही में बैंक ने एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (एसबीआईसीएपीएस) की पूरी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया। इसके साथ ही एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड में बैंक की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई। यह सौदा 229.52 करोड़ रुपये में हुआ।

# समाचार प्रकाशन जगत और डिजिटलीकरण





- विनिता कोहली

न्यूयॉर्क टाइम्स के अब 84 लाख सबस्क्रिप्शन हैं जिसमें 76 लाख डिजिटल हैं। शुरूआत में ऐसा करने वाली कई कंपनियों का डिजिटल राजस्व अब प्रिंट राजस्व को पीछे छोड़ चुका है। लेकिन कई छोटे डिजिटल प्रकाशक मसलन स्लोवाकिया में डेनिक, मलेशिया में मलयसियाकिनी और डेनमार्क में जेटलैंड भी ऐसा कर सकते हैं।'फिलहाल भारत में समाचार वेबसाइटों के करीब 10 लाख सबस्क्रिप्शन हैं।

**क्या** विज्ञापनों की फंडिंग वाले समाचार पढ़ने वाले पाठकों को केवल फर्जी और असत्य खबरें मिलनी चाहिए? क्या सबस्क्रिप्शन वाली खबरों का उभार अच्छी पत्रकारिता को सुशिक्षित और अच्छी आर्थिक स्थिति वाले लोगों तक सीमित करता है? क्या यह समाचारों की सामूहिक खोज और खपत को समाप्त करता है और लोकतंत्र को क्षति पहुंचाता है?

ऑक्सफर्ड स्थित रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म (आरआईएसजे) का द डिजिटल न्यूज प्रोजेक्ट ऑनलाइन खबरों की पड़ताल करके पत्रकारिता और कारोबार उनके असर का आकलन करता है। इस महीने के आरंभ में उसने एक रिपोर्ट 'जर्नलिज्म, मीडिया ऐंड टेक्नॉलजी ट्रेंड्स ऐंड प्रिडिक्शंस 2022' जारी की। 52 देशों के 246 संपादकों, मुख्य कार्याधिकारियों और डिजिटल नेतृत्वकताओं ने कहा कि वे 2022 में अपनी कंपनी की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त हैं। आरआईएसजे के वरिष्ठ शोध सहायक निक न्यूमैन ने कहा, 'प्रकाशकों का यह भरोसा एक हद तक इसलिए भी है क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान सबस्क्रिप्शन और सदस्यता मॉडल लगातार गति पकड़ते रहे। न्यूयॉर्क टाइम्स के अब 84 लाख सबस्क्रिप्शन हैं जिसमें 76 लाख डिजिटल हैं। शुरूआत में ऐसा करने वाली कई कंपनियों का डिजिटल राजस्व अब प्रिंट राजस्व को पीछे छोड़ चुका है। अब कई बड़े ब्रांड को भविष्य के लिए एक स्थायी राह नजर आ रही है। लेकिन कई छोटे डिजिटल प्रकाशक मसलन स्लोवाकिया में डेनिक, मलेशिया में मलयसियाकिनी और डेनमार्क में जेटलैंड भी ऐसा कर सकते हैं।' न्यूमैन 2012 से ही इस रिपोर्ट का समन्वय कर रहे हैं। भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। द न्यूज मिनिट्स, द क्विंट, द हिंदू और टाइम्स इंटरनेट जैसी शुरूआत में ही बदलाव करने वाली कंपनियां सबस्क्रिप्शन राजस्व पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

एक स्वस्थ लोकतंत्र को सूचित करने वाली गुणवत्तापूर्ण पत्रकारिता करने में हजारों जमीनी रिपोर्टर, ढेर सारा समय और पैसा लगता है। लंबे समय तक प्रकाशकों ने विज्ञापनों पर भरोसा किया। समाचार पत्रों का 70-80 फीसदी राजस्व अभी भी वहीं से आता है। इंटरनेट के जोर पकड़ने के बाद भी प्रिंट माध्यम का प्रसार और राजस्व दोनों बढ़ते जा रहे हैं। यह बात इसे 1.38 लाख करोड़ रुपये के भारतीय मीडिया और मनोरंजन कारोबार का सबसे अधिक मुनाफे वाला क्षेत्र बनाती है।

कॉम्सकोर के आंकड़ों के मुताबिक भारत की 20 शीर्ष में से 18 समाचार वेबसाइट बड़े विरासती ब्रांड हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया, एनडीटीवी या द इंडियन एक्सप्रेस तथा अन्य ब्रांड को बड़ी तादाद में ऑनलाइन दर्शक और पाठक मिलते हैं। परंतु इसका आधे से अधिक हिस्सा गूगल तथा फेसबुक से आता है। फरवरी 2021 में भारत में 46.8 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता थे और गूगल की पहुंच इन तमाम लोगों तक है। फेसबुक का आंकड़ा थोड़ा कम यानी 43.6 करोड़ लोगों का है। आश्चर्य नहीं कि 2020 में 23,500 करोड़ रुपये के डिजिटल राजस्व में 90 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी इन दोनों की रही। यानी बाकी बचे सैकड़ों डिजिटल प्रकाशकों के लिए केवल 10 फीसदी हिस्सा बचा। ऐसे में नियामकों का ध्यान जाना लाजिमी था। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस में गूगल को प्रकाशकों को भुगतान करने के लिए मजबूर किया गया। भारत में भी प्रकाशकों ने हाल ही में गूगल को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के समक्ष तलब कराया था। इस बीच वर्षों तक ऑफलाइन प्रकाशन ने डिजिटल वृद्धि को प्रभावित किया।

महामारी ने उस मॉडल को नष्ट कर दिया। पाठकों की तादाद में तेजी से इजाफा होने के बावजूद विज्ञापन राजस्व में भारी गिरावट आई। ऐसे में प्रकाशकों के लिए अपने भविष्य को बचाने का एक ही तरीका था कि वे भुगतान तय करें। फिलहाल भारत में समाचार वेबसाइटों के करीब 10 लाख सबस्क्राइबर हैं। मनोरंजन जगत के ओटीटी प्लेटफॉर्मों के 10 करोड़ से अधिक सबस्क्राइबर हैं। समाचार प्रकाशकों को उन आंकड़ों तक पहुंचने के लिए कई वर्ष लगेंगे तथा तकनीक और सामग्री पर बहुत पैसा खर्च करना होगा।

क्या सबस्क्राइबर संख्या में यह इजाफा सूचनाओं को एक खास दायरे के लोगों तक सीमित कर देगा? क्या यह आम जनता को अलगोरिद्म आधारित, स्वतंत्र समाचार के भरोसे छोड़ देता है जिसका इस्तेमाल राजनीतिक दल तथा अन्य समूह झूठी खबरों को हथियार बनाने और समाज का ध्रुवीकरण करने में करते हैं? न्यूमैन की रिपोर्ट सूचना की असमानता का मुद्दा उठाती है और इससे निपटने के लिए दुनिया भर में हो रहे कुछ प्रयोगों की ओर संकेत करती है। दक्षिण अफ्रीका में डेली मैवरिक की सदस्यता चुकाने वाली की हैसियत पर आधारित है। पुर्तगाल में आठ मीडिया घरानों के 20,000 से अधिक निःशुल्क डिजिटल सबस्क्रिप्शन की फंडिंग के लिए लॉटरी फंडिंग का इस्तेमाल किया गया। भारत में कई नई समाचार वेबसाइट पाठकों से सहयोग या दान (सबस्क्रिप्शन नहीं) की मांग करती हैं। कुछ अन्य ज्यादा विज्ञापनों के लिए प्रयोग करते हैं। देश के सबसे बड़े समाचार एग्रीगेटरों में से एक इनशॉर्ट्स ने 2019 में पब्लिक नामक एक ओपन प्लेटफॉर्म शुरू किया। 2021 के आरंभ तक इस पर 60,000 क्रिएटर थे जिनमें वार्ड मेंबर, सांसद, विधायक तथा सैकड़ों छोटे कस्बों के स्थानीय निवासी शामिल हैं जिन्होंने इस पर स्थानीय घटनाओं के छोटे-छोटे वीडियो और खबरें डालीं। गत वर्ष इनशॉर्ट्स के 7.5 करोड़ विशिष्ट उपयोगकताओं में से 80 प्रतिशत पब्लिक के माध्यम से आए। मार्च 2021 में कंपनी के 102 करोड़ रुपये के राजस्व में इसकी अहम भूमिका रही। न्यूमैन यह भी कहते हैं कि टिकटॉक या शॉर्ट वीडियो पर समाचारों को लेकर युवा श्रोताओं/दर्शकों की भिड़ंत होगी। लेकिन यह आसानी से झूठी खबरों का गढ़ बन सकता है। इस सवाल का जवाब आसान नहीं है कि समाचार पत्रकारिता के टूटे हुए मॉडल की जगह कौन लेगा। सबस्क्रिप्शन अच्छा रुझान है लेकिन विज्ञापन समर्थित हर समाचार कूड़ा नहीं है। कई ऐसे ब्रांड हैं जहां मालिकों के पास यह दृष्टि और रीढ़ मौजूद है कि वे अच्छी पत्रकारिता कर सकें।

खास बात

## रिकार्ड जीएसटी

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने इंदिवजल धस्माना को बताया कि अंतरिम बजट में दिए गए अप्रत्यक्ष कर आंकड़े वास्तविक हैं। उनका कहना है कि अगर वैश्विक रुझान में तेजी देखी जाएगी, तब सीमा शुल्क संग्रह बढ़ सकता है और लक्ष्य केवल रुझानों के आधार पर ही तय किए जा सकते हैं। बातचीत के संपादित अंशः

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से आपका अनुमान बहुत मामूली लग रहा है। आपने वित्त वर्ष 2024 के संशोधित अनुमानों को वर्ष के बजट अनुमान (बीई) के स्तर पर रखा है। आपका क्या कहना है?

दिसंबर तक सीजीएसटी संग्रह वित्त वर्ष 2024 के लिए बजट अनुमान के तीन-चौथाई से थोड़ा कम था। पिछले तीन तिमाहियों की तुलना में प्रत्येक तिमाही में हमेशा पांच से छह प्रतिशत अधिक संग्रह होता है। इसलिए, हम उम्मीद कर रहे हैं कि हम बजट अनुमान को हासिल कर लेंगे लेकिन यह उससे अधिक नहीं होगा।

वित्त वर्ष 2024 के लिए संशोधित अनुमानों में सीमा शुल्क राजस्व भी कम था जो बजट अनुमान से लगभग 14,000 करोड़ रुपये कम है?

अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2025 के लिए सीमा शुल्क संग्रह का अनुमान वित्त वर्ष 2024 के बजट अनुमान से थोड़ा कम रखा गया है। क्या आपको लगता है कि अगले साल भी हमारा आयात कम ही रहेगा?

जनवरी तक कुल जीएसटी संग्रह का औसत एक साल पहले के 1.5 ट्रिलियन रुपये के मुकाबले 1.67 ट्रिलियन रुपये रहा। आप वर्ष 2024-25 के दौरान कितने औसत संग्रह की उम्मीद करते हैं?

चालू वित्त वर्ष में अब तक हम तीन महीनों में 1.7 ट्रिलियन रुपये का आंकड़ा पार कर चुके हैं। इसलिए, अगले वित्तीय वर्ष में औसत राशि लगभग 1.7 ट्रिलियन रुपये हो सकती है।

वित्त विधेयक 2024, तंबाकू, पान मसाला निर्माताओं द्वारा मशीन के पंजीकरण पर जीएसटी परिषद के फैसले को लागू करना चाहता है। क्या यह इसलिए किया जा रहा है कि इस क्षेत्र में कर चोरी बढ़ी है?इस क्षेत्र में कर नियमों का उल्लंघन होता है।

## सेवा से ज्ञान

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सेवा** से ज्ञान होता है। सेवा में किसी प्रकार की शंका करें तो फिर बुद्धि भ्रमित हो जाएगी। बुद्धि का दो रुप होता है संसयात्मक और निश्चयात्मक। निश्चयात्मक बुद्धि ज्ञान का होता है और संशयात्मक बुद्धि अज्ञान का होता है उल्टा कर देता है। इसलिये कभी भी जो सेवा मिले उसमें पूर्ण निष्ठा के साथ सेवा की जाती है तब वह सेवा ज्ञान की ओर ले जाती है। जहां उसमें इस प्रकार की बुद्धि लगाना प्रारंभ किये कि यह सेवा ठीक है नहीं है मुझे इसका लाभ हो, नहीं होगा- वह बुद्धि संशयात्मक होती है। गरुड़ जी मनुष्य थे और कागभुशण्डिजी भी मनुष्य थे। कभी भी इस तरह की नासमझी नहीं रखनी चाहिए कि वे चिड़िया थे। मनुष्यों का भी गुण स्वभाव के अनुसार नामाकरण चिड़िया का,पशु का कर दिया जाता है। कभी भी ये समझना चाहिए कि वे मनुष्य थे जामवंतजी मनुष्य थे। जामवंतजी भालू नहीं थे। अगर वे भालू होते तो उनकी लड़की की शादी द्वापरकाल में कृष्णजी से नहीं हुई होती। क्या उनकी शादी भलूनी से हई थी। जामवंती के पुत्र साम्ब थे और उसकी शादी दुर्योधन के पुत्र लक्ष्मण से हुई थी ये सब मनुष्य थे।

जो सेवा हमें मिल गयी उसकी सेवा में हमें ज्ञान मिल जाता है, अन्यत्र नहीं मिलता है। प्रकृति का मतलब यह होता है कि इसके हर कण में भगवान हैं। यह बोला जाता है तो लोग नहीं बूझते हैं कि यही प्रत्येक कण भगवान है। हर कण भगवान नहीं हैं। बल्कि इसका मतलब है कि एक कण की जहां हमें सेवा मिले वही से ज्ञान होगा।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे।

–अवधेशानंद गिरी, जूना आखड़ा

आपके ट्वीट

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत किया। भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया है, झारखंड की जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।आजादी के लिए हमारे पूर्वजों ने लड़ाई लड़ी थी। उनके सपनों को पूरा कर हम लोकतंत्र की रक्षा करेंगे, संविधान को बचाएंगे। – चंपई सोरेन





**आदिवासी** समाज के अपने भाई-बहनों के सपनों को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आदिवासी कल्याण हमारी प्राथमिकता है। एक छोटे से बैंक लोन के लिए कुछ नहीं था, उनके पास आज मोदी की गारंटी है! – नरेन्द्र मोदी

कॉर्टून वर्ल्ड

नये युग का बरताव ...




साभार कॉर्टून मूवमेंट

लेटर टू एडीटर

### राजनीतिक पराभव

**अपनी** निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है पूरी मृदंग की थाप के साथ। अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। मतदाता इस ठगोरी में क्यूं आ जाता है। सार्थक पड़ताल के लिए साधुवाद! – मीरा गौतम, रांची

### जनता की नियति

**चुनाव** चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं। जनता हर बार नेताओं के शब्दजाल और आंकड़ों की बाजीगरी के जाल में फंस जाती है। अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है।

– राममूरत सिंह, हजारीबाग

## अलग झारखंड राज्य के आंदोलनकारी लाल रणविजय नाथ शाहदेव

**डॉ. कोरनेलियुस मिंज**

विशेष

स्वतंत्रता तेहें चाही लाल लहूक धार जैसी देश-भक्ति से ओत-प्रोत कविता रचने वाले नागपुरी कवि, गीतकार और आंदोलनकारी लालरण विजयनाथ शाहदेव ने झारखंड राज्य के पुनर्गठन में सक्रिय भूमिका निभायी थी। उनके मन में अलग राज्य के लिए आंदोलन करने की प्रबल इच्छा खरसावां की शहादत भूमि से जागृत हुई थी। जब वे अपने पिताजी पालकोटगढ़ के राजा छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के साथ 1952 ई. में सरायकेला खरसावां शहीद स्थल देखने गये थे। वहीं पर शहीद स्थल की पावन माटी को मुट्ठी में लेकर कसम खायी कि झारखंडियों के लिए अलग राज्य की लड़ाई लडेंगे। इस बीच मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के घर अक्सर राजाडेरा करमटोली आया करते थे। अंततः उनसे प्रभावित होकर औपचारिक रूप से झारखंड पार्टी में 1957 ई. में शामिल हुए और झारखंड आंदोलन में कूद पड़े। वे इसके लिए वीर रस के नागपुरी गीतों और कविताओं की रचनाएं करने लगे। उनकी रचनाएं लोगों के रोंगटे खड़े कर देने वाली होती थीं। हास्य कविता और व्यंग्य कविता लेखन में पकड़ अच्छी थी। एक बार रांची के टैगोर हिल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने व्यंग्य हास्य कविता गांधीक नाम बेइच के आपन पेट भरू प्रस्तुत किया था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। उनकी जागरण कविता -ह्यह्य नरसिंघा बाजी आब फिर नागपुर देस मेंह्णह्ण आमजनों के बीच खूब लोकप्रिय हुआ। उन्होंने 500 से अधिक गीत और कविताओं की रचना की हैं, जिनमें 250 से अधिक आकाशवाणी रांची से प्रसारित हुई हैं। लाल रणविजय नाथ शाहदेव हिंदी फिल्मी गाना भी गाते थे। उनकी पत्नी श्यामा देवी को नागपुरी गीत उतने पसंद नहीं थे। इसलिए प्रारंभ में वे अपनी धर्म पत्नी को हिंदी फिल्मी गाना गाकर सुनाते थे। उन्होंने बकायदा शास्त्रीय संगीत की शिक्षा भी प्राप्त की थी। आरंभ में वे नागपुरी में नहीं अपितु हिंदी में गायन करके अपने दोस्तों का मनोरंजन करते थे। गजल में उनकी पकड़ थी। पुराने हिंदी फिल्मी गीतों के भी शौकीन थे। गीत-गोविंद के साथ-साथ उनका मन अलग राज्य के लिए रमा हुआ था। इसी में रत रहते थे।

1963 ई. में जब झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने दिल्ली में पंडित जवाहर लाल नेहरू के समक्ष विरोध किया था। उनके नेतृत्व में 21 जलाई 1963 ई. में बहुबाजार में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस सभा में झारखंड पार्टी को बनाये रखने का निर्णय लिया गया। लाल रणविजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में ही 27, 28 एवं 29 सितंबर 1963 को वीरमित्रापुर में विशाल जुलूस निकाला गया। अलग राज्य के लिए आंदोलन करने के कारण उन्हें 3 जून 1968 ई. में जेल भी जाना पड़ा। झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय करने के बाद जब जयपाल सिंह मुंडा पुनः झारखंड पार्टी में आना चाहते थे, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने उनसे कहा था - आगे गुरू रहंय, आब गरू बटे गेलंय। इसे सुनकर मरांग गोमके भी ठहाका लगाकर हंस पड़े थे और लाल रणविजय नाथ से वादा किया था - मोंय घुरत हों, मोंय आवत हों। आब दोहरायके आंदोलन खड़ा करब। हालांकि इस वचन को देने के बाद जयपाल सिंह मुंडा की अचानक मृत्यु हो गयी। लाल रण विजय नाथ शाहदेव अलग राज्य के लिए 1977 ई. में तात्कालीन गृहमंत्री चैधरी चरण सिंह से अलग राज्य पर हुई वार्ता में शामिल हुए। उसके बाद 1999 ई. में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के साथ हुई अलग राज्य वार्ता में भी शरीक थे।

(प्राध्यापक गोस्नर कॉलेज रांची)

## लाल कृष्ण अडवाणी ने बदला भारत की राजनीति का कलेवर

**तरुण विजय**

अडवाणी उस समय देश के सार्वजनिक संवाद की दिशा और धारा बदलने में सफल हुए जब हिन्दुओं पर हमला बोलना, उनकी आस्था की आलोचना करना ही सेक्युलर वाद समझा जाता था।

लाल कृष्ण अडवाणी को भारत रत्न मिलना वास्तव में सम्मान का ही सम्मान है, दो से शिखर तक ले जाने वाले भाजपा के राम भक्त सेनानी नेता अडवाणी ने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को स्थापित किया जब उसके बारे में कहा जाता था की यह तो एके हंगल जैसे साइड करैक्टर की तरह हो सकती है मुख्य धारा में तो कांग्रेस और सेकुलर दल रहेंगे। अडवाणी उस समय देश के सार्वजनिक संवाद की दिशा और धारा बदलने में सफल हुए जब हिन्दुओं पर हमला बोलना, उनकी आस्था की आलोचना करना ही सेक्युलर वाद समझा जाता था। किसी ने उनसे पहले छद्म सेक्युलर वाद की चर्चा प्रारम्भ करने का साहस नहीं दिखाया था। उन्होंने विश्वास पैदा किया कि हिंदुत्व पर आधारित राजनीतिक दल देश में सबके साथ समन्वा कर सकती है- जब उनके नाम के लिए प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी स्वाभाविक मानी जाती थी उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अटल जी को प्रधानमंत्री पद हेतु घोषित कर सबको अचंभित कर दिया था।

उनके जीवन की सबसे बड़ी यात्रा सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा रही जिसमें मैं उनके साथ रथ में श्री नरेंद्र मोदी जीके साथ बराबर बना रहा। जहाँ उनकी रथ यात्रा के पहुँचने का समय रात्रि नौ बजे होता था, मार्ग में अत्यधिक उत्साह और भीड़ के कारण इतनी देरी होती थी कि हम रात्रि 1-2 बजे पहुँच पाते थे, फिर भी हजारों लोग उनको सुनने के लिए टिके रहते थे। उनकी रथ की पूजा होती थी, उनके टोयोटा रथ के टायरों की पूजा होती थी, उनको हिन्दू पुनर्जागरण का अग्रदूत माना जाता था।

अडवाणी जी सहृदय और सदैव कार्यकताओं के स्नेही रहे। जब जब नरेंद्र भाई मोदी के लिए संगठन में संकट आया उन्होंने अटलजी से आग्रहपूर्वक उनका साथ दिया.. नरेंद्र भाई ने भी अडवाणी जी के प्रति अपना आदर भाव सदैव बनाये रखा।

उन के साथ लम्बे समय तक अंतरंग कार्य करते हुए उनके शालीन, शांत, कभी न उग्र होने वाले स्वाभा से मैं सुपरिचित हूँ। उन्होंने सिंधु दर्शन कार्यक्रम के लिए पूरा सहयोग और आशीर्वाद दिया जिससे लड़काः की रक्षा हो सकी और वहां के आर्थिक विकास के लिए असाधारण सहा यता मिली।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निष्ठावान स्वयंसेवक हैं। उन्होंने भारत रत्न की स्वीकारोक्ति का जो वक्तव्य दिया है उसमें परम पूज्य श्री गुरूजी के उस वाक्य का उद्धरण दिया है जिसमें इदं न मम इदं राष्ट्राय स्वाहा कह कर सब कुछ राष्ट्रार्पित करने की बात कही गयी थी। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के प्रति उनकी अनन्य भक्ति इतनी है कि उनको एकात्म मानववाद का व्याख्याता भी कहा गया। आर्गेनाइजर साप्ताहिक में फि ल्म समीक्षक तथा जब उसके संपादक श्री के आर मलकानी अमरीका यात्रा पर गए तो उसका कार्यभार सँभालने वाले अडवाणी जी की फिल्मों में रूचि जगत प्रसिद्ध है। हर अच्छी फिल्म का उनके द्वारा अक्सर दिल्ली के महादेव रोड फिल्म सभागार में प्रदर्शन होता ही था। उनके साथ मुझे कई फिल्में देखने का अवसर मिला। जब वे देहरादून आये तो मेरी माताजी से मिलने हमारे एक अत्यंत तंग गली के, मकान में आये थे तो पूरे नगर में आश्चर्य हुआ सुरक्षा कर्मी बेहद परेशान भी हुए। उसी रात्रि हम सब देहरादून के एक थियटर में फिल्म देखने गए।

उनके जीवन में बहुत दुख वेदनाएँ आयीं। कई अत्यंत कष्टकारी प्रकरण बने, जिन्होंने उनको बहुत व्यथित किया। पर कभी अपने दुःख, वेदना को उन्होंने व्यक्त नहीं किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सौंदा बस्ती शिव मंदिर में प्रतिमा खंडित

## ग्रामीणों ने भुरकुंडा-पतरातू मार्ग को किया जाम, पुलिस को 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

### प्राण प्रतिष्ठा कर प्रतिमा स्थापित करेंगे ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत सौंदा बस्ती स्थित शिव मंदिर में स्थापित प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने शनिवार रात खंडित किया। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

आक्रोशित ग्रामीणों ने टायर जलाकर सुबह आठ बजे भुरकुंडा-पतरातू मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस से आरोपियों को 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार कर कानूनी कारवाई करने की मांग की।

सड़क जाम की खबर मिलने के बाद पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, सीओ शिवशंकर पांडेय व भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद दल-बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों को समझाते-बुझाते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद 10 बजे जाम हटा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की सुबह जब लोग मंदिर की साफ-सफाई के लिए पहुंचे तो देखा कि भगवान गणेश, माता पार्वती, भगवान शिव सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा खंडित है। साथ ही भगवान शिव के मुकुट पर लगे पीतल के नाग देव का एक हिस्सा टूटा हुआ है। घटना की खबर पूरे गांव में फैल गयी और ग्रामीणों ने सडक जामकर घटना में शामिल असामाजिक तत्वों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही भुरकुंडा और भदानीनगर की पुलिस पहुंचकर लोगों को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण प्रतिमा के खंडित होने पर काफी आक्रोशित थे।

जाम स्थल पर पहुंचे पतरातु एसडीपीओ विरेंद्र कुमार राम ने लोगो को कहा कि घटना में शामिल लोगों को पुलिस जांच कर जल्द गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कहा कि आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी मदद ली जायेगी। एसडीपीओ के आश्वासन के करीब दो घंटा बाद जाम हटा लिया गया। इधर ग्रामीणों ने बताया कि अगर पुलिस जल्द आरोपियों को हिरासत में लेकर कारवाई नहीं करती है तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। मौके पर भुरकुंडा थाना प्रभारी मयंक प्रसाद, भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद, भुरकुंडा के सअनि प्रदीप दुबे सहित सशस्त्र बल मौजुद थे।

इधर हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने सौंदा बस्ती शिव मंदिर में असामाजिक तत्वो द्वारा प्रतिमा को खंडित करने की जानकारी मिलने के बाद रामगढ़ एसपी पीयुष पांडेय को फोन से पूरी जानकारी ली। सांसद जयंत सिन्हा ने एसपी को घटना में शामिल असामाजिक तत्वो कों जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। सौंदा बस्ती शिव मंदिर में असामाजिक तत्वो द्वारा प्रतिमा को खंडित कर देने के बाद ग्रामीणों की बैठक हुई।

बैठक में लोगों ने निर्णय लिया कि पुनः मंदिर में नया प्रतिमा स्थापित कर उसका प्राण-प्रतिष्ठा किया जायेगा। मौके पर पूर्व मुखिया दयानंद प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, अंबर प्रसाद, अमित कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।





शिव मंदिर में क्षतिग्रस्त भगवान गणेश और मां पार्वती की प्रतिमा।



सड़क जाम कर नारेबाजी करते ग्रामीण।

# हजारीबाग में भू-माफिया मस्त, जनता त्रस्त

## अपनी जमीन पर हक के लिए थाने और कार्यालय का लगा रहे हैं चक्कर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में भू-माफियाओं का गुंडाराज है। भू-माफिया और सिस्टम के गठजोड़ से आम-आवाम त्रस्त है। यहां खुद की जमीनें संभालकर रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। जिनकी खुद की जमीनें यहां हैं वह अपनी हक के लिए कभी पुलिस थाने तो कभी प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काटते देखे जा सकते हैं।

**लोगों को किया जा रहा टार्गेट :** भू-माफिया खास कर वैसे भू-स्वामियों को टार्गेट कर रहें हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

वैसे लोगों के जमीनों को अंचल के माध्यम से सत्यापन किया जाता है फिर उसके बाद अगर रैयती है तो उसके गोतिया को लालच देकर विवाद कराया जाता है। बाद में गोतिया से पावर ऑफ अटार्नी लेकर परेशानी शुरू कर दी जाती है। दूसरे केस में किसी विवादित भूमि के बारे में जानकारी हासिल कर किसी एक पार्टी से मिलकर दूसरे पार्टी को परेशान किया जाता है। सिर्फ परेशान हीं नहीं जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। इन लोगों से सबसे ज्यादा परेशान वैसे लोग हैं जिनकी जमीने तो यहां हैं लेकिन रहते किसी और शहर में हैं। ऐसे लोगों के लिए अपनी संपत्ति बचानी भी मुश्किल हो रही है।

**थाने से नहीं मिलती है माकूल मदद :** इस सारे मामले का दुखद पहलू यह है कि सिस्टम और भू -माफिया की गठजोड़ की वजह से पीड़ित लोगों को थाने से मदद नहीं मिल पाती है। एफआईआर दर्ज नहीं होती। वरिष्ट अधिकारियों तक शिकायत के बाद कुछ कार्रवाई होती है। अगर गैर जमानती अपराध में एफआईआर दर्ज हुई है और पुलिस इन्हें पकड़ने जाती है तो सूचना इनलोगों के पास पहले से पहुंच जाती है।

**जेल से निकले अपराधी बने भू-माफिया :** सूत्र बताते हैं कि जेल से निकले अपराधी ऐसे कार्यो में संलिप्त हैं। ऐसे लोगों के डर से कोई इनसे उलझना नहीं चाहता है। इनका एक डॉयलाग क्षेत्र में बहुत मशहूर हो रहा है। एक मर्डर किये हैं एक और कर देंगे। जेल ही ना जाएंगे। क्या फर्क पड़ता है। एक और बात सामने आ रही है कि ना सिर्फ अपराधिक छवि वाले बल्कि कुछ अधिकारी भी अपने रिश्तेदारों को आगे कर इन माफियाओं के पार्टनर बने बैठे हैं।

### कब्जे को लेकर ओमप्रकाश ठाकुर ने दिया आवेदन



कटकमसाडी। प्रखंड क्षेत्र के खुटरा पंचायत के डुकरा निवासी ओमप्रकाश ठाकुर ने ओ पी पेलावल थाना प्रभारी,सदर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग, हजारीबाग उपायुक्त महोदया, आयुक्त उतरी छोटानागपुर,को आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया है। आवेदन पत्र में ओमप्रकाश ठाकुर ने खाता नंबर 16 चकबंदी नम्बर 12 प्लाट 135/ख,629,138,ख138/ग 720,728, रकबा 51.5डी है। इस संदर्भ में ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि कटकमसाडी अंचल के अमीन के द्वारा जमीन की मापी भी किया जा चुका है। इसके बावजूद में जमीन माफिया खुटरा गांव के निवासी अजिम खान पिता मकबूल खान,डुकरा निवासी इसरार मलिक,इरसाद अंसारी पिता सुहेल आलम,बबली खान, पिता रकुलला खान, अन्य के द्वारा जबरन निजी जमीन पर ट्रेंच काटकर बाउंड्री करने का प्रयास किया जा रहा है।आवेदन पत्र में ओमप्रकाश ठाकुर के द्वारा आरोप लगाया है कि भूमाफियाओं के द्वारा जान मारने का धमकी दी जा रहा है। जिसमें ओमप्रकाश ठाकुर के परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# आदिवासियों के जंगल व जमीन छीनने का केंद्र कर रहा प्रयास : राहुल गांधी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़/ गोला ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत रविवार को गोला पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों के जल , जंगल और जमीन की हमेशा रक्षा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश की पूंजी को देश के चंद पंजीत्तियों को सौंपने का कार्य कर रही है। जिसका हम विरोध करते हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा की बीजेपी-आरएसएस द्वारा देश में नफरत का माहौल कायम करने का प्रयास किया जा रहा है। ये सिर्फ नफरत की राजनीति करते हैं। ये एक जाति को दूसरे से और एक धर्म वाले को दूसरे धर्म वाले लड़वाने का प्रयास कर रहे हैं।

## रसोईया-संयोजिका संघ ने अक्षय पात्र का किया विरोध

**बरही।** झारखंड प्रदेश रसोईया संयोजक संघ के बैनर तले प्रखंड परिसर में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष पूनम राणा ने किया। राणा ने कहा कि बच्चो को खाना खिलाने वाली रसोईया-संयोजिका सरकार की गलत नीतियों के कारण मजबूर हैं। अधिकारियों और सरकार की दमनकारी नीति के कारण परिवार के दो जून की रोटी भी व्यवस्था करने में लाचार है। स्थानीय सांसद की अक्षय पात्रा सभी के ऊपर तलवार लटकाए दिख रही है। जिले के सभी विद्यालयों में डब्बा बंद खाना की आपूर्ति करना बच्चों एवं रसोईया और संयोजिका के लिए बेकार योजना है।इस योजना के तहत बच्चो को ताजे भोजन से दूर रखकर बासी खाना देकर उन्हें बीमार बनाया जा रहा है।वहीं संयोजिका एवं रसोइया को बेरोजगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना का उनका संघ पुरजोर विरोध करते हुए बंद करने की मांग करता है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि विद्यालयों में बच्चो को ताजे खाना खाने और बासी खाना से परहेज करने की सलाह दी जाती है।

## पुलिस और जनता के बीच फुटबॉल मैच



**चरही।** चुरचू पंचायत के सुदुरवर्तई इलाके में खेल को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ,पुलिस एवं अमजनता के बीच मधुर संबंध बनाने को लेकर फुटबॉल मैच थाना प्रभारी इंद्रदेव रजवार के नेतृत्व में हुआ। मैच नगड़ी बनाम बगजोबर के बीच खेला गया । नगड़ी के टीम का प्रतिनिधित्व चुरचू उपप्रमुख संजय सिंह ने किया ।वही बगजोबरा की टीम का प्रतिनिधित्व मुखिया प्रतिनिधी सहदेव किस्कू ने किया ।खिलाड़ियों का हौसला बढ़ने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वार दोनो टीमों को फूटबॉल किट वितरण किया गया। थाना प्रभारी इंद्रदेव रजवार ने खिलाड़ियों आग्रह करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले और बेहतर खेल प्रदर्शन व बेहतर भविष्य के लिए दोनो टीमों बधाई दी। नगडी की टीम 2 गोल मारे वही बगजोबरा एक भी गोल नही मर पाई इस मैच का विनर टीम नगड़ी रही । मौके पर ए एस आई संजय कुमार सैप जे सी वो बासुदेव सिंह थाना कर्मी शास्त्रबल सहित चुरचू ग्रामीण के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

विष्णुगढ। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरंय के प्रांगण में विद्यालय के चार दिवारी के लेकर दो समुदाय के बीच शांति समिति की बैठक हुई। 24 जनवरी को को दो समुदाय में मुहर्रम के तजिया के दरवाजा को लेकर झड़प हो गया था। सिरंय पंचायत की मुखिया हेमन्ती देवी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई । दोनों समुदाय के गणमान्य लोगो की उपस्थिति में ये निर्णय लिया कि हमलोग मिलजुल एक रहेंगे। चाहरदीवारी मुख्य द्वार एक ही रहेगा।

# खेल को बढ़ावा देने के लिए करती रहूंगी सहयोग : निशि पांडेय

▸▸ पोड़ा में जनता दरबार फाउंडेशन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जनता दरबार फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को पोड़ा मैदान में जेडीएफ क्रिकेट टुनामेंट का उद्घाटन भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय, मुखिया रीता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य प्रेमचंद यादव, मो. खलील, प्रदीप हांसदा व शांति निकेतन विद्यालय के डायरेक्टर नरेश करमाली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच भुरकुंडा एलवेन बनाम सिरका एलवेन के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए भुरकुंडा एलवेन की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 136 रन बनाएं। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी सिरका की टीम निर्धारित 12 ओवर 5 में विकेट खोकर 130 रन ही बना सकी। इस तरह भुरकुंडा की टीम मैच को 6 रनों से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। बेहतर प्रदर्शन के लिए मुसदीक को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। निशि पांडेय ने कहा कि पतरातू प्रखंड में बेहतर खिलाड़ियों की कमी नहीं है, सिर्फ सही प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है, बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी करियर बनाया जा सकता है। निशि पांडेय ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर हर संभव सहयोग करती आई हूं जो आगे भी जारी रहेगा। टुर्नामेंट को सफल बनाने में पिन्टू सिंह, अजीत यादव, मदन, अभय सिंह, मुकेश, कुलदीप, अनुज, दीपक, रंजीत, सोनू, विकास, पवन, मुन्ना, अनुप, गुड्डु, जयपाल, सुमन, पुपुन, नीरज, टोनी, धर्मेंद्र, राजकुमार, प्रांजल, सुदर्शन, रौशन, गोलू, चंदन आदि जुटे थे।

## स्पीड न्यूज

### अग्रसेन स्कूल में कैंसर पर परिचर्चा



भुरकुंडा (रामगढ़)।विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शनिवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बच्चों के बीच परिचर्चा हुआ। विद्यार्थियों ने कैंसर जैसी प्राणघातक बीमारी की वजहों और इससे बचने के उपायों पर अपनी बात रखी। विद्यार्थियों ने गुटखा और पान मसाला के सेवन को आज के दौर में इसका प्रमुख कारण बताया। इसके अलावा गलत लाइफ स्टाइल, जंक फूड का अत्यधिक सेवन, पॉलीथिन का अत्यधिक प्रयोग, स्वच्छता को दरकिनार करने को भी कैंसर का कारक बताया। परिचर्चा में अदिति कुमारी, ओम कुमारी, नवीन कुमार, अर्शल अहमद, एंजेल वर्मा, उन्नति सिंह, अदिति, खुशी पांडेय, मो अनस, अंशु गुप्ता आदि ने हिस्सा लिया।

### बोंगावार में 19 अप्रैल से रुद्र महायज्ञ



**कुजू।** 19 अप्रैल से बोंगावार शिव मंदिर में श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर मंदिर परिसर में रविवार को ग्रामीणों ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता विश्वामित्र महतो व संचालन सुखदेव प्रसाद ने किया। बैठक में महायज्ञ के सफल संचालन पर विचार विमर्श किया। 15 अप्रैल को भूमि पूजन के साथ गांव में मांस- मदिरा के खरीद -बिक्री और सेवन पर पूर्णत रोक लगाने पर अपनी सहमति जताई। बाद में कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजू गुप्ता, उपाध्यक्ष विश्वामित्र महतो, सचिव तेज नारायण कुशवाहा, उप सचिव प्रेमलाल महतो, कोषाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, खेमन महतो को बनाया गया।

### हड़ताल को ले जीएम को सौंपा नोटिस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने बरका-सयाल महाप्रबंधक के नाम कार्मिक प्रबंधक को नोटिस सौंपा है। इसमें 16 फरवरी को कोल इंडिया में घोषित हड़ताल का समर्थन करने और केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ हड़ताल को सफल बनाने की बात कही गई है। नोटिस सौंपने वालो में कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार, बिहार जनता खान मजदूर संघ के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव नरेश नायक, राहुल सिंह, बलराम चौहान, श्याम महतो आदि शामिल थे।

### जलमीनार को ले जिप सदस्य ने सौंपा पत्र

**कुजू।** मांडू भाग संख्या 3 के जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी ने ओरला पंचायत के कारीमाटी जंगल के पास खराब पड़े जलमीनार को अति शीघ्र दुरुस्त कराने को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को एक पत्र सौपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गत 5 माह से जलमीनार द्वारा पंचायत के विभिन्न गांव टोला में पानी सप्लाई बाधित है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग से त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिशीघ्र जल मीनार को दुरुस्त करने की मांग की है।

### बाजार में दवा विक्रेता की मोबाइल चोरी

भुरकुंडा (रामगढ़)। साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में प्रत्येक रविवार को मोबाइल चोरी और पॉकेटमारो के आतंक से आम लोग परेशान और भयभीत है। इस बार मोबाइल चोरी और पॉकेटमारी की घटना के शिकार भुरकुंडा के दवा व्यवसाई विजय प्रसाद वर्णवाल हुए हैं। मामले पर उन्होंने बताया की रविवार की दोपहर 12 बजे सब्जी खरीदने बाजार गया था। मटर खरीदने के समय ही मुझे पता चला की मेरे पैकट से मोबाइल की चोरी हो गई है। जबकि दो मिनट पहले ही उस मोबाइल से घर पर बात हुई थी। इस बाबत श्री वर्णवाल ने भुरकुंडा ओपी में मोबाइल गुम होने की लिखित आवेदन दिया है। मोबाइल चोरी में नाबालिग बच्चे को सक्रिय देखा गया है।

### लोहरा करमाली समाज का वनभोज



**कुजू।** लोहरा करमाली समाज समन्वय समिति का पंचायत स्तरीय आरा-सारूबेड़ा के मैदान में वन भोज सह मिलन समारोह हुआ। समारोह में अध्यक्ष प्रो जगदीश करमाली व अधिवक्ता व लोहरा उपाध्यक्ष श्रवण करमाली, छोटेलाल करमाली, सुखदेव करमाली, बैजनाथ करमाली, सुधीर करमाली, शंकर करमाली, निर्मल करमाली, प्रकाश करमाली, राजेश्वर करमाली शामिल हुए। अतिथियों ने कहा कि जिस तरह से समाज का उत्थान हो रहा है, उससे आने वाले दिनो में हमारे समाज को एक नई पहचान मिलेगी( समाज के विकास के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा, तभी समाज सहित हमारा विकास होगा। समारोह का अध्यक्षता संतोष करमाली व संचालन समाज के जिलाध्यक्ष जलेश्वर करमाली ने किया। मौके पर दशरथ करमाली, सोहन करमाली, संतोष करमाली, दिलीप करमाली, रामलखन करमाली, संजय करमाली, जीतेंद्र करामली आदि शामिल थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस दौरान बलकुदरा निवासी चंदन प्रसाद ने अपने पिता कोलेश्वर प्रसाद के तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर दातुन-पत्तल बेचने वाले दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पूरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया। साथ ही चंदन प्रसाद और उनके सहयोगी राजेश प्रसाद व दिव्य राज ने कई जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता। उन्होंने कहा की मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए।

## एक नजर में

### पदमा : कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन शुरू



**पदमा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा में इन दिनों सत्र 2024-25 में नामांकन के लिए आवेदन भरे जा रहे हैं। प्रबंधन ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आवेदन देने का आह्वान किया है। यहां कक्षा 6 में 75, कक्षा 7 में 16, कक्षा 8 में 22 एवं कक्षा 9 में 21 विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाना है। नामांकल के लिए बालिका का अनाथ होना, वंचित वर्ग से होना, विद्यालय से छीजित होना,दिव्यांग होना, आर्थिक रूप से पिछड़ा होना आदि शामिल है। नामांकन फार्म की अंतिम तिथि 9 मार्च है एवं तत्श्चात प्राथमिकता के आधार पर नामांकन किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्यालय की वार्डेन मेनका मेहता ने दी।

### तलसवार पंचायत कोर कमेटी का गठन



**बड़कागांव।** रविवार को तलसवार पंचायत के कोर कमेटी का गठन हुआ। जिसमें तलसवार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो को सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने की। बैठक में इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक सुश्री अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज मुख्य रूप से मौजूद रहे। पंचायत में विकास योजनाओं का चयन किया गया।ग्रामीणों के द्वारा कई विकास योजनाओं का प्रस्ताव दिया गया, जिसके बाद करीब एक दर्जन योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई एवं विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा अनुसंसित योजनाओं का पत्र ग्रामीणों को सौंपा गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पंचायत अध्यक्ष संजय महतो, सचिव बिहारी महतो, उपाध्यक्ष संजय साव, मीडिया प्रभारी आंनद कुशवाहा, पंचायत कोर्डिनेटर सुरेंद्र दास,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुवीर राम, बिमल करमाली,उप मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र साव,फुनू साव, नरेश कुमार साव, प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू, जितेंद्र कुमार महतो,सोहर साव,अमन कुमार महतो,शंकर साव, मुंशीलाल मांझी, गणेश महतो,झमन महतो इत्यादि सैकड़ों कार्यकताओं उपस्थित थे।

### कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की वर्षगांठ




**हजारीबाग ।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महा समिति कर्यालय हुरुहुरु निवासी जिला सचिव महेंद्र शर्मा के आवास में पूजा अर्चना कर समिति के प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा ने उद्घाटन फीता काट कर किया। पहली वर्ष गांठ छडवा डैम में प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा , प्रदेश संजोजक उमेश पांडेय शंभू नाथ मिश्रा उपाध्यक्ष धानेश्वर तिवारी सुरेश पांडेय सुरेश पांडेय मनोज पांडेय ,सत्यनारायण शर्मा श्रीनिवास पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया। श्री पंडा ने कहा कि आप सब की एकता की मजबूती से ही मैं मजबूत रहूंगा आप सबों के हर सुख दुख में साथ थे और रहेंगे। मुझे माला नही चाहिए। मुझे आप सबका सहयोग चाहिए।कदम से कदम मिलाकर चलेंगे मैं माला को प्रदेश के तमाम कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की ओर से आप सभी को समर्पित करते है। मौके पर उपस्थित ,रामचंद्र पांडेय , सुनील पांडेय ब्रिगुनंदन पांडेय ,बसंत पांडेय सुरेश तिवारी, ज्ञानन्द पांडेय भुनेश्वर पांडेय ,अयोध्या पांडेय ,पुरषोत्तम पांडेय,संतन पांडेय ,संतोष पांडेय।अजय पांडेय ,राजेंद्र पांडेय अरुण पांडेय ,मुन्नीलाल पांडेय कृष्ण पांडेय ललन पांडेय,कन्हैया पांडेय ,अनुग्रह नारायण शर्मा प्रकाश पांडेय सहित सैकड़ों समाज के पदाधिकारी एवम सदस्य उपस्थित थे।

### सोलर प्लेट गिरा, बाल-बाल बचे बच्चे

**बरकट्ठा।** प्रखंड बरकनगंगो गांव स्थित शिव मंदिर के समीप एक बड़ा हादसा टल गया जहां सोलर प्लेट से लगा टावर अचानक से गिर गया। बताया जाता है की उक्त सोलर प्लेट के माध्यम से वहां मोटर चलता था जिसके द्वारा जल सप्लाई की जाती थी। जिस वक़्त यह सोलर प्लेट गिरा उस वक़्त गांव के कुछ बच्चे वहां खेल रहे थे जो इस घटना में बाल- बाल बच गए। सोलर के समीप ही एक चापानल लगा हुआ है जिसके द्वारा गांव के लोग अपने लिए जल की आपूर्ति करते हैं।

### डोकाटांड़ चौक अब भामाशाह चौक के नाम से जाना जायेगा



**बड़कागांव।** नापोखुर्द पंचायत अंतर्गत डोकाटांड में रविवार को राष्ट्रीय तैलिक साहू महासंगठन का एक बैठक आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय तैलिक साहू महासंगठन के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष अशोक साव व संचालन ढलन साव के द्वारा संचालन किया गया। कार्यक्रम के राष्ट्रीय तैलिक साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू तथा राष्ट्रीय तैलिक साहू महासंगठन के जिला अध्यक्ष कुंजबिहारी साहू शामिल हुए। सुनील साहू ने कहा कि साहू समाज के लोगों को संगठित होकर रहना होगा तभी आपको राजनीतिक में हिस्सेदारी मिल सकती है। वहीं बैठक को वरिष्ठ समाजसेवी कन्हाई साव ने लोगों को संबोधित करते हुए समाज के हित में अपने अनुभव को साझा किया।तत्पश्चात डोकाटांड चौक में राष्ट्रीय तैलिक साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने वीर भामाशाह का प्रतिमा स्थापित के लिए विधिवत पूजा व नारियल फोड़कर करके शिलान्यास किया।मौके पर मुख्य रूप से सुनिल साहु राष्ट्रीय तैलिक साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष कुंजबिहारी साहू,रामविलास साहू,जिला उपाध्यक्ष अशोक साव,वरिष्ठ समाजसेवी कन्हाई साव,बेचन साव,हरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सिसई रोड में कार्तिक स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का हुआ शुभारंभ


फीता काटकर रेस्टोरेंट का उदैघाटन करते समाजसेवी।

**गुमला।** सिसई रोड पोद्दार धर्मशाला के सामने परिवार को कार्तिक स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का समाज सेवी कृष्णा प्रसाद सिंह के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस रेस्टोरेंट में हर तरह के स्वादिष्ट पकवान के साथ सभी तरह के मिठाईयां लोगों के लिए उपलब्ध करायी गयी है। रेस्टोरेंट संचालक सौरभ सिंह गुटरू ने बताया कि रूप टॉप व्यवस्था होटल में प्रदान की गई है। हर तरह की सुविधा ग्राहकों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट में बर्थ डे पार्टी, इंगेजमेंट पार्टी सहित अन्य छोटे-छोटे आयोजन ग्राहकों के सुविधा के अनुसार किया जाएगा। उदघाटन के दौरान रूपक कुमार, विक्की वर्मा, चंदन सिंह, रौनक पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भंडरा में श्रमदान से बड़ी मस्जिद की छत की हुई ढलाई, लोगों ने बढ़चढ़ कर लिया भाग


ढलाई करते लोग।

**भंडरा।** अंजुमन इस्लामिया भंडरा बड़ी मस्जिद की दूसरा ताला की छत की ढलाई कार्य पूरा हुआ। जिसमें लोग बड़ चढ़कर हिस्सा लिया।मौके पर सदर सदर परवेज अंसारी, सेक्रेटरी अनवर अंसारी, मौलाना बिलाल हाफिज महमूद, खुरहीद आलम, युसूफ अहमद, खलील अंसारी, फिरोज अंसारी, असलम अंसारी, तबरेज अंसारी, बशीर अंसारी, हाफिज कलीम, नसीम अंसारी, कलीम अंसारी, तैयब अंसारी, जमाल अंसारी, कमल अंसारी, हाफिज साजिद,शाहिद अंसारी, तबारक अंसारी, अब्दुल कुद्दुस, नसरुद्दीन, इकबाल अंसारी, इरफान अंसारी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे ।

### आडवाणी को भारत रत्न मिलने से संपूर्ण देश के राष्ट्रवादी गौरवान्वित हुए है : ओम प्रकाश सिंह


ओम प्रकाश सिंह।

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा भारतीय राजनीति के पुरोद्धा युग पुरुष लाल कृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिए जाने की घोषणा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि यह सम्मान से संपूर्ण देश के राष्ट्रवादी गौरवान्वित हुए हैं। श्री आडवाणी इसके सही हकदार थे। उन्होंने देश की राजनीति की दशा दिशा को बदल दिया था। श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने को गौरवशाली क्षण बताते हुए उन्हें बधाई के साथ उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, बाल कृष्णा प्रसाद, राजकुमार वर्मा, श्रीचंद्र प्रजापति, राजमोहन राम, दीपक सर्राफ, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, संजय बर्मन, अजय पंकज, अजय कुमार मित्तल, परमेश्वर भगत, सरोज प्रजापति, देवाशीष कार, अनिल पांडे, दिलीप पटनायक, दिलीप तिर्की, मिथुन तमेड़ा, शशि भूषण सिंह, अनूप राय, अतुल कुमार आदि शामिल हैं।

### परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक गजेट लेकर जाना प्रतिबंधित : उपायुक्त

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में रविवार को मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त सम्पन्न कराने के लिए बैठक हुई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सभी बीडीओ, सीओ तथा प्रतिनियुक्त सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर जाना प्रतिबंधित होगा।

भाजपा का परिचयात्मक सह संगठनात्मक बैठक संपन्न, नये जिलाध्यक्ष का हुआ अभिनंदन व निर्वतमान को दी गयी विदाई

# भाजपा में कार्यकर्ता से बड़ा कोई पद नहीं होता : मनोज मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता


नये जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करतीं आशा लकड़ा।


बैठक में शामिल भाजपा के कार्यकर्ता।

**गुमला।** जिला भारतीय जनता पार्टी की परिचयात्मक सह संगठनात्मक बैठक रविवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में संपन्न हुई। बैठक में नये जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू का अभिनंदन व निर्वतमान जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी को ससम्मान विदाई दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा, नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, भूपन साहु विजय मिश्रा, अनुपचंद्र अधिकारी, भिखारी भगत, किरण माला बाड़ा, सागर उरांव उपस्थित थे। सर्वप्रथम आगत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित करते हुए सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने कहा गुमला को नये जिलाध्यक्ष के रूप में शिव प्रसाद साहु मिले हैं। जिनका पुराना अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। उन्होंने कहा दायित्व मिलना बड़ी बात नहीं है कार्यकताओं के दिल में जगह बनाना बड़ी बात है। भाजपा में कार्यकर्ता से बड़ा कोई पद नहीं होता। गुमला जिला का संगठन हमेशा से पूरे झारखंड में संगठन कार्य मे आदर्श रहा है। सबको साथ में लेकर मोर्चा, जिला कमिटि को सशक्त बनाएंगे, आगामी चुनाव में भाजपा का परचम लहराएंगे। वहीं निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी ने कहा भाजपा बड़ा परिवार है। अपनी अध्यक्षता में समर्पण-निष्ठा, ईमानदारी पूर्वक कार्य किया, कार्यकताओं द्वारा जो उन्हें सनेह सहयोग प्यार मिला उसको आजीवन नहीं भूल सकता। आने वाला दिन भाजपा का है अध्यक्ष तो सिर्फ एक माध्यम है कार्य तो कार्यकर्ता करते हैं। भाजपा का संगठन कार्यकताओं के त्याग तपस्या बलिदान द्वारा सींचा गया है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सहारे देश को आगे ले जाना है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जहां कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव ने कहा भाजपा संगठन आधारित पार्टी है, संगठन के प्रति श्रद्धा, शालीनता, धैर्य ही कार्यकर्ता को अनुशासित बनाता है, नया जोश के साथ जिले का लोकसभा सभी विधानसभा सीट जीतेंगे। प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने कहा कि निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी का कार्यकाल संगठन के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहु ने कहा प्रदेश नेतृत्व द्वारा जो महत्वपूर्ण दायित्व मिला है उसको पूरी ईमानदारी पूर्वक कार्यकताओं के विश्वास के साथ हर एक पल संगठन के लिए काम करेंगे। पंचनिष्ठा को ध्यान में रखते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास से मातृशक्ति हर एक मोर्चा को सशक्त बनाएंगे। जिले में भ्रष्टाचार, लापरवाह अफसर को चिन्हित कर कारवाई करेंगे। केन्द्र की योजनाओं का लाभ घर-घर पहुचाएंगे। वहीं राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा ने संगठन का कार्य गांव चलो अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकताओं को आगे आने का आह्वान किया। मंच का संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सुजीत नंदा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यशवंत सिंह, गोपाल केसरी, दिनेश्वर प्रसाद,गायत्री देवी, प्रतिमा देवी,अशोक उराव, शांति देवी, सुकांति देवी, शकुंतला उराव, चितरंजन मिश्रा, अरविन्द मिश्रा, बालकेश्वर सिंह, रामेश्वरी उराव संतोष सिंह रविशंकर सिंह, संजय कुमार गुप्ता, विकास साहू, देवदत्त भारती, कंचन सिंह, पायल तिवारी, कंचन लाल, निर्मल गोयल, सुजीत नंदा, दिनेश सिंह, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, विपिन सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, बबलू वर्मा, अरविंद सिंह, गौरीकिंडो, गोपाल निधि, सुमन कुमार, अशोक कुमार साहू, राजेश सिंह, केदार साहू, जोगिंदर सिंह, दीपांकर साहू, सुदेश्वर साहू, अनीता बड़ाईक, कामेश्वर साय, सुमित प्रसाद, लालमोहन साहू, बीरबल सिंह, संदीप प्रसाद, सुशील गोस्वामी, सूरज कुमार साहू, शिवदयाल गोप, सुमन कुमार, राम अवतार भगत, हरि शंकर त्रिपाठी, रविंद्र कुमार सिंह, सुभाष एलबुम तिग्गा, देवेंद्र लाल उरांव, रंजीत सोनी, अनिल साहू, मनोहर राय, योगेंद्र सिंह, महेंद्र भगत, संतोष कुमार देवघरिया, सोनू कुमार सिंह, अजीत कुमार, सनोज वर्मा, उज्जवल कुमार मिश्रा, सुमित कुमार महली, सतीश मिश्रा, लक्ष्मी नारायण यादव, देवनारायण सिंह, अर्जुन सिंह, संजय महतो, गुड्डी नंदा, रेखा सिन्हा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो लोगों की हुई मौत

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के नेतरहाट रोड हनुमान मंदिर के समीप शनिवार की रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में विशुनपुर थाना क्षेत्र के सखुआपानी निवासी बीणा कुमारी व बाईक चालक भवेश भगत के नाम शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका बीणा कुमारी मोबाईल रिजार्च कराकर घर स्थित अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बाईक सवार ने उसे धक्का मार दिया। घटना के बाद बाईक सवार भवेश भगत व छात्रा बीणा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए घाघरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को गुमला ड्रोज दिया गया। गुमला में चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 9 फरवरी से आरंभ

खबर मंत्र संवाददाता


सजा मंदिर।

**लोहरदगा।** शहर के पुराना शुकबाजार अजय पार्क के पास श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो जाएगा। इस निमित्त शनिवार संध्या को भगवान हनुमान त भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा जो राजस्थान के कारीगरों द्वारा मकराना पत्थर से निर्मित देवताओं का आगमन लोहरदगा में हुआ। ब्लाक मोड से श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर के पदाधिकारी व शहर के शनातनी लोगों ने स्वागत व शोभायात्रा निकलते हुए मंदिर प्रांगण लाया गया। शोभायात्रा में मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज कुमार प्रजापति, सचिव प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महेन्द्र प्रजापति, गोलू प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, प्रमोद कुमार, गुडू गुप्ता, मोहन कुमार, अजय प्रसाद, राहुल कुमार आदि शामिल थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज प्रजापति, सचिव प्रदीप गुप्ता और कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल आदि ने बताया कि तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा। आगामी 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा व भंडारा, 10 फरवरी को वेदी स्थापना एंव देवी देवताओं का पूजन यज्ञ हवन भंडारा साथ ही शोभायात्रा, 11 फरवरी को आवाहित देवी देवताओं का पूजन एंव अचल प्राण प्रतिष्ठा श्रंगार पूजन हवन पूणाहुति आरती प्रसाद वितरण तथा 13 फरवरी को संध्या 7 बजे से भव्य जागरण कार्यक्रम होगा।

## देश सेवा सर्वोपरि है, देश के स्वाभिमान की रक्षा हर व्यक्ति आगे आकर करे : राजू उरांव

खबर मंत्र संवाददाता


सेवानिवृत्त आर्मी जवान का स्वागत करते लोग।

**घाघरा।** आर्मी हवलदार के पद से सेवा निवृति होकर घाघरा घर पहुंचे जवान राजू उरांव का रविवार को लोगों ने माला पहनाकर व गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस क्रम में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष घाघरा पुराने पेट्रोल पंप के समीप पहुंचकर राजू उरांव को माला पहनाया शाल ओढ़ाकर व बुके देकर स्वागत किया। मौके पर रिटायर्ड आर्मी हवलदार राजू उरांव ने बताया कि विगत 2004 में आर्मी जवान के रूप में उनका चयन हुआ था। 2019 में उसे प्रोनोति कर हवलदार बनाया गया था। जिसके बाद पूर्ण रूपेण वे 20 साल एक महीना ड्यूटी 8 राज्यो में पूरा कर महाराष्ट्र नासिक से रिटायर्ड हुए और अपने घर आज लौटे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश सेवा सर्वोपरि है। हमें अपने देश के महान स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए आगे आने की जरूरत है। युवाएं को संदेश देते हुए कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। युवा देश का गौरव, देश की रक्षा के लिए संकल्पित हो और आर्मी में जाये और देश लिए राष्ट्र के लिए खुद को समर्पित करे।मौके पर राजेश उराव, दीवान भगत, महादेव भगत, लेदवा उराव, भैयाराम उराव, सहवीर उराव, लक्ष्मण उराव, राजकुमार केरकेटा, बिमला केरकेटा, कमला केरकेटा, नीलम देवी, श्री मुनि उराव, अंजू उराव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### प्रतिभा कभी नहीं छुपती, बस उसे सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है : अभिषेक


वॉलीबॉल किट देते आजसू नेता।

**लोहरदगा।** आजसू के नगर प्रधान सचिव कुमार अभिषेक उर्फ सूर्या सिन्हा ने नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 राजा बंगला में बॉलीबॉल और नेट का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की युवा साथी मन लगा के खेले और खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारे। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, आज नहीं तो कल निखर के आएगी। उन्होंने कहा की आजसू पार्टी हमेशा युवाओ के साथ खड़ी है। और खेल के क्षेत्र में हरसंभव खिलाड़ियों को मदद करने की बात कही। खेल सामाग्री वितरण में सूर्या सिन्हा के साथ नगर उपाध्यक्ष आयुश गोयल, प्रदीप नायक, सौरव समीर, सन्नी अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव और काफी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे।

### एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा का हुआ आयोजन

**गुमला।** 46 झारखंड बटालियन एनसीसी, गुमला के तत्वावधान में तीन ज़िलों में एकसाथ एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित की गई। यह जानकारी देते हुए कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार ने बताया कि आज गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा तीन ज़िलों में पाँच परीक्षा केंद्रों में एक साथ परीक्षा हुई। जिसमें द्वितीय वर्ष के लगभग 750 जूनियर डिवीजन तथा जूनियर विंग कैडेट्स ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय जूनियर हैंडबॉल खेल कर लौटी बेटियों का गुमला में हुआ जोरदार स्वागत



**गुमला।** बिहार के छपरा में अयोजित 45 वीं राष्ट्रीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में गुमला जिले के तरफ झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर वापस लौटी दो खिलाड़ी प्रीति टोप्पो तथा दीपिका कुमारी का स्थानीय टावर चौक पर रविवार को जोरदार स्वागत किया गया। स्पोर्ट्स अकादमी गुमला सह झारखंड हैंडबॉल के सह सचिव सैय्यद जुन्नु रैन, नगर पालिका के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, हफीजुरहमान, समाज सेवी कल्लू व अकादमी के सिनियर खिलाड़ियों एवं प्रीति के मम्मी पापा उनके सगी संबंधी ने उनका माला पहन कर मिठाई खिला कर स्वागत किया।

## एक नजर में

### यश, आनंद और आदर्श को मिला ब्राउन बेल्ट


सफल खिलाड़ी के साथ प्रशिक्षक।

**लोहरदगा।** एस.एस.स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन एवं शोतोकान स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में लोहरदगा कराटे क्लब ललित नारायण स्टेडियम में एकदिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें रेंसी श्रवण साहु ब्लैक बेल्ट छठवीं डॉन( जापान)ने कराटेकारों का ग्रेडींग लिया। जिसमें सफल कराटेकार में पर्पल से ब्राउन थर्ड क्यू यश उरांव,आदर्श उरांव और आनंद उरांव ब्लू से पर्पल बेल्ट सानिया परवीन, प्रियांशु सिंह ग्रीन से ब्लू बेल्ट मृगांक वैभव, तन्मय यादव, अमन उरांव और उमर अंसारी ऑरेंज से ग्रीन बेल्ट मुस्तरी खातून, येलो से ऑरेंज बेल्ट दीपांशु उरांव और सुनीत उरांव व्हाट से येलो बेल्ट आदि उरांव और प्रतीक उरांव रहे। बताते चले कि इस ग्रेडिंग परीक्षा में यश उरांव महज 7 वर्ष की आयु में ही ब्राउन बेल्ट थर्ड क्यू में जाने वाले लोहरदगा जिला के सबसे कम उम्र के कराटेकार हैं। इनका कराटे में एडमिशन 3 वर्ष 6 माह की आयु में ही हो गई थी और इन्होंने 2 बार राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप तथा इस बार ही नेशनल कराटे चैंपियनशिप में अपना सहभागिता कराया। इन सभी कराटेकारों की सफलता पर लोहरदगा जिला कराटे संघ के संरक्षिका सुषमा सिंह, अध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक, उपाध्यक्ष सेंसाई कयूम खान, कोषाध्यक्ष शिल्पा खेस, प्रशिक्षिका सूर्यावती देवी, दिव्याकाश साहू,गोविंद उरांव आदि ने सभी को बधाई दी।

### पुलिया के नीचे से घाघरा पुलिस ने किया शव बरामद, कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा


पुल के नीचे पड़ा शव व साइकिल।

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेती सुगीटोली गांव स्थित आरसीसी पुलिया के नीचे पुलिस ने एक व्यक्ति का शव रविवार को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मृतक की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के रन्हे गांव निवासी लहरू गोप के रूप में की गई। वर्तमान में मृतक कोटामाटी गांव में रहता था। वह शनिवार को लेहा मोड़ स्थित बाजार साइकिल से गया था। वही देर शाम वह साईकिल से कोटामाटी गांव अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में वह आरसीसी पुलिया के नीचे साईकिल सहित गिर गया। रात होने के कारण कोई भी व्यक्ति उसे नहीं देख सका। वहीं परिजन भी लहरू के घर नहीं लौटने पर काफी खोजबीन किये। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। रविवार को सुबह में ग्रामीणों ने पुलिया के नीचे एक व्यक्ति का शव देखा। जिसके बाद इसकी सूचना परिजनों और घाघरा थाना को दी गई। पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

### सेवा भारती ने किया लगातार 86वें सप्ताह जांच शिविर का आयोजन


शिविर में मौजूद लोग।

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 86 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की मानव सेवा ही नारायण सेवा है। जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है। डॉ कुमुद ने कहा की समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से बिमारी का जानकारी मिल सकता है जिससे की समय पर इलाज हो सके। सहसचिव संजय चौधरी एंव शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दुर दुर से लोग यहाँ आ कर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं,और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। शिविर में गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, दुर्गा प्रसाद सोनी, अतुल सर्राफ, मुकेश महतो, सत्यम सर्राफ, गोपाल महतो, मोतीलाल अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, अशोक अग्रवाल, सुबोध महतो, सोनिया पोद्दार, डोमन चंद्र कर्मकार, कृष्ण प्रसाद, राजू अग्रवाल, सोनी देवी, प्रदीप खत्री, प्रभु दयाल साहू, शशि प्रताप तिवारी, विकास अग्रवाल, रुपेश चौधरी, उदय कास्यंकार, प्रदीप तमेड़ा, सुनील अग्रवाल, रामचंद्र गिरी, आस्था कुमारी आदि मौजूद थे।

### झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय पुराने पेट्रोल पंप के समीप रिटायर्ड आर्मी जवान दीवान भगत के आवास में झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शलिंद्र उरांव ने की। बैठक में समिति के मजबूती और प्रखंड कमेटी विस्तार को लेकर चर्चा की गई। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में समिति के द्वारा उम्मीदवार उतारने सहित कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। प्रखंड समिति का विस्तार आगामी 11 फरवरी को पुन: घाघरा में बैठक कर किए जाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय युवा मोर्चा महासचिव सन्नी संदीप तिग्गा ने कहा कि समिति की मजबूती पर सभी कोई ध्यान दें।

विरोध में लोगों ने रांची-कुडु मुख्य पथ 7 घंटे तक किया जाम, प्रशासन के आश्वाशन के बाद हटा जाम

# कुडू में पूर्व पंचायत समिति सदस्य की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

- सीसीटीवी में कैद हुए दोनों अपराधी, जांच में जुटी पुलिस

खबर मंत्र संवाददाता


शव के पास बिलखते परिजन।


थाना गेट का घेराव करतीं महिलाएं।


संतोष मांझी (फाइल फोटो)।

**लोहरदगा।** जिले के कुडू बाजार टांड़ बिजली आफिस के समीप रविवार की सुबह दो अज्ञात अपराधियों ने कुडू पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष मांझी उर्फ मंगलू की गोली मार कर हत्या कर दी। संतोष को चार गोली मारी गई है। संतोष कुडू पंचायत की पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी के पति भी हैं। घटना की सूचना मिलने के साथ ही कुडू थाना पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। कुडू मुख्यालय में कई स्थानों पर सड़क जाम कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हुए हैं। पुलिस और अधिकारियों द्वारा लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने घटना की पुष्टि की है। एसपी ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी के आधार पर दोनो अपराधियो को पकड़ने को लेकर छापेमारी की जा रही है। जांच के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। इधर घटना को लेकर कुडू में स्थिति असामान्य हो गई है। लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि लगातार इस तरह की घटना हो रही है। इस पूरे मामले में पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। कुडू पूरे बाजार में दुकान स्वतः बंद हो गई है। प्रशासन के अथक प्रयास से लगभग सात घंटे बाद मृतक के परिजनों को प्रशासन के द्वारा तत्कालीन सहायता राशि, आउटसोर्सिंग के तहत प्रखंड कार्यालय में एक आश्रित को नौकरी, बस स्टैंड में सरकारी दुकान, आने वाले समय में आंगनबाड़ी सेविका का आश्वासन दिया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने 72 घंटे के अंदर अपराधियो की गिरफ्तारी और मामले को सुलझाने की बात कही। जिसके बाद जाम हटी। जाम के कारण कुडु से रांची और चंदवा जाने वाले दोनो सड़क पर लंबी दूरी के यात्री वाहन सहित कई गाड़ियां फंसी रही जिससे कई किलोमीटर तक गाडियां की लाइन लग गई। प्रशासन के तरफ से एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव आदि मौजूद थे।

### कुडु में लगातार आपराधिक घटना से लोग भयभीत

कुडु प्रखंड क्षेत्र में खासकर कुडु मुख्यालय में लगातार अपराधी घटना को अंजाम देने में सफल हो जा रहे है जिससे आम लोगो में भय का माहौल देखा जा रहा है। बीते वर्ष नवंबर महीने में कुडू निवासी विकास साहू को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विकास साहू कुडू धोबी टोला अपने घर पर थे तभी उन पर गोली चली थी। इसके तुरंत कुछ दिन बाद टाटी बीसी प्वाइंट संचालक अमर पासवान पर गोली चली अमर पासवान की बहादुरी के कारण आरोपी पकड़े गए। गोली लगने के बाद भी अमर पासवान ने एक आरोपी को धर दबोचा था। वही तीसरी घटना बस स्टैंड में मुर्गा दुकान संचालक गुड्डू पासवान पर भी अपराधियो ने गोली चलाई थी।

### लोन दिलाने के नाम पर पैसे ठगी करने के आरोप में 9 साइबर आरोपी गिरफ्तार

# मेटा एड्स एप के जरिये लोगों को धनी फाइनेंस लिमिटेड से लोन देने का देते थे झांसा : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस ने लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के गिरोह का खुलासा करते हुए 9 साइबर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, गिरफ्तार अभियुक्तों में बिहार राज्य के जिला नवादा, थाना काशीचक, बाउरी निवासी कमलेश कुमार पासवान पिता रामवृक्ष पासवान, जिला नालंदा कतरीसराय निवासी अजित पासवान पिता विशुनदेव पासवान, अनिल पासवान पिता अर्जुन पासवान, पप्पू पासवान पिता स्व राम गुलाम पासवान, जिला नालंदा थाना शारे पीपरापुर निवासी भरत कुमार पिता रामप्रवेश पासवान, कर्नाटक जिला मैसूर बेंगलोर निवासी मुरली पिता राजू के जवाइस पिता कुट्टी और गुरु किरण पिता मुनि कृष्णा के नाम शामिल है।

आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लाख 20 हजार की राशि के अलावे 22 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, 1आधार कार्ड, क्यूआर कोड, स्कैनर, 32 सिम कार्ड ,115 पीस लक्की ड्रा स्केच कूपन बरामद किया गया। उपरोक्त जानकारी रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने दी। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों के एक गिरोह कोडरमा थाना क्षेत्र के दूधिमाटी में सक्रिय होकर धनी फाइनेंस लिमिटेड से लोन दिलाने के लिए पहले लोगों को झांसे में लेकर लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करता था, मामला संज्ञान में आने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम गठित किया गया, टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा छापामारी कर उपरोक्त साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में यह पता चला कि पकड़े गए आरोपियों के द्वारा मेटा एड्स एप्प का प्रयोग कर धनी फाइनेंस लिमिटेड का फर्जी विज्ञापन सोशल मीडिया में डाल कर लोगों को लोन दिलाने के लिए पहले झांसे में लेता था और उसके बाद लोन की स्वीकृति हेतु प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ऑनलाइन पैसे की ठगी करता था। एसपी ने बताया कि घटना को लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 18/24 में मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। छापामारी टीम में एसडीपीओ के अलावे थाना प्रभारी द्वारिका राम, एसआई कुंदन कुमार, ऋषिकेश कुमार सिन्हा, लव कुमार आदि शामिल थे।




## डॉ नीरा ने दो करोड़ पचास लाख की लागत से बनने वाले पुल का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड के मुबन पंचायत अंतर्गत गोलगो जंगल स्थित भीतीयाही नदी पर रविवार को विाायक डॉ. नीरा यादव ने पुल का शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने कहा कि इस पुल के बनने से लोगों को लाभ मिलेगा। बरसात के दिनों में लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, वहीं उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। वहीं संवेदक वीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि यह पुल एक वर्ष में बनकर तैयार हो जायेगा। पुल दो करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से बनना है। मौके पर जिप सदस्य शांति प्रिया, मुखिया प्रवीण कुमार, मनोज कुमार मेहता, सुनील मेहता, नीलकंठ मेहता, परमेश्वर यादव, सुरेश विश्वकर्मा, शिशिर सिंह, महेन्द्र यादव, कारु सिंह, प्रवीण यादव, विनय मोदी, महेश मेहता, मुकेश राम, सुनील भारती, त्रिपुरारी सिंह, दीपक कुमार, शंभू राणा, भागवत खटीक, प्रकाश शर्मा, राजेश यादव, उपेन्द्र पांडेय, चंदन यादव, महावीर यादव, रामबालक सिंह, महेश यादव, विजय यादव, शिबू सिंह, महेश यादव, भोला सिंह, सीतो सिंह, डीजन सिंह, रवि यादव आदि मौजूद थे।

## विश्वकर्मा अधिकार रैली को सफल बनाने को लेकर बैठक

**चतरा।** 18 फरवरी को रांची में बढ़ई विश्वकर्मा समाज का अधिकार रैली का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर मयूरहंड स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बाबूलाल राणा ने किया। जिसमे समाज के लोगों ने रांची में आयोजित अधिकार रैली में अधिक संख्या में जाने का निर्णय लिया।

# अंतरराष्ट्रीय कैंसर दिवस पर कैपिटल विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अजीत सिंह और डॉ. तेजनारायण के द्वारा डॉ. जेपीएन बर्णवाल को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस सेमिनार का आयोजन विज्ञान विभाग एवं फॉमेर्सी विभाग के द्वारा करावाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कैंसर क्या है ? तथा इससे बचने के उपायों से हमें अवगत कराते हुए कहा कि अगर हम अपने आप को इस बिमारी से दूर रखना चाहते हैं तो हमें अपने खान-पान का खास ख्याल रखना चाहिए। कैंसर एक ऐसी बिमारी है जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है, उन्हें पीड़ित करती है और उनके परिवारों को दुखी करती है, मगर इस दुर्भाग्य के बीच, हमारे पास आशा, संघर्ष और प्रगति की किरणें हैं। जब भी हमें ऐसा लगे कि हमारे शरीर में कुछ अनचाही चीजों ने जगह ले ली है तो हमें तुरंत संबंाित विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए और उसे बढ़ने से पहले ही रोक कर उस पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। वहीं कुलसचिव डॉ.अजीत सिंह ने कहा कि आज के दिन का उद्देश्य है जागरूकता बढ़ाना, रोकथाम को बढ़ावा देना और कैंसर से प्रभावित लोगों का समथर्न करना है, तो आइये इस विश्व कैंसर दिवस पर हम करूणा, आशा और दृढ़ संकल्प के साथ एकजुटता से खड़े हो, साथ मिलकर हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जहां कैंसर अब दुनियाभर में व्यक्तियों और समुदायों के जीवन पर कोई छाया नहीं डालेगा। वहीं निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने स्वास्थ सेवा प्रदाताओं, देखभाल कर्ताओं और प्रोत्साहन कर्ताओं के अथक पर्यासों की सराहना की जो कैंसर की जांच, उपचार और समथर्न सेवाओं को सुाारने के लिए काम करते हैं। वहीं प्रो. प्रिया कुमारी ने कहा कि हमें अपने जीवन में अल्कोहल, गुटखा जैसे चीजों को जगह नहीं देनी चाहिए अन्यथा हम अपने जीवन में उन चीजों को नहीं देख पाएंगे, जिनके हम हकदार हैं। मौके पर प्रो. अजय कुमार बर्णवाल, विशाल कुमार यादव, प्रो. सुलोचना नायक, प्रो. वंदना भदानी, प्रो. हरिहर बर्णवाल, प्रो. अजय कुमार बर्णवाल, प्रो.प्रिया कुमारी, प्रो.चंदन कुमार, प्रो. हरिहर बर्णवाल, प्रो. अजय कुमार दांगी, प्रो.चंदन कुमार, प्रो. मिथिलेश कुमार यादव, रिंकु कुमारी, पूजा कुमारी, वर्षा कुमारी, गजाला परवीन, साक्षी कुमारी, आशीष कुमार सिंह, मनमोहन सिंह, सुाीर कुमार तिवारी, मोनिका, सुनिता समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।







## विश्वकर्मा अधिकार रैली को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार हुआ तेज

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के आह्वान पर रांची के मोरहाबादी मैदान में 18 फरवरी को आयोजित विश्वकर्मा अधिकार रैली को सफल बनाने और जिले से अधिक से अधिक लोगों की जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर समाज के जिला इकाई के जिला और प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारी घर घर जाकर समाज के लोगों को रैली में शामिल होने और आंदोलन को सफल बनाने की अपील कर रहे है। समाज के पदाधिकारियों ने लोकाई, इंदरवा, लरियाडीह, नगरखारा, चांदेडीह, नावाडीह, जयनगर प्रखण्ड के तिलोकरी मरकच्चो प्रखण्ड के चोपनाडीह, दशारो आदि क्षेत्रों में सघन प्रचार प्रसार कर लोगों को रैली में शामिल होने की अपील किया। मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष सुभाष राणा, रामेश्वर राणा, भुवनेश्वर राणा, रामचंद्र राणा, अधिवक्ता बाबूलाल राणा, आशीष राणा, अभिजीत राणा, राहुल राणा, विनोद विश्वकर्मा, भोला राणा आदि मौजूद थे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने सिमरिया विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास को मनोनीत करने पर रविवार को इटखोरी में सिमरिया विधायक किशुन कुमार की स्वागत यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने पुष्प माला पहना कर व लड्डू खिलाकर बधाई दी गई । कुछ कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की और लड्डू खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। स्वागत यात्रा इटखोरी चौक से शुरू होकर, गांधी चौक, धनखेरी, होते हुए भद्रकाली मंदिर पहुंची। तत्पश्चात उन्होंने प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना भी की और पुरे प्रदेश के लोगों के लिए मां भद्रकाली से कामना भी की।

## गोस्वामी समाज कल्याण समिति का वनभोज संपन्न

**जमशेदपुर।** रविवार 4 फरवरी 2024 को गोस्वामी समाज कल्याण समिति का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह शिवशंकर गिरि एवं ललन गोस्वामी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। समारोह का संचालन सौरभ गिरि ने किया। समारोह में वरिष्ठ महिला एवं पुरूष को समिति द्वारा सम्मानित किया गया, एवं शिक्षा के उपर सभी मेघावी छात्र छात्राओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। डांस प्रतियोगिता में लवान्या साण्डिल्य को प्रथम एवं अकांक्षा गिरि को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## पुलिस ने अंतर जिला चोर गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

**चतरा।** सदर पुलिस ने अंतर जिला चोर गिरोह के तीन सदस्यो को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक ट्रक (एनएल 02 एन 9114), एक बोलेरो (जेएच 10 एएम 6588) व चोरी के तीन पाइप (जलापूर्ति) जब्त किया गया है। गिरफ्तार चोरो में धनबाद जिला पूर्व टुंडी थाना क्षेत्र के चलधावां निवासी सह बोलेरो चालक मो. अजीमुद्दीन, बेलगड़िया निवासी सह ट्रक चालक राजेंद्र पासवान व खेरटाड़ निवासी मुकेश महतो शामिल हैं। यह जानकारी थाना प्रभारी शिवप्रकाश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लक्षणपुर स्थित भेड़ीफॉर्म के समीप बन रहे जलमीनार में कुछ लोग चोरी कर रहे है। सूचना के आलोक में छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां पहुंची और तीनो को धर दबोचा। बताया कि उक्त चोर गिरोह क्षेत्र में लगातार सक्रिय थे। 26 जनवरी 2024 को लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म के पास जलमीनार से 78 पीस पाइप (जलापूर्ति) की चोरी कर ली गयी थी।

# मोटरसाइकिल की चपेट में आने से किशोरी घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह मुख्यमार्ग पर नवादा पुल के समीप रविवार को तेज रफ्तार दो पहिया वाहन की चपेट में आने से एक किशोरी बुरी तरह से जख्मी हो गयी। वहीं जख्मी किशोरी की पहचान 13 वर्षीय कोमल कुमारी पिता शिवकुमार सिंह ग्राम ारगांव थाना नवलशाही निवासी के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी अपने घर से पुरनाडीह चौक कुछ घरेलु सामान लाने जा रही थी, इसी दौरान नवादा पुल के समीप तेज रफ्तार मोटरसाईकिल की चपेट में आ गई और बुरी तरह से जख्मी हो गयी। वहीं घटना की सूचना पाकर नवलशाही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घायल किशोरी को कुमार क्लिनिक पुरनाडीह में ईलाज के लिए भेज दिया।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद का सैन्य सम्मेलन एग्रिको में संपन्न

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद,जमशेडपुर का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनका नियोजन है जिससे उनकी जीवन शैली समाज के साथ गतिमान हो सके। हम सबको मिलकर एक सशक्त सैनिक संगठन बनाना है जिससे सैन्य हितों की रक्षा के साथ साथ उनको स्तरीय रोजगार मिल सके। आज यह बात एग्रिको में आयोजित सैन्य सम्मेलन के दौरान अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा।

### एक नजर में

## सनराइज पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** जाकिरनगर गरीब नवाज कालोनी स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि शिशु रोग विशेषज्ञ डा . अजय मिश्रा थे । इस अवसर पर स्कूल के सचिव मुसन्ना उसमानी , निर्देशक रूमी उसमानी ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया ।इस मौके पर स्कूली बच्चों ने विभिन्न रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने नृत्य व संगीत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिस मे सोलो डांस , माइम परफार्मेंस , भांगड़ा डांस आदि शामिल हैं । प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने भी अपने नृत्य से दर्शकों को लुभाया । बेस्ट स्टुडेंट ऑफ द इयर का पुरस्कार कक्षा 8 की रौनक नसीम को व अमन अहमद कक्षा 4 को दिया गया । बेस्ट कक्षा का अवार्ड कक्षा 5 को दिया गया । वार्षिक परीक्षा मे होनहार विद्यार्थियों को प्रथम , द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। सीनियर श्रेणी मे बेस्ट शिक्षक का अवार्ड गजाला जाफरीन को व जुनियर श्रेणी मे शाहीना बानों को अवार्ड से सम्मानित किया गया । इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य हेलाल अहमद व जामी उसमानी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन स्कूल की प्राचार्या शानी नीलोफर के धन्यावद ज्ञापन से हुआ ।

## एनटीटीएफ के 4 छात्रों का फैनुक में चयन, 5 लाख के पैकेज पर लॉक

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों फानुक कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा,तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया ।जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। कंपनी फैनुक द्वारा एनटीटीएफ के 4 छात्रों को 05 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया ।सभी छात्रों ने 05 राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई ।सभी चयनित छात्र सुखमीत सिंह,हर्षदीप सिंह, शाहिल राय ,अभिनंदन दास मोदक फाइनल ईयर के( सीपी-15 ) डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के हैं। सभी छात्रों को ने 05 लाख की पैकेज पर बैंगलोर स्थित फैनुक कंपनी के लिए लॉक किया है ।छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौर्वांगित है। इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन एवम् उप प्राचार्य रमेश राय ने सभी छात्रों को उनके उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। मौक पर रमेश राय,हरीश,दीपक सरकार,नेहा,प्रीति साथ उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दिल्ली में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा से मिले भाजपा नेता सतीश सिंह

**जमशेदपुर।** आज नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा जी का वरिष्ठ भाजपा नेता व नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश संयोजक सतीश सिंह की मुलाकात हुई। सतीश सिंह ने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा जी को रामचरितमानस देकर सरकार बनाने के लिए बधाई दी एवं झारखंड आने का न्योता दिया।

## किशुन दास के भाजपा एससी मोर्चा का अध्यक्ष चुने जाने पर मुखी ने दी बधाई

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को भाजपा के सातों मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा किशुन दास को अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री सतीश मुखी ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सतीश मुखी ने कहा कि सिमरिया के विधायक और सरल स्वभाव के धनी किशुन दास जी को प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी मिलने से उनके लंबे सार्वजनिक जीवन का लाभ संगठन को मिलेगा। सतीश मुखी ने विश्वास जताया कि उनके मनोनयन से सिर्फ अनुसूचित जाति ही नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य वर्ग के लोग भी अधिक से अधिक पार्टी से जुड़कर संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## आस्था व प्रेम के पर्व 'कुंडा फातिहा' श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**जमशेदपुर।** लौहनगरी के मुस्लिम बहुल छेत्रों में आस्था व प्रेम का पर्व ' कुंडा फातिहा ' श्रद्धापूर्वक मनाया गया ।मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे अहले सुन्नत व जमाअत से जुड़े लोगों ने कई दिनों की तैयारी के बाद आज अपने अपने घरों पर सुबह से ही हजरत इमाम हुसैन र . के परपोते हजरत इमाम जाफर सादिक र . के नाम पर खीर पूरी पका कर नजर किया । यह फातिहा इमाम जाफर सादिक र . से संबंधित है। आप र . का जन्म अरबी वर्ष 80 हिजरी के शव्वाल माह मे हुआ था। आप र . को इमामे आजम के इमाम होने का भी गर्व प्राप्त है ।

## पतरा खुर्द को हराकर डंडीला ने जमाया क्रिकेट टूर्नामेंट पर कब्जा

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम हीरा सिकनी में युवा स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित एक महीने से चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट का रविवार को समापन हुआ। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच डंडीला बनाम पतरा खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें पतरा खुर्द ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 125 रन बनाए जबकि डंडीला ने 19 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इसके पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि उप मुखिया ललीता देवी ,दक्षिणी जिला परिषद प्रतिनिधि मदन पासवान, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

# अफीम लदे स्विफ्ट कार को पुलिस ने किया जब्त, तस्कर भागने में हुआ सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए अफीम लदे एक स्विफ्ट कार को जप्त किया गया है। चतरा एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिला था कि हंटरगंज के बरहपुर की ओर से अफीम लदा एक स्विफ्ट कार गांव में लगा हुआ है। सूचना मिलने के बाद हंटरगंज अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा के नेतृत्व में टीम गठित कर बरहपुर गांव पहुंचे। पुलिस को देख बरहपुर गांव के पास स्विफ्ट में बैठा एक व्यक्ति कार छोड़कर भागने लगा। झाड़ी और जंगल का लाभ लेकर कार में बैठा व्यक्ति भागने में सफल रहा। भाग रहे व्यक्ति की पहचान बरहपुर गांव के राजेश कुमार उर्फ लंबू के रूप में किया गया है। राजेश यादव के घर के पास लगे स्विफ्ट कर की तलाशी लेने पर ड्राइवर सीट के नीचे एक गमछा में लपेटकर रखा 1 किलो 755 ग्राम अफीम बरामद किया गया। पुलिस अफीम लदे स्विफ्ट को थाना ले आई है। जप्त स्विफ्ट कार का नंबर जेएच 02 बीई 7463 है। फरार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। छापामारी अभियान में सीओ अरुण कुमार मुंडा के साथ एसआई नितेश दुबे, अनंत शाह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# झारखंड सेंट्रल पब्लिक स्कूल का मना 22वां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मुख्य मार्ग रामडीह स्थित झारखंड सेंट्रेल पब्लिक स्कूल का 22वां स्थापना दिवस बहुत ही ाूमााम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्थापना दिवस के मौके पर स्कूल के द्वारा निःशुल्क नामांकन मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चों को उक्त स्कूल में नामांकन करवाने को लेकर रुचि दिखाई। स्थापना दिवस पर स्कूल के प्रबांक अभय कुमार ने अभिभावकों व ग्रामीणों से कहा कि पिछले 22 वर्षो से इस विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य निरंतर जारी है। जहां बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करना ही एक मात्र उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम अभिभावकों के उन सपनों को पूरा करेंगे जो उन्होंने अपने बच्चों के प्रति विद्यालय से लगा रखें हैं।

वहीं स्कूल के शिक्षकों के द्वारा खेल, कला, साहित्य समेत अनेक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

इस दौरान कुमार विश्वास, प्रिंस कुमार, रवीश कुमार, शुभम कुमार आदि सफल बच्चों को प्रबांक व शिक्षकों के द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रखंड के भूतपूर्व प्रमुख रामस्वरूप भगत को प्रबांक व शिक्षक गण ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया व आशीर्वाद लिया। उक्त आशय कि जानकारी स्कूल प्रबांक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। मौके पर अरविंद कुमार, राजा बाबू, अविनाश कुमार, ललन कुमार, मोहित कुमार, अक्षय कुमार, शकुंश कुमार, गोल्डन कुमार समेत कई अभिभावक व ग्रामीण मौजूद थे।



## ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद की अध्यक्षता में ओबीसी की विशाल सभा का हुआ आयोजन

# जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की मांग

**सर्वाधिक टैक्स पे करता है ओबीसी समुदाय : शत्रुघ्न प्रसाद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार माको डाक बंगला में रविवार को ओबीसी पिछड़ा वर्ग के द्वारा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद की अध्यक्षता में विशाल सभा का आयोजन किया गया। वहीं मंच का संचालन पवन कुमार ने किया। वहीं ओबीसी समुदाय के द्वारा हरी झंडी दिखाकर एकता रथ रवाना किया गया। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल एवं राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लातेहार के द्वारा आगामी 11 फरवरी रविवार को शिवाजी मैदान डाल्टनगंज में 09:00 बजे पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी को लेकर सभा का आयोजन किया गया। लातेहार जिला के ओबीसी समुदाय के लोगों ने डाक बंगला के परिसर में विशाल जन सभा का आयोजन कर यह सुनिश्चित किया कि हमें अपना हक और अधिकार के लिए खड़ा होना ही पड़ेगा। इस सभा में जाति आधारित जनगणना करना, जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना, जनसंख्या के आधार पर सभी सरकारी नौकरियों में आरक्षण सुनिश्चित करना तथा झारखंड के सभी जिलों में ओबीसी का आरक्षण तत्काल सुरक्षित करना आदि विषयों पर चर्चा हुई। मौके पर ओबीसी संयोजक मंडल पलामू प्रमंडल ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र के हिसाब से ओबीसी समाज के निर्माण में अपनी भूमिका अलग बनानी होगी हमलोग में चाणक्य और चंद्रगुप्त जैसे लोग छिपे पड़े हैं बस उन्हें निखारने की देर है। क्योंकि सबसे शक्तिशाली वंश के रूप में मौर्य वंश को जाना जाता है। जिन्होंने भारत की भौगोलिक स्थिति को बदल कर रख दी थी, आप सभी ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज से मैं अनुरोध करता हूं की भारी से भारी संख्या में 11 फरवरी को रविवार सुबह 9:00 बजे शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में उपस्थित होकर अपने समाज में अपनी भूमिका को प्रदर्शित करें।



बैठक करते ओबीसी समुदाय के लोग।

### एकजुट होने की जरूरत : शत्रुघ्न प्रसाद

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला लातेहार के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समुदाय के द्वारा जितना टैक्स जीएसटी के पैसे दिए जाते हैं उतना कोई समुदाय नहीं देता है इसी टैक्स के पैसे से समुचित विकास समग्र विकास का प्रारूप तैयार होता है हमें एकजुट होने की जरूरत है ताकि सरकार तक हमारी बात पहुंच जाए। युगल पाल, दिलिप कुमार साहु, अशर्फी चंद्रवंशी, सुशील कुमार अग्रवाल, वरुण बिहारी यादव ने भी लोगों को संबोधित किया। मौके पर बाली यादव, अर्जुन प्रजापति, रामपाल प्रसाद, गोविंद प्रसाद, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, करमचंद प्रसाद राजू रंजन प्रसाद देवी सरवन कुमार झूलन प्रसादबृजनंदन मेहता,अजय वर्मा राज नारायण पटेल अख्तर अरुण बिहारी यादव शंकर विश्वकर्मा गोरखनाथ चौधरी विजय कुमार शत्रुघन कुमार सुशील अग्रवाल विशाल चंद्र साहू पवन कुमार दिलीप गोविंद प्रसाद रामप्यारी रविंद्र प्रसाद महेश गुप्ता बाली यादव आदि ओबीसी पिछड़ा वर्ग के हजारो लोग उपस्थित थे ।

## स्पीड न्यूज

### चंदवा थाना के पास दो बाइक के बीच भिड़ंत में तीन घायल

**चंदवा।** एन एच 99 रांची चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना का समीप शनिवार की देर शाम दो बाइक के बीच भिड़ंत हो गई, जिसमें एक बाइक पर सवार चंदवा बाजार निवासी दीपक दुबे वहीं दूसरे बाइक पर सवार रवि उरांव व अजय भुइयां बोरसीदाग चंदवा गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को स्थानीय लोगो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदवा पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों की निगरानी में इलाज किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रवि व अजय टोरी साइडिंग से काम कर देर शाम अपने घर लौट रहे थे वहीं दीपक दुबे थाना के पास बाइक को मोड़ रहा था। इसी दौरान उक्त हादसा हुआ।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ -चतरा एन एच 22 मुख्य पथ पर गोनिया ग्राम के समीप रविवार को मोटरसाइकिल से गिरकर मुकेश गंझू 40 वर्ष पिता रामा गंझू ग्राम बनवार पाकुरुवा थाना बरियातू गंभीर रूप से घायल हो गया ।आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से मुकेश गंझू को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि मुकेश गंझू अपने घर बनवार से जबरा जा रहा था इसी बीच एक वाहन द्वारा चकमा दिए जाने के कारण वह असंतुलित होकर गिर गया।

### भाजपा का गांव चलो अभियान का हुआ आयोजन



मौके पर मौजूद लोग।

**केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें : कन्हाई प्रसाद**

**बेतला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश के आलोक में पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव-गांव में जाकर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना,आयुष्मान योजना, उज्वला योजना,विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, नल जल योजना, निशुल्क खाद्यान्न आपूर्ति करना समेत कई प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से संवाद स्थापित किया। कन्हाई प्रसाद, कार्यक्रम के प्रभारी रामधनी सिंह, भाजपा नेता प्रदीप सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, सुनील कुमार सखीचंद प्रसाद, कमलेश यादव, रूपाली देवी, बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह, विनोद यादव समेत ग्रामीणों के बीच विस्तृत रूप से जानकारी देने का काम किया। इसके साथ में दीवार लेखन का भी काम किया। इस दौरान आगामी 2024 में पूर्ण बहुमत के द्वारा केंद्र और राज्य में भाजपा का ही सरकार हो तभी ज्यादा से ज्यादा विकास होने के बात कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं के द्वारा बताया गया। इसके साथ ही केंद्र सरकार के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया गया। आप आस-पास और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए। ताकि इस योजना के बारे में लोग अधिक लाभ ले सकें, यह कार्यक्रम बरवाडीह प्रखंड के बेतला एवं कचकी पंचायत में रविवार को किया गया।

### सरकारी विद्यालयों की स्थिति खस्ताहाल, मौत के साए में भविष्य संवार रहे हैं छात्र-छात्राएं

## भवनों को सुधारने की दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है विभाग

**शिक्षा के स्तर को बेहतर करने, स्कूली बच्चों को अच्छी सुविधाएं देने के सरकारी दावे हवा हवाई**

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** सिस्टम की नाकामी और जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण बरवाडीह प्रखंड में आधे दर्जन से अधिक जर्जर हो चुके विद्यालय भवन में बच्चों के भविष्य को संवारा जा रहा है। सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर को बेहतर करने, स्कूली बच्चों को अच्छी सुविधाएं, अच्छी बिल्डिंग और स्कूल में अच्छा माहौल देने के तो तमाम दावे किए जाते हैं, लेकिन लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड में हकीकत इससे उलट है। इन जर्जर स्कूलों की जानकारी होने के बाद भी शिक्षा विभाग की ओर से नए भवन के निर्माण या जर्जर भवनों के सुधार की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। आज हम आपको जानकारी दे रहे है, बरवाडीह प्रखण्ड के केड़ पंचायत अंतर्गत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रबदी की। जहां जर्जर भवनों के कारण बच्चों की जान आफत में है। विद्यालय के जर्जर होने की जानकारी संबंधित अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों को भी है, लेकिन वे कुछ करना नहीं चाह रहें हैं। इसके कारण छात्र, अभिभावक और ग्रामीणों में नाराजगी है। विद्यालय का भवन जर्जर होने की वजह से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छत की प्लास्टर गिर रही है। बारिश के मौसम में कुछ कमरों की छतों से पानी टपकता है। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा भवनों को सुधारने को दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। बरवाडीह प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश स्कूल पिछले 5 से अधिक वर्षों से जर्जर स्थिति में हैं। लेकिन अब तक उन अबकी स्थिति जस की तस है। हकीकत है कि स्कूल भवन को ठीक नहीं किया जाता है, केवल ठीक करने की औपचारिकता ही निभाई जाती है। इन सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के नाम पर मासूमों की जिंदगी पर संकट मंडरा रहा है, लेकिन शिक्षा विभाग नींद की आगोश में है। लिहाजा समय रहते अगर शासन ने इन जर्जर भवनों के नवनिर्माण कराने पर ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में बड़ी घटना हो सकती है, जिसका खामियाजा मासूम बच्चों को भुगतना पड़ेगा। रबदी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार से भवन की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कई बार अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर इसकी जानकारी दी गई है।



राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रबदी।

### पुलिस ने कुआं से महिला का शव किया बरामद

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा गांव में महेश यादव के कुआं से रविवार सुबह पुलिस ने एक महिला की शव को बरामद किया। महिला की पहचान सिबला ग्राम निवासी कारा भुइयां की पत्नी मालो देवी 34 वर्षीय के रूप मे की गई। मिली जानकारी के मुताबिक मृतका महिला मालो देवी शनिवार शाम अपने ससुराल सिबला से अपने मां शांति मासोमात के साथ अपने माईके भाटचतरा आई थी। शनिवार को पति कारा भुइयां, मां शांति मासोमात व मृत हुई महिला मालो देवी साप्ताहिक बाजार भाटचतरा गए थे। बाजार से सास और दामाद दोनों घर चले गए, मालो देवी घर नहीं पहुंची। सुबह आसपास के ग्रामीण ने भाटचतरा निवासी महेश यादव के घर के सामने कुआं में महिला की शव तैरता हुआ दिखाई दिया। उक्त घटना की जानकारी बारियातू थाना को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई राजकिशोर प्रसाद सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। इधर कई ग्रामीणों को कहना है की तीनो बाजार में शराब के नशे में धुत थे। घटना कैसे हुई पुलिस इसकी तहकीकात कर रही है। अचानक इस तरह का घटी घटना के बाद मृतक महिला के बच्चे सुमन कुमारी (9) धर्मेंद्र भुइयां (5) पूनम कुमारी (3) व एक वर्षीय महेंद्र का रो रोकर बुरा हाल है।



कुआं से शव निकालती पुलिस।

## रुद्रमहायज्ञ कार्यालय का पूर्व विधायक ने किया फीता काटकर किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्शनगर में शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित किये जा रहे रुद्र महायज्ञ के कार्यालय का उद्घाटन लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम लोहरदगा के पूर्व पार्षद प्रवीण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। पंडित जगनारायण पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह कार्यक्रम संपन्न करवाया। मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में बहुत दिनों बाद रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आयोजित पूजा कमेटी को इसके लिए बधाई दी। वहीं पूजा समिति के निर्मल सिन्हा ने बताया की शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का आयोजन आगामी 2 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर मुरपा मोड में एक कार्यालय खोला जा रहा है जिससे लोगों से सहयोग राशि समेत अन्य कार्य किए जाएंगे। महायज्ञ के कार्यक्रम में स्वामी शेष नारायणाचार्य जी के तत्वावधान में संपन्न होगा। मौके पर विनोद बिहारी गुप्ता शैलेश सिंह, कृष्णा यादव, सुनील पांडे, रवि सिंह, रविंद्र सिन्हा, अजय सिंह, रंजय सिंह, रंजीत लाल, रंजीत जयसवाल, राम दर्शन तिवारी, शिवप्रसाद साव, राम दर्शन तिवारी, गजेंद्र चौबे, सुनील सिंह, गणेश गंझू, अखलेश गंझू समेत कई लोग उपस्थित थे।



उद्घाटन करते पूर्व विधायक।

## ट्रक मालिकों का तीसरे दिन भी धरना जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में रविवार को बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिको का बकाया भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना तीसरे दिन जारी रहा। मौके पर ट्रक मालिको ने बताया कि प्रणव नमन कंपनी समेत कई ट्रांसपोर्टर के तयसमय पर भाड़ा का भुगतान नहीं कर रहे हैं। कई महीनों से ट्रक मालिको भाड़ा बकाया रखे हुए है। प्रणव नमन कंपनी कोयला रेजिंग का भी कार्य करती है और ट्रांसपोर्टिंग कार्य भी जो नियम के विरुद्ध है। कई ट्रांसपोर्टर टीडीएस गद्दी खर्च समेत अन्य खर्चों के नाम पर ट्रक मालिकों का दोहन कर रहे है। अगर सीसीएल एवं कंपनी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो आगे और भी चरणबद्ध आंदोलन होगा। मौके पर विस्थापित संजय यादव, बालूमाथ ट्रक ऑनर ऐशो. अध्यक्ष संजीव सिन्हा, मो. जुबैर, राजन, आलिम, देवनारायण कुमार, कमलेश सिंह, अर्जुन साव, मो.नासिर, जसिम निर्मल यादव, चिंकू गुप्ता, उदयसाव, सोनू सिन्हा, मनोज, चुरामन साव, कुलदीप यादव कुलदीप यादव, प्रकाश यादव, रौशन यादव,टेकलाल तुरी, महेंद्र यादव, कृष्णा साव, सुरेश उरांव, सुरेश यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।



### बैंक ऑफ इंडिया ने पीएम सुरक्षा योजना के तहत लाभुक को दो लाख की बीमा राशि दी

**चंदवा।** केंद्र सरकार संचालित प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत नीतू देवी के नामित को 2 लाख रुपये का बीमा राशि प्रदान किया गया। बैंक ऑफ इंडिया चंदवा शाखा प्रबंध दीपक कुमार राय के द्वारा योजना के तहत दो लाख का बीमा चेक नीतू देवी के नामित दिलु गंझू (लुकुइया) को प्रदान किया गया। शाखा प्रबंधक दीपक कुमार राय ने बताया कि इस योजना के तहत अवतक बैंक द्वारा विभिन्न 14 खाता धारको के नामितो को बीमा राशि प्रदान किया गया। आगे बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत धारक को 2 लाख रुपये का दुर्घटना जीवन बीमा दिया जाता है, साथ ही आशिक नुकसान पर एक लाख का बीमा दिए जाने का प्रावधान है। इस बीमा राशि के लिए धारक को केवल 12 रुपये प्रति वर्ष अर्थात 1 रुपये प्रति माह की राशि प्रीमियम के तौर पर देनी होती है।



ब्रांच मैनेजर लाभुक को मुआवजा देते हुए।

## एक नजर में

### बालूमाथ में दो से लाखों रुपये की हुई चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड में शनिवार देर रात दो सुनार दुकानों में अज्ञात चोरो ने लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वर्षा ज्वेलर्स के मालिक मधुसुदन सोनी एवं शिबु ज्वेलर्स के मालिक आनंद सोनी ने बताया के वे लोग नित्य दिनों की तरह शुक्रवार को अपने-अपने दुकान बंद कर घर चले गए थे सुबह जब दुकान खोलने आए तो देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकानों से कई सामानों की चोरी कर ली है। जिसमें वर्षा जिले वर्ष नामक दुकान से 120 पीस सोने एवं चांदी की अंगूठी जिसकी कीमत लगभग 36000, पायल एक जोड़ा 10000, मूर्ति लॉकेट 3000,ताबीज 50 पीस 10000 कुल 59000 रुपये वही शिबु ज्वेलर्स से दो जोड़ा पायल 7000, चैन, अंगूठी, कैश 10,200 कुल 17200 रुपए के सामान की चोरी कर लिया। इस संबंध में दोनों ज्वेलर्स दुकान के मालिकों ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर चोरों को पकड़ने की मांग की है।

### नई बीडीओ रेशमा रेखा मिंज आज देंगी योगदान



रेशमा रेखा मिंज (बीडीओ)

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में रेशमा रेखा मिंज आज सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगी। निवर्तमान बीडीओ राकेश सहाय स्वयं उन्हें पदभार सौंपेंगे। बता दें कि श्रीमती मिंज प्रखण्ड की 36 वें बीडीओ और पहली महिला बीडीओ के रूप में बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय में आज योगदान करेंगी। इसके पूर्व वर्ष 2003 -06 तक सीमा कुमारी उदयपुरिया अंचल अधिकारी के साथ-साथ प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में यहां सेवा दे चुकी है। रेशमा रेखा मिंज छठी जेपीएससी की राज्य प्रशासनिक अधिकारी है। बरवाडीह से पहले वह गुमला जिले के डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी के पद पर और जारी प्रखंड कार्यालय में बीडीओ के साथ-साथ सीओ के प्रभार में थी। रेशमा गढ़वा जिले की रहने वाली है। गौरतलब है कि निर्वतमान बीडीओ सह प्रभारी सीओ राकेश सहाय का स्थानांतरण सरकार द्वारा दूसरे जिले में कर दिया गया है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा शुरू की गई वैदिक हवन और विश्व शांति यज्ञ की श्रृंखला



**चंदवा।** लातेहार जिला मुख्यालय के जलता स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल परिवार द्वारा रविवार को चंदवा स्थित खेल स्टेडियम में वैदिक हवन और विश्व शांति यज्ञ की श्रृंखला शुरू की गई। आयोजित विश्व शांति यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में शहर के समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने भाग लिया सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मंत्रोच्चारण के साथ वैदिक हवन प्रारंभ किया समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि डीएवी विद्यालय परिवार की यह विश्व शांति यज्ञ श्रृंखला की शुरूआत काफी सराहनीय और प्रशंसनीय है। समस्त विश्व में प्रकृति भी यज्ञ में जुटी हुई है। यह यज्ञ ही प्रकृति को सदा नवीन बनाए रखता है। विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ सृष्टि का आधार बिंदु है। इस कथन को साकार करने एवं मानव जीवन के उद्देश्य की पूर्ति हेतु 'विश्व शांति यज्ञ' की श्रृंखला की शुरूआत की गई है जो निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं, कर्मचारी, बच्चे और चंदवा प्रखंड के आकाश कुमार, प्रदीप उपाध्याय, सचिन लाल, राहुल अग्रवाल, प्रदीप कुमार सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

### बस के चपेट में आने से बाइक सवार युवती गिरी, पीछे से आ रही ट्रक ने रौंदा, युवती की मौत

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के काली कुर्मी टोला के पास रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार बस के चपेट में आने के बाद अनियंत्रित हुई बाइक पर बैठी युवती सड़क पर गिर गयी जिसे पीछे से आ रही अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया, जिससे युवती की मौत हो गयी, वहीं बाइक चला रहा मृतका का भाई मो. सलमान खान आंशिक रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान असमीना खातून (28 वर्ष) (दीपाटोली, पहामु गुमला) के रूप में हुई। बाइक को चपेट में लेने के बाद बस व ट्रक मौके से फरार हो गया, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सीएमएम पथ को जाम कर दिया। जाम की सूचना के बाद चंदवा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया व शव को कब्जे में लेकर अन्त:प्रेरणा के लिए सदर असपताल भेज दिया।

## अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता, योग्य लाभुक हो रहे हैं वंचित, ग्राम सभा से प्राथमिकता का कोई लाभ नहीं

# अबुआ आवास योजना में योग्य और अयोग्य सभी ने किये थे आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता से योग्य लाभुक वंचित हो रहे हैं। बारियातू प्रखंड में सिबला, साल्वे, बालूभौंग, गोनिया, फूलसू, बारियातू, डाढा, अमरवाडीह, टोटी कुल नौ पंचायत है। बारियातू मुख्यालय से सटे गुलगुलिया टोला निवासी विनोद पांसी पिता स्व. बंगाली पांसी, धानमतिया देवी पति अजय पांसी उक्त दोनों परिवार प्लास्टिक के कुम्बे में पिछले कई वर्षो से रह रहा है। किशुन गुलगुलिया पिता बेंदी गुलगुलिया, अजय पांसी, नचना व गाड़ी ग्राम निवासी जीरमनिया, मासोमात कुलेश्वर उरांव, सूरज भुइयाँ, बारियातू बस्ती बसंती देवी रामा भुइयाँ, सूरज भुइयाँ, निशक्त व्यक्ति सीता देवी पति धानेश्वर उरांव, लुटन यादव, अमीना खातून पति स्व सुखन मियां को अबुआ आवास का निहायत जरुरी है। नाचना ग्राम स्थित रुकमनी देवी पति बंसी भुइयाँ का झोपड़ी की तरह घर भी था। लेकिन बिते वर्ष जल गया जिससे रहना मुश्किल हो गया है। अबुआ आवास योजना का निहायत जरुरी है लेकिन प्राथमिकता नहीं मिली। बालूभांग पंचायत में मंजू देवी अजय कुमार राम सरस्वतीया देवी, रिंकू मोची व अन्य कई लोग इधर साल्वे पंचायत के आको देवी पति मानो लोहरा, जिरमनीया देवी सहित कई ऐसे योग्य लाभुक हैं। जिन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए था लेकिन अनियमितता के कारण प्राथमिकता नहीं मिली है। सिबला गांव में तीन वर्षो से है बेघर, दूसरे के घर में चार बच्चे के साथ छः परिवार रहने को विवश है। सिबला निवासी मोहम्मद इरफान पत्नी रूबी खातून पुत्री एमन प्रवीण इमरान, रेहान व नावरा नाज अति गरीब परिवार है। पिछले तीन वर्षो से सिबला के मो जुल्फेकार अली के घर में रह कर जीवन यापन कर रहे हैं जबकि ऐसे निहायत जरुरतमंदो को अबुआ आवास योजना में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। परन्तु सूची स्कोर और रैंक देखकर लगता है आवास योजना का लाभ मिलने में कई वर्ष लग जायेंगे। ग्राम सभा के माध्यम से योग्य लाभुकों को चयन करना था लेकिन बालूभौंग मुखिया केदार गंझू से बात किए जाने पर बताया की जिन्हें शत प्रतिशत प्राथमिकता देना है वैसे लाभुकों को आवास योजना का लाभ के लिए बात किया गया लेकिन प्रखंड कार्यालय कर्मी द्वारा बताया गया की सॉफ्टवेयर में भरे गए फॉर्म के मुताबिक आटोमेटिक रैंक और एस्कोर ले लिया है। वैसे में योग्य लाभुकों को आवास योजना का लाभ देने में काफी कठिनाई हो रहा है। उपरोक्त सम्बन्ध में बीडीओ प्रतिमा कुमारी से बात किए जाने पर बताया की फॉर्म सही से फील्लप नहीं किया गया होगा इसलिए स्कोर और रैंक में गड़बड़ी हुई होगी। सुधार के लिए वैसा कोई ऑप्सन नहीं है। आएगा तो लाभुकों को चिन्हित कर लाभ दिया जायेगा। राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष से बात किए जाने पर बताया की इसके संबंध में विभाग से बात किया जायेगा। वहीं राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने कहा की ग्राम सभा को प्राथमिकता देना चाहिए। योग्य लाभुकों को सर्व प्रथम अबुआ आवास योजना का लाभ मिलनी चाहिए, भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन फोन नहीं रिसीव किए।



अबुआ आवास को लेकर बैठक करते पंचायत प्रतिनिधि।



प्लास्टिक का बना कुंबा में रहते लोग ।

# घरेलू बिजली बिल होगा जीरो : मोदी

## एक करोड़ परिवारों को सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए मदद देगी सरकार : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**गुवाहाटी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार के बजट में पेश वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में रूफटॉप सोलर योजना को रविवार को बड़ी घोषणा बताया और कहा कि सरकार घरों का बिजली का बिल शून्य करने की दिशा में बढ़ रही है। श्री मोदी ओडिशा और असम के दो दिन के दौरे के अंतिम दिन रविवार को गुवाहाटी के खानापारा में वेटरनरी सांइस कॉलेज मैदान में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 11,600 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने हर घर तक बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया। असम के भाइयों-बहनों और देशवासी भी, मैं बहुत महत्वपूर्ण काम आपके सामने रख रहा हूँ, अब बिजली का बिल भी जीरो करने के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूफटॉप सोलर योजना के तहत प्रारम्भ में एक करोड़ परिवारों को

**▶▶ प्रधानमंत्री ने असम में 11,600 करोड़ रुपये के परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया**

सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए सरकार मदद करेगी। इससे उनका बिजली का बिल भी जीरो होगा और साथ ही सामान्य परिवार अपने घर पर बिजली पैदा करके, बिजली बेचकर के कमाई भी करेगा। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि इस योजना में मकान मालिक को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। योजना के नियम तय किए जा रहे हैं। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए इन परियोजनाओं के लिए असम और समूचे पूर्वोत्तर के लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने शनिवार को संभलपुर में इसी तरह के एक कार्यक्रम में ओडिशा में कुल 68 हजार कारोड़ रुपये से अधिक की बिजली, सड़क, रेल और बुनियादी क्षेत्र की कई परियोजनाओं को




शिलान्यास और लोकार्पण किया था। श्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं की आज उन्होंने नींव रखी है, उनसे आने वाले समय में रोजगार काफी अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास और विरासत हमारी सरकार की नीति है। असम में डबल इंजन की सरकार सिर्फ विकास की नीति पर काम करती है। श्री मोदी ने कहा ये परियोजनाएं असम में पर्यटक क्षेत्र में नए रोजगार पैदा करेंगी और खेल प्रतिभा को भी नए अवसर देंगी। इनमें से कुछ परियोजनाएं चिकित्सा शिक्षा और हेल्थ केयर से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि असम में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने राज्य में विकास और विरासत को अपनी नीति का हिस्सा बनाया है। इसका परिणाम आज हम असम के अलग-अलग कोनों में भी देख रहे हैं। असम में आस्था, अध्यात्म और इतिहास से जुड़े सभी स्थानों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। विरासत को संजोने के इस अभियान के साथ ही विकास का अभियान भी उतनी ही तेजी से चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा, ये उसकी साक्षी है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश अपने अतीत को मिटाकर, भुलाकर, कभी विकसित नहीं हो सकता। मुझे संतोष है कि बीते 10 वर्षों में अब भारत में स्थितियां बदल गई हैं।प्रधानमंत्री ने कहा किकहा कि 10 वर्षों में हमारी सरकार ने यहां विकास पर होने वाले खर्च को चार गुना बढ़ाया है। वर्ष 2014 के बाद राज्य में रेलवे ट्रैक की लंबाई 1900 किमी से ज्यादा बढ़ाई गई। इससे पहले की तुलना में राज्य के लिए रेल बजट करीब 400 प्रतिशत बढ़ाया गया है।वर्ष 2014 तक यहां सिर्फ 10,000 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ करते थे। जबकि पिछले 10 वर्षों में ही हमने 6,000 किमी के नए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया है।

### 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेज की संख्या हुई डबल

**पिछले** 10 वर्षों को देखें, तो हमने देश में रिकॉर्ड संख्या में कॉलेज और यूनिवर्सिटी बनाई हैं। पहले बड़े संस्थान सिर्फ बड़े शहरों में ही होते थे। हमने आईआईटी, एम्स, आईआईएम जैसे संस्थानों का नेटवर्क पूरे देश में फैलाया है। देश में मेडिकल कॉलेज की संख्या करीब-करीब डबल हो चुकी है। असम में भी भाजपा सरकार से पहले छह मेडिकल कॉलेज थे जिनकी संख्या आज बढ़कर 12 हो गयी हैं। असम आज पूर्वोत्तर में कैंसर के इलाज का एक बहुत बड़ा केंद्र बन रहा है।

# आतिशी को दिल्ली पुलिस का नोटिस

### भाजपा पर आप विधायकों के खरीद-फरोख्त का लगाया था आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों की एक टीम रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी मार्लेना के आवास पर पहुंची और भाजपा पर आप विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयास के आरोपों पर उन्हें नोटिस दिया। सूत्रों ने बताया कि जब टीम सुश्री आतिशी के आवास पर पहुंची, तो वह घर पर नहीं थीं। इससे एक दिन पहले अपराध शाखा के अधिकारियों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का दौरा किया और उन्हें पांच घंटे बाद नोटिस दिया, जिसमें उनसे तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा गया। पुलिस ने उनसे उन आप विधायकों के नाम उजागर करने को भी कहा कि जिन्होंने दावा किया था कि भाजपा ने उनसे संपर्क किया है। श्री केजरीवाल ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें नोटिस



देने के लिए भेजे गये पुलिस अधिकारियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की गयी और इस बात पर जोर दिया गया कि उनका कर्तव्य दिल्ली में अपराध रोकना है, लेकिन उन्हें नाटक करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, इसीलिए दिल्ली में अपराध बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस अपराध शाखा पुलिस अधिकारी से सहानुभूति है। उनकी गलती क्या है? उनका काम दिल्ली में अपराध रोकना है, लेकिन अपराध रोकने की बजाय इस तरह का ड्रामा किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ में मार्च से महिलाओं को मिलेंगे एक हजार रुपये

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण की मोदी की गारंटी को राज्य सरकार ने पूरा करने का फैसला लिया है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत एक मार्च से एक हजार रुपए प्रति माह मिलने लगेगा। इसके आवेदन सोमवार से भरे जाएंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की जनता से कई वादे किए थे, जिन्हें मोदी की गारंटी कहा गया। इन वादों को पूरा करने का सिलसिला जारी है। उसी क्रम में महतारी वंदन योजना को एक मार्च से लागू किया जा रहा है। इस योजना के तहत एक जनवरी 2024 को 21 वर्ष पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए के मान से साल में 12 हजार रुपए की राशि बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। इस योजना की पात्र महिलाओं को एक मार्च से लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। आवेदन पांच से 20 फरवरी तक ऑनलाइन लिए जाएंगे। भाजपा की विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद चुनाव के दौरान दी गई मोदी की गारंटी को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है।

# उत्तराखंड में मंत्रिमंडल ने यूसीसी ड्राफ्ट को दी मंजूरी

**देहरादून (हि.स.)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में रविवार सायं मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में सामान नागरिक संहिता (यूसीसी) ड्राफ्ट को मंजूरी दी गयी। सोमवार से उत्तराखंड विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। इस सत्र के दौरान राज्य सरकार विधानसभा के पटल यूसीसी कानून को रख सकती है।

विधानसभा चुनाव-2022 से पूर्व सरकार ने राज्य की जनता से भारतीय जनता पार्टी के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। इस घोषणा का भारी बहुमत से स्वागत किया गया था। परिणामस्वरूप राज्य में भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार गठित हुई और केन्द्रीय नेतृत्व में पुष्कर सिंह धामी पर मुख्यमंत्री के रूप में विश्वास व्यक्त किया गया। इस वादे के मुताबिक धामी सरकार गठन के



तुरंत बाद ही पहली राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति बनाई।

इस समिति में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली, समाजसेवी मनु गौड़, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह व दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल को सम्मिलित किया गया। समिति ने 22 अगस्त

**▶▶ विधानसभा का सत्र आज से पटल पर रख सकती है सरकार**

2022 को दो उप समितियों का गठन किया गया, जिसमें से एक उपसमिति का कार्य संहिता का प्रारूप तैयार करने का था। दूसरी उपसमिति का कार्य प्रदेश के निवासियों से सुझाव आमंत्रित करने के साथ ही संवाद स्थापित करना था। समिति ने देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किये गये। इस दौरान कुल 43 जनसंवाद कार्यक्रम किये गये और प्रवासी उत्तराखंडी भाई-बहनों के साथ 14 जून 2023 को नई दिल्ली में चर्चा के साथ ही संवाद कार्यक्रम पूर्ण किया गया। समिति ने रिपोर्ट तैयार करने के लिये समाज के हर वर्ग से सुझाव आमंत्रित करने में तकनीक का सहारा भी लिया।

### आरबीआइ की एमपीसी बैठक कल से, रेपो दर रह सकती है यथावत

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक छह फरवरी से शुरू होगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बैठक के नतीजे की घोषणा आठ फरवरी करेंगे। अंतरिम बजट 2024 के ठीक बाद होने वाली इस बैठक में भी रेपो दर को यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को बताया कि रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में रेपो दर को इस बार भी यथास्थिति पर रखने की संभावना अधिक है।

## दूसरी बार मां बनेंगी अनुष्का

**मुंबई।** बॉलीवुड की अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। पूर्व खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने खबर शेयर की है। अनुष्का शर्मा दूसरी बार मां बनने वाली हैं। इस बारे में अभी तक न तो एक्ट्रेस और न ही विराट कोहली ने कोई आधिकारिक जानकारी दी है लेकिन विराट के दोस्त और साउथ अफ्रीका के इंटरनेशनल क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने अनुष्का की प्रेग्नेंसी पर कमेंट किया है। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एबी विलियर्स का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें डिविलियर्स ने कहा कि विराट



कोहली इस समय अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। अनुष्का और विराट दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। विराट और एबी डिविलियर्स अच्छे दोस्त हैं। अनुष्का दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। तो फैंस की खुशी सातवें आसमान पर पहुंच गई है। विराट-अनुष्का के घर में दूसरी बार होगा बदलाव।

### बेरोजगारी की गारंटी हैं मोदी : प्रियंका गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेरोजगारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि वह चुनाव आते ही गारंटी की बात करने लगते हैं लेकिन सच यह है कि मोदी बेरोजगारी की गारंटी हैं। वाड्रा ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। 10 साल में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जुलाई, 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया, नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को।

## बाइडेन दक्षिण कैरोलिना में डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीते

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव

**कोलंबिया (हि.स.)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दक्षिण कैरोलिना में डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीत हासिल की। बाइडेन ने शनिवार को मिनेसोटा प्रतिनिधि डीन फिलिप्स और लेखक मैरिएन विलियमसन समेत कई डेमोक्रेट को हरा दिया। जो बाइडेन ने इस चुनाव में अच्छी जीत हासिल की है। इस जीत से उन्हें मुख्य चुनाव में मदद मिलने की उम्मीद है। बाइडेन ने चुनावी अभियान में भारी निवेश किया है। इसका मकसद



अधिकतम वोट हासिल करना है। काले मतदाताओं पर खासकर उनकी नजर है। यहां ब्लैक वोटर्स निर्णायक भूमिका में हैं। बाइडेन को उम्मीद है कि दक्षिण कैरोलिना उन्हें एक बार फिर व्हाइट हाउस भेजेगा। बाइडेन ने कहा है कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमें फिर से राष्ट्रपति पद जीतने और डोनाल्ड ट्रंप को फिर से हारने वाला बनाने की राह पर खड़ा कर दिया है।

# अमित शाह, राजनाथ सिंह से मिले सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा

## नीतीश मंत्रिमंडल का जल्द होगा विस्तार : सम्राट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बिहार भाजपा के प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मुलाकात कर बिहार के राजनीतिक हालात, एनडीए गठबंधन सरकार,आगामी लोकसभा और राज्यसभा चुनाव सहित संगठनात्मक विषयों से जुड़े अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की।

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से एनडीए गठबंधन की सरकार बनने के बाद राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा की यह पहली दिल्ली यात्रा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ दोनों उपमुख्यमंत्रियों

**दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने बिहार के राजनीतिक हालात, एनडीए सरकार, लोकसभा और राज्यसभा चुनाव सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा**

की मुलाकात को बिहार की राजनीति के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। शाह के साथ लगभग एक घंटे तक चली मुलाकात में दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने उन्हें बिहार के ताजा राजनीतिक हालात से अवगत कराया और साथ ही उन्हें बिहार विधान सभा के आगामी सत्र को लेकर भी जानकारी दी। हालांकि बताया जा रहा है कि इस अहम मुलाकात में नीतीश मंत्रिमंडल के विस्तार,आगामी लोकसभा चुनाव से जुड़ी तैयारियों के साथ-साथ राज्य में एनडीए गठबंधन की मजबूती, तेजस्वी यादव के दावे को देखते हुए नीतीश सरकार के पास बहुमत होने और आगामी राज्य



सभा चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा हुई। शाह के साथ मुलाकात से पहले चौधरी और सिन्हा ने बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े से भी मुलाकात की। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। तीनों नेताओं से मुलाकात के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि उन्हें शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद मिला है और राज्य में एनडीए सरकार युवाओं को रोजगार देने, कानून व्यवस्था ठीक करने और बिहार में फिर से सुशासन स्थापित करने सहित तमाम वादे पूरे करेंगी। उन्होंने कहा कि मंत्रीमंडल जल्द होगा विस्तार। चौधरी ने बिहार में यथाशीघ्र ही नीतीश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार का दावा करते हुए बताया कि आला नेताओं से उन्हें जनता से 2020 में किए गए वादे को पूरा करने के लिए जुट जाने का निर्देश मिला है।

## भारत में जन्मे पाक के प्रमुख न्यायविद ए रजवी का निधन




**कराची।** भारत में जन्मे पाकिस्तान के वरिष्ठ न्यायविद रशीद ए रजवी का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। रजवी का कराची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके जनाजे की नमाज रविवार डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी के एक इमाम बारगाह में पढ़ी गई। रजवी एक अनुभवी वकील और सेवानिवृत्त न्यायाधीश थे। उन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान चार बार सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संभाला। उनका जन्म दिसंबर 1947 में मुंबई में हुआ था। रजवी 1956 में अपने परिवार के साथ कराची आ गए थे।

## एक नजर में


### अमेरिका व ब्रिटेन ने यमन में हूती आतंकियों के कई ठिकानों पर किया ताबड़तोड़ हमला

**सना (यमन)।** संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में आतंकवादी संगठन हूती के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने हूती नियंत्रित यमन में शनिवार को बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने उत्तरी यमन में 13 स्थानों पर 36 हूती ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे करीब 24 घंटे पहले अमेरिका ने सीरिया और इराक में सात स्थानों पर ईरानी बलों और उनके द्वारा समर्थित मिलिशिया के खिलाफ हमला किया था। अमेरिकी और ब्रिटिश युद्धक विमानों के साथ नौसेना की टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों ने हूती की हथियार भंडारण केंद्रों को निशाना बनाया। यह हमले ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, डेनमार्क, कनाडा, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की मदद से किए गए।



### कराची में भारी बारिश से जनजीवन थमा

**कराची।** पिछले 24 घंटे से हो रही तेज बरसात ने रविवार को पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची की सूरत बिगाड़ दी। शहर के कई हिस्से जलमग्न हैं। आज सुबह शहर के सुरजानी, उत्तरी कराची, बफर जोन, नागन चौरंगी, स्कीम 33 और इसके आसपास के इलाके में जमकर बारिश हुई है। जिओ न्यूज ने पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के हवाले से कहा है कि कराची में बादल छाए रहेंगे। महानगर के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। कराची का अधिकतम तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस है। उत्तर-पूर्व से आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। दोपहर बाद हवा की गति 20-25 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। शहर के तमाम इलाकों में जाम लगा हुआ है। इस वजह से कय्यूमाबाद चौरंगी, चुंदरीगर रोड, बर्न्स रोड, आर्ट्स काउंसिल, गोदाम चौरंगी से चमरा चौरंगी तक कोरंगी औद्योगिक क्षेत्र रोड, शमा सेंटर के पास शाह फैसल कॉलोनी क्षेत्र में लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। कई जगह सीवेज के साथ बारिश का पानीघरों और अस्पतालों में घुस गया है। शहर की मुख्य सड़क शारिया फैसल के कुछ हिस्से पूरी तरह से पानी में डूब गए हैं। कई जगह कारें फंस गई हैं। बारिश का पानी ड्रिघ रोड अंडरपास में अभी तक भरा हुआ है। गिजरी अंडरपास को आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में शर-ए-फैसल पर सबसे अधिक 75 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।



### नामीबिया के राष्ट्रपति डॉ गेनगोब का निधन

**विंडहॉक।** नामीबिया के राष्ट्रपति डॉ. हेग जी. गेनगोब का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, गेनगोब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था। डॉ. नांगोलो मबुम्बा को नामीबिया गणराज्य का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। नाबीबिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स हैंडल पर यह दुखद सूचना साझा की। उनके कार्यालय ने कहा है कि अत्यंत दुख और खेद के साथ सूचित किया जा रहा है कि नामीबिया गणराज्य के राष्ट्रपति और हमारे प्रिय डॉ. हेज जी. गेनगोब का रविवार लगभग 00:04 बजे लेडी पोहाम्बा अस्पताल में निधन हो गया। इस समय उनके पास मेडिकल टीम, उनकी पत्नी मैडम मोनिका गिंगोस और उनके बच्चे थे। अफसोस है कि उनके जीवन को बचाने के सारे प्रयास विफल हो गए।' राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा है कि देश ने प्रतिष्ठित सेवक, मुक्ति संघर्ष के प्रतीक,संविधान के मुख्य वास्तुकार और नामीबियाई घराने के प्रमुख स्तंभ को खो दिया है। आवश्यक राज्य व्यवस्था करने के लिए कैबिनेट तत्काल प्रभाव से बुलाई जाएगी। डॉ. गेनगोब की आत्मा को शांति मिले।

### चिली की जंगलों में लगी आग, 51 की मौत

**सैंटियागो ।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली के वालपराइसो क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार से लगी आग से अबतक करीब 51 लोगों की जलकर मौत हो चुकी है और सैकड़ों मकान जलकर राख हो गये हैं। स्थानीय



अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आग से प्रभावित लोगों में से कई गर्मी की छुट्टियों के दौरान तटीय क्षेत्र में घूमने फिरने गये थे। राष्ट्रपति गेब्रिउल बोरिक ने आपातकाल की स्थिति की घोषणा की और कहा कि स्थिति से निपटने के लिए ₹सभी आवश्यक संसाधन₹ उपलब्ध कराया जायेगा।उन्होंने कहा कि विना डेल मार, लिमाचे, क्विलपुए और विला एलेमाना में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। कर्फ्यू से मार्गों को मुक्त करने में मदद मिलेगी और आपातकालीन वाहनों को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की अनुमति मिलेगी। रविवार को लगभग 1,400 अग्निशामकों को तैनात किया गया है। आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ सैन्य कर्मियों को तैनात किया गया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल विधार्थियों को घायल लोगों की मदद के लिए अस्पताल में लगाया गया है। आंतरिक मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।आवास मंत्रालय ने कहा कि आग से तीन हजार से छह हजार घर प्रभावित हुए हैं। सरकार ने आग को और अधिक फैलने से रोकने के लिये वालपराइसो और मार्गा क्षेत्र में आग एवम गर्मी पैदा करने वाली मशीनों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए क्षेत्रीय समिति (कोग्रिड) ने कहा कि मारे गए लोगों में से 45 घटनास्थल पर मृत पाए गए और छह अन्य की स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में इलाज के दौरान मौत हो गई।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# शादी विवाह की प्लानिंग में भी जॉब्स




**झरना सरियाल**

**शादियां** हमेशा से ही एक बड़े व्यापार के रूप में देखी गई हैं, चाहे हम उसके किसी भी दिन से जुड़े क्यों न हों। यह मौका किसी भी लड़की के लिए खास होता है और वह इस दिन को परिपूर्ण देखना चाहती है लेकिन किसी भी शादी को पूरी तरह से सफल बनाना आसान काम नहीं होता। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में कोई भी हर चीज आसानी से हो जाए ऐसा जरूरी भी नहीं। इसीलिए आजकल वेडिंग प्लानिंग में करियर की संभावनाएं बढ़ रही हैं और कई महिलाएं भी इसे करियर के रूप में अपना रही हैं। यह काम जितना चुनौतियों से भरा है इसमें पैसा भी उतना ही अच्छा कमाया जा सकता है। वैसे भी शादी का मतलब सिर्फ लड़की से ही नहीं होता बल्कि इसमें उसके और लड़के के पूरे परिवार से होता है इसलिए इस करियर में विवाह की सारी व्यवस्थाएं आप पर होंगी और उसका पूरा प्रबंध भी आपको करना होगा लेकिन कलात्मक ढंग से। आपको विवाह के समय होने वाले सभी कार्यक्रमों की योजना बनानी होगी। साथ ही इसमें हो रहे खर्च का भी ध्यान रखना होगा। इसीलिए वेडिंग प्लानर को करियर का रूप देने के लिए सबसे पहले आपको अपने हुनर को और निखारना होगा। इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए अच्छी इंटरपर्सनल स्किल और सुव्यवस्थित ढंग से काम करना बहुत जरूरी है। शादियों में होने वाले कार्यक्रम और उनके अनुसार होने वाले काम की जानकारी होना जरूरी है। इसकी जानकरी आप पढ़ाई करके भी ले सकती हैं। लेकिन अगर आप खुद सीखना चाहती हैं तो शादियों में मदद कर, ब्राइडल शो देखकर, शादियों की पत्रिकाएं पढ़कर सीख सकती हैं। अपना एक पोट फोंलियो बनाएं ताकि आप लोगों को अपनी कला का सही ढंग से विवरण दे सकें।

अगर आप अपना बिजनेस खोलना चाहती हैं तो पहले आप किसी वेडिंग इंडस्ट्री में नौकरी करें। इससे आपके तजुर्बे के साथ-साथ संपर्क भी बनेंगे। वैसे भी वेडिंग प्लानर को प्लान करने होटल, चर्च, कंट्री क्लब, मंदिर, हॉल आदि जगहों पर बुलाया जाता है। आजकल वेडिंग प्लानर कई तरह की सर्विस और पैकेजिंग के ऑफर देते हैं जिनमें वे सक्षम हैं। उदाहरण के तौर पर कुछ दूल्हा और दुल्हन से ही बात करते हैं जो अपनी शादी खुद प्लान करते हैं, कुछ प्लानर 'डेस्टीनेशन वेडिंग' प्लान करते हैं किसी क्रूज पर आदि। इसलिए बिजनेस खोलने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आप किस प्रकार की सर्विस ऑफर करना चाहेंगी। इसके अलावा शादियों में जरूरी सेवाएं देने वालों से भी संपर्क बनाएं रखें जैसे गाड़ी, म्यूजिशियन, फोटोग्राफर, पार्टी सप्लाई कंपनी आदि। इससे आपको काम करवाने में आसानी रहेगी। अपने क्लाइंट बनाने के लिए बिजनेस कार्ड या ब्रोशर ब्राइडल शॉप, फ्लोरिस्ट, फोटोग्राफर आदि के पास भी रखें ताकि वे भी आपकी सर्विस के बारे में औरों को बता सकें। इसके अलावा अपनी सर्विस की मार्केटिंग करने के लिए विज्ञापन, नेटवर्किंग या इंटरनेट के जरिए भी कर सकती हैं। सफलता पाने के लिए नए तरीके अपनाने में भी रुचि रखें। वैसे अगर आपकी इच्छाशक्ति है तो आप अपने करियर में सफलता पा सकती हैं।

## फाइनेंस के सेक्टर में अच्छी संभावनाएं




वित्तीय मामलों में ज्यादातर आंकड़ों का खेल होता है। इसलिए एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए जरूरी है कि आपको फाइनेंस की भाषा की अच्छी समझ हो। फाइनेंस के सेक्टर में हो रहे विकास के कारण आज इस क्षेत्र में करियर की काफी अच्छी संभावनाएं हैं।

**फाइनेंशियल एडवाइजर का काम :** अपने ग्राहकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उपयोगी सलाह देने का काम फाइनेंशियल एडवाइजर करते हैं। इनका काम अपने ग्राहकों को निवेश, बीमा, बचत योजनाओं, कर्ज आदि के बारे में सही सलाह देना होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा और कम से कम नुकसान हो।

**क्वालिफिकेशन :** फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए आप कैट एग्जाम के जरिए भारत के किसी भी अच्छे कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। वैसे, पहले केवल कॉमर्स के छात्र ही इस क्षेत्र में भविष्य बनाते थे, लेकिन इसके बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी (मैथ-बायो), बीए, बीबीए और बीई के छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप चाहें तो एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनेंस, मास्टर्स इन कमोडिटी एक्सचेंज आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं।

**नौकरी के अवसर :** फाइनेंशियल एडवाइजर किसी कंपनी में अकाउंटेंट, ऑडिटर, इकोनॉमिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन ऑफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यु एजेंट आदि के तौर पर काम कर सकते हैं। फाइनेंस में ग्रेजुएशन करने के बाद आप किसी वित्तीय अखबार, पत्रिका आदि में संवाददाता और वित्तीय विश्लेषक के रूप में काम कर सकते हैं। बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन, कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्युचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स को नियुक्त करती है। विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर्स की मांग काफी ज्यादा है। प्रोफेशनल चाहें, तो इंटरनेशनल फाइनेंसिंग कंपनी, लैंडिंग एंड बॉरोइंग, मल्टी करेंसी ट्रेडिंग आदि फाइनेंशियल कंपनियों में नौकरी की तलाश कर सकते हैं।

**सैलरी वॉच :** फाइनेंशियल एडवाइजर के तौर पर करियर की शुरुआत करने पर ज्यादातर कंपनियां सैलरी के साथ-साथ कमीशन भी देती है। वैसे, शुरुआती दौर में सैलरी 10 हजार से 40 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। अनुभवी प्रोफेशनल्स की सैलरी 1.5 से 2 लाख रुपये प्रति माह तक हो सकती है।

# सफलता के लिये तार्किक गलती स्वीकार करें



**डॉ मेरी ग्रेस**

हम सब अपने जीवन में कई तरह की गलतियां करते हैं। गलतियां इतनी बुरी नहीं होती, जितनी हम उन्हें बना देते हैं। हर बात का सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होता है। अगर हम सकारात्मक पहलू की तरफ भी ध्यान दें तो हमें नकारात्मकता में भी कहीं न कहीं आशा की किरण दिखाई देगी। गलती का सकारात्मक पहलू यह है कि गलती ही हमारी सफलता का वास्तविक आधार है।

यह बात सुनने में अजीब लगेगी लेकिन कटु सत्य यही है। दरअसल, गलती करना एक स्वाभाविक और प्राकृतिक प्रक्रिया है। हमारे घर-परिवार, समाज और कार्यालय में गलती करने वाले व्यक्ति को संदेह की नजर से देखा जाता है। कभी उसका मजाक बनाया जाता है तो कभी उस पर व्यंग्य के तीर छोड़े जाते हैं। यही कारण है कि गलती करने वाला व्यक्ति स्वयं को भी संदेह की नजर से देखने लगता है। कभी-कभी उसे आत्मग्लानि भी महसूस होती है।

जब गलती से बचने के लिए हम अतिरिक्त सतर्कता बरतते हैं तो गलती होने की संभावना और बढ़ जाती है। अतिरिक्त सतर्कता बरतने के कारण हमारा मस्तिष्क सहज नहीं रह पाता है। सहज मस्तिष्क ही सहज रूप से शारीरिक क्रियाकलापों को अंजाम देता है। मस्तिष्क सहज न रह पाने का असर हमारे शारीरिक क्रियाकलापों पर भी पड़ता है और इस तरह हम एक और गलती की तरफ बढ़ रहे होते हैं। इसलिए बार-बार गलती करने वाले इंसान को केवल डांट-डपट या डर के माध्यम से ही नहीं सुधारा जा सकता। अगर गलती करने वाले इंसान में डर बैठ जाएगा तो वह पुनः गलती करेगा।



यह हमारा कर्तव्य है कि हम कुछ ऐसे उपाय करें, जिससे कि बार-बार गलती करने वाला इंसान सहज बना रहे।सहकर्मियों का यह भी कर्तव्य है कि वे उसकी गलती को हव्वा बनाकर पेश न करें। इंसान अगर काम करेगा तो गलती भी करेगा ही। कुछ भी काम न करने वाला अथवा खाली रहने वाला इंसान क्या खाक गलती करेगा। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि गलती से ही तरक्की की राह निकलती है। कुछ लोग इसलिए नया काम करने से डरते है कि कहीं गलती न हो जाए। ऐसे लोग हमेशा आगे बढ़ने से डरते हैं और पिछली पंक्ति का इंसान बनकर रह जाते हैं। संसार में जितने भी महान लोग हुए हैं उन्होंने अपने जीवन में अनेक गलितयां हैं।

गलतियों के माध्यम से ही वे महानता की तरफ अग्रसर हुए हैं। वैज्ञानिक जब प्रयोगशाला में अपने प्रयोग करते हैं तो उनसे अनेक गलतियां होती हैं। ये ही गलतियां उनके प्रयोगों की सफलता का आधार बनती है। इसलिए गलतियों को जीवन का हिस्सा मानकर और उनसे सबक लेकर आगे बढ़ने में ही हमारी भलाई है। जैन धर्म में तो अपनी गलती स्वीकार कर क्षमा मांगने के लिए क्षमावाणी पर्व मनाया जाता है। इस दिन संसार के समस्त प्राणियों से जाने-अनजाने में की गई गलतियों के लिए क्षमा याचना कर सभी की खुशी के लिए कामना की जाती है। जब हम अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगते हैं तो हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और हमारा मन हल्का होता है।

इस तरह माफी मांगकर हमारा बोझ भी कम होता है। दरअसल, जब हम अपनी गलती स्वीकार करते हैं तो इसका अर्थ होता है कि हम अपने सब हथियार डालकर जाने-अनजाने में किए गए गलत काम को स्वयं भी गलत मान रहे हैं। इससे जहां एक ओर हमारा मानसिक दबाव कम होता है।

दूसरी ओर, लोगों की नजरों मे हम सम्मान के पात्र भी बनते हैं। जब हम दिल से अपनी गलती को स्वीकार करते हैं तो दोबारा वह गलती होने की संभावना कम हो जाती है। हम दोबारा तभी गलती करते हैं जब हम पहली गलती के बारे में या तो सोचते नहीं हैं या फिर फौरी तौर पर सोचते हैं। जब हम अपनी गलती स्वीकार करते हैं तो दिल से उसके बारे में सोचते हैं।

इसलिए गलती के बारे में दिल से सोचेंगे तो हमें उसमें भी सकारात्कता दिखाई देगी। यानी गलती ही हमें हमारी सफलता का आधार दिखाई देगी। जब हम बार-बार गलती करते हैं तो गलती करना हमारी आदत बन जाती है। जब यह आदत पक जाती है तो हम स्वयं तो दुखी होते ही हैं, दूसरों को भी दुख देते हैं। बहरहाल बार-बार गलती करने की आदत छोड़िए और एक-दो गलती के बाद आत्मचिंतन कीजिए। यह आत्मचिंतन ही हमें सही राह दिखाएगा।

**( प्राचार्या, उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, रांची)**

## पुलिस बल को लेकर युवाओं की जिज्ञासा

क्या आपके मन में कभी यह प्रश्न उठे हैं कि कौन-सा कानून है जिसके अंतर्गत पुलिस काम करती है? पुलिस में कौन-कौन सी रैंक होती है? सीआरपीसी और आईपीसी क्या है? क्या पुलिस को किसी पर भी बल प्रयोग करने की अनुमति है?हमारे पास नागरिकों के बचाव और सुरक्षा की भावना प्रदान करने के लिए पुलिस बल है। पुलिस का काम समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपराध पर रोकथाम करने का भी है। पुलिस का काम कानून लागू कराने का और यह सुनिश्चित करने का है कि पुलिस समेत सभी हर स्तर पर कानून का पालन करें।

पुलिस बल के कई कर्तव्य हैं:

अपराध को रोकना और नियंत्रित करना।अपराध की ठीक से जांच करना और अपराधी का पता लगाना।अदालत में पेश करने के लिए ईमानदारी से और सबूतों के आधार पर केस तैयार करना।

पुलिस बल के पास समग्र कानून और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी होती है।

पुलिस के पास कई प्रकार की अलग-अलग शक्तियां हैं, ये सभी शक्तियां कानून द्वारा दी गई हैं और उन्हें कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही उपयोग करना चाहिए। पुलिस को गिरफ्तारी, तलाशी, बरामदगी, अपराधों की जांच, गवाहों से पूछताछ, संदिग्धों से पूछताछ, अनियंत्रित भीड़ को नियंत्रित करने का अधिकार है। पुलिस अपनी इच्छानुसार कार्य नहीं कर सकती। किसी भी तरह से शक्तियों का दुरुपयोग या कर्तव्य की लापरवाही या पुलिस द्वारा किसी भी अपराध के लिए अधिकारी को दंडित किया जा सकता है। नहीं। प्रत्येक राज्य का अपना पुलिस बल है जो उस राज्य की सरकार के नियंत्रण में होता है। इसलिए देश में कई पुलिस बल हैं।

राजधानी दिल्ली, चंडीगढ़, पुड्डुचेरी, दमन और दीव, लक्षद्वीप समूह, दादर, और नागर हवेली की पुलिस केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है। क्योकि अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भी केंद्र-शासित प्रदेश हैं तो इनकी पुलिस भी केंद्र सरकार के अधीन काम करेगी। अर्धसैनिक बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (उफढ-ऋ), सीमा सुरक्षा बल (इरऋ), असम राइफल्स, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को कहा जाता है।

ये बल पुलिस को आतंकवाद विरोधी, आतंकवादी गतिविधियों और नागरिक अशांति के समय में मदद करते हैं।

एक कॉन्स्टेबल के रूप में शामिल होने के लिए आपको कम से कम हाई स्कूल परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। वहीं सब-इंस्पेक्टर के रूप में शामिल होने के लिए आपको ग्रेजुएट होना आवश्यक है।पुलिस बल में शामिल होने के तीन स्तर हैं। राज्य स्तर पर आप कॉन्स्टेबल के पद से लेकर पुलिस उपाधीक्षक के पद तक शामिल हो सकते हैं और पुलिस अधीक्षक के पद तक जा सकते हैं। या आप सब-इंस्पेक्टर स्तर पर शामिल होकर पुलिस अधीक्षक तक के पद तक पदोन्नत हो सकते हैं। कॉन्स्टेबलों और उप-निरीक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा देनी होती है। अगर परीक्षा में पास हो गए तो आपको शारीरिक दक्षता परीक्षा देनी होती है।

शारीरिक परीक्षा पास होने के बाद आपको इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। इसके बाद आप एक मेडिकल चेक-अप से गुजरते हैं, यह देखने के लिए कि क्या आप चिकित्सकीय रूप से फिट हैं और केवल तभी अंतिम चयन किया जाता है। दूसरी ओर आईपीएस अधिकारी केंद्रीय स्तर पर भर्ती किए जाते हैं।

# आवश्यकता का परिणाम ही अविष्कार है

**सुधांशु कुमार**

कहते हैं आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। लेकिन जरूरतें कभी खत्म भी तो नहीं होतीं। इन जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा से नए आविष्कार होते आए हैं, जिन्होंने समय के साथ दुनिया की सूरत ही बदल दी। कुछ आविष्कार ऐसे हैं जो दुनियाभर में बेहद लोकप्रिय हैं, कुछ जिन्हें लोग खूब पसंद करते हैं, लेकिन उन्हें खोजने वाले आविष्कारक खुश नहीं हुए। उन्हें अपने आविष्कार पर पछतावा हुआ। दुनिया के ऐसे ही 15 लोकप्रिय आविष्कारों के बारे में हम आपको आगे की स्लाइड्स में बता रहे हैं।

**ऑफिस क्यूबिकल्स**

कार्यालयों में क्यूबिकल की व्यवस्था को 1964 में डिजाइन किया गया था। इसका डिजाइन तैयार करने वाले शख्स का नाम था रॉबर्ट प्रॉप्स्ट।

रॉबर्ट ने अपने डिजाइन को एक्शन ऑफिस नाम दिया था। कर्मचारियों को निजता देने और काम की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से इसे डिजाइन किया गया था। लेकिन आज कार्यालयों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध क्यूबिकल्स की इस व्यवस्था की खोज करने के 33 साल बाद वर्ष 1997 में रॉबर्ट ने कहा था- बड़े और खुले कार्यालयों में क्यूबिकल सिस्टम रखना पागलपन है।डायनामाइट का आविष्कार स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल ने किया था। वो वैज्ञानिक जिनके नाम पर नोबेल पुरस्कार दिए जाते हैं।

इतिहासकार बताते हैं कि युद्ध में अपने इस आविष्कार के इस्तेमाल को देखकर नोबेल बेहद हतोत्साहित हो गए थे। उन्हें महसूस हो गया था कि उनका ये आविष्कार युद्ध को बढ़ावा देगा। उन्होंने अपने आविष्कार से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की शुरूआत की।

हालांकि प्रथम विश्वयुद्ध में डायनामाइट के कारण जो तबाही हुई थी, वह देखने से पहले ही अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु हो गई थी।

**एटम बम**

अमेरिका के मैनहटन प्रोजेक्ट की देन है एटम बम। इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व रॉबर्ट ओपनहाइमर ने की थी जिन्हें एटम बम का जनक भी कहते हैं। पहले ओपनहाइमर अपनी इस सफलता पर काफी खुश थे। उन्होंने दुनिया का पहला परमाणु हथियार ढूंढा था। लेकिन बाद में उन्हें इसके लिए पछतावा हुआ।इस हथियार पर प्रतिबंध लगाने के लिए उन्होंने सरकार से गुजारिश की। 1945 में तत्कालीन राष्ट्रपति हैरी एस ट्रूमैन से भी मिले। जिसके बाद ओपनहाइमर ने कहा था- 'मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मेरे हाथ खून से रंगे हैं'। इस आविष्कार को प्रोत्साहन देने वाले वैज्ञानिक आइंस्टीन को भी अपने फैसले पर पछतावा हुआ था। उन्होंने इसे अपनी सबसे बड़ी गलतियों में से एक कहा था।



**शॉपिंग मॉल**

1950 के दशक में दुनिया में पहली बार शॉपिंग मॉल की अवधारणा विकसित करने का श्रेय विक्टर ग्रुएन के नाम है। उनका जन्म यूरोप में हुआ था। उन्हें अमेरिकन शॉपिंग मॉल का जनक भी कहते हैं।ग्रुएन ने ऐसी जगह की कल्पना की जहां खरीदारी और संस्कृति एक छत के नीचे हो। लेकिन बाद में उन्हें महसूस हुआ कि अमेरिकी मॉल्स ने असल में शहरों को बर्बाद किया। अपनी इस खोज पर उन्हें बेहद पछतावा था।

**एके-47 राइफल्स**

मिखाइल कलाश्निकोव ने इस ऑटोमेटिक असॉल्ट राइफल का आविष्कार 1947 में किया था। उनके और आविष्कार के साल के नाम पर इस बंदूक का नाम ऑटोमैट कैलाश्निकोव 1947 (एके-47) रखा गया।

इसका आविष्कार रूसी सेना के लिए किया गया था, जिन्होंने 1949 में इस हथियार का इस्तेमाल शुरू किया। लेकिन बाद में अन्य देशों द्वारा भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज लगभग हर देश में एके-47 मौजूद है।अपने इस आविष्कार के कारण कैलाश्निकोव रूस के हीरो बन गए थे। पूरी जिंदगी अपने आविष्कार का पक्ष भी लेते रहे और हिंसा के लिए राजनेताओं को जिम्मेदार ठहराते रहे। लेकिन अपनी 2013 में मृत्यु के एक साल पहले उन्होंने रूस के ऑर्थोडॉक्स चर्च को एक चिट्ठी लिखी जिसमें इस हथियार को बनाने के बाद का दर्द बयां किया। लिखा कि इसके कारण होने वाली हत्याओं के लिए वह खुद को जिम्मेदार मानते हैं और यह उनके लिए असहनीय है।

**पेपर स्प्रे**

1980 के दशक में एफबीआई द्वारा इस्तेमाल किए जाने के लिए वैज्ञानिकों ने पेपर स्प्रे की खोज की थी। कामरान लॉमैन इसे बनाने वालों में से एक थे। उन्होंने कहा था कि - आंदोलनों में प्रदर्शनकताओं पर इस स्प्रे का इस्तेमाल होता देख मैं चौंक गया। मुझे लगा कि ये मेरा कर्तव्य है कि मैं लोगों को समझाऊं कि इस काम के लिए पेपर स्प्रे का निर्माण नहीं किया गया था।

**वर्ल्ड वाइड वेब**

इंटरनेट के जनक कहे जाने वाले प्रोपेसर टिम बर्नर्स ली ने 1989 में वर्ल्ड वाइड वेब की खोज की थी। ये वो आविष्कार है जिसने दुनिया के काम करने के तरीके को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। जो कई नए आविष्कारों का आधार बना।

लेकिन ली अब इसके जरिए होने वाली गैरकानूनी हैकिंग, फर्जी खबरों और अन्य विध्वंसक गतिविधियों से परेशान हैं। 2018 में ली ने एक इंटरव्यू में कहा था- मेरे आविष्कार के कारण होने वाली विध्वंसक गतिविधियों को देखकर मैं बेहद निराश हूं। मुझे लगता है कि मानवता की सेवा को बेहतर बनाने में इंटरनेट फेल हो गया है।

# इजरायल और हमास संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय



**- सत्यनारायण गुप्ता**

दक्षिण अफ्रीका द्वारा दायर की गई याचिका पर अंतरिम फैसला देते हुए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने इजरायल को अनेक नसीहतें दीं हैं - फिलिस्तीनियों को मौत और शारीरिक मानसिक क्षति से बचाने, जनसंहार के लिए सार्वजनिक उकसावे को रोकने और गाजा में मानवीय त्रासदी को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने की बात कही है। हालांकि युद्ध विराम पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा कोई टिप्पणी नहीं की गई।

इसराइल और हमास के हिंसक संघर्ष में अब तक 26000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है पश्चिम एशिया में गहराते मानवीय संकट के कारण 110 दिनों से अधिक समय से जारी युद्ध है ।

ताजा घटनाक्रम द हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की टिप्पणी से जुड़ा है ।दुनिया की सबसे बड़ी अदालत में नागरिकों की मौत रोकने की बात कही गई है ।अदालत ने कहा कि इलाके में हो रही मौत और नुकसान को कम करने के लिए इसराइल को हर संभव प्रयास करने चाहिए।

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि 1948 में नरसंहार पर अंकुश के लिए संयुक्त राष्ट्र में समझौते( यू एन जेनोसाइड कन्वेंशन )को स्वीकृति दी गई थी इजरायल ने इसका उल्लंघन किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अध्यक्ष जॉन डोनोग्यू ने फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि 17 न्यायाधीशों की एक पैनल ने मामले को खारिज नहीं करने का निर्णय लिया है। इस बहूप्रतीक्षित फैसले में आईसीजे ने कहा फिलिस्तीनी जनता का जीवन प्रतिकूल परिस्थितियों में है, उन्हें तत्काल बुनियादी सेवाओं और मानवीय सहायता की जरूरत है । इसके लिए इजराइल को प्रभावी उपाय करने चाहिए ।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने कहा कि नरसंहार बंद करने के लिए प्रत्यक्ष और सार्वजनिक उकसावे की कार्रवाई खत्म होनी चाहिए। दोषियों को दंडित करने के लिए इसराइल को अपनी शक्ति के भीतर ही सभी उपाय करने चाहिए ।अपने अंतरिम फैसले में आईसीजे (अंतरराष्ट्रीय न्यायालय) ने स्वीकार किया कि पूरे मामले पर विचार करने में कई साल लग सकते हैं। सुनवाई के दौरान इसराइल ने नरसंहार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति सीरिल रामफोसा और दक्षिण अफ्रीका की गवर्निंग पार्टी ने खुशी का इजहार किया। दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला अंतरराष्ट्रीय कानून की दृष्टि से निर्णायक जीत और फिलिस्तीन लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है ।वहीं इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसलों को अपमानजनक बताते हुए इसे खारिज कर दिया ।उन्होंने पहले भी कहा था कि वह अदालत के फैसले से बंधे हुए नहीं हैं। उन्होंने हमास को नेस्तनाबुद करने के अपने इरादे को दोहराया और कहा कि हमें कोई नहीं रोक सकता। नेतन्याहू के मुताबिक इजरायल अपने देश की रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा करना जारी रखेगा।

इसराइल- हमास का हिंसक संघर्ष पिछले साल शुरू हुआ था?। 7 अक्टूबर 2023 को इसराइल पर हमास के हमले के बाद इजरायल डिफेंस फोर्सज (आईडीएफ )के जवानों ने गाजापट्टी पर हमास के आतंकी ठिकानों पर लगातार हमला किया है ।हिंसक संघर्ष में अब तक 26000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 62600 से अधिक लोग घायल हुए हैं । इसराइली सेना के मुताबिक उसने 9000 आतंकवादियों को ढेर किया है। हालांकि उसने इसका कोई प्रमाण नहीं दिया है। सघन आबादी और आवासीय इलाकों में युद्ध के कारण हताहतों में आम लोगों की संख्या काफी अधिक है। इजरायली सूत्रों के मुताबिक हमले की शुरूआत के बाद 195 सैनिक मारे गए हैं। 130 इसराइली हमास के कब्जे में है। अनुमान है कि इसमें से लगभग 100 लोग ही जीवित बचे हैं। उधर गाजा के लगभग 85% आबादी अपने घरों को छोड़कर भाग चुकी है । हजारों लोग दक्षिणी हिस्से में संयुक्त राष्ट्र सरणार्थी शिविरों में शरण लिए हुए हैं और भूखमरी तथा अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी झेल रहे हैं।

पिछले साल नवंबर में अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए , इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद और कतर के प्रयास से युद्ध विराम हुआ था ।इसमें हमास ने फिलिस्तीन कैदियों के बदले इसराइली बंधकों को रिहा किया था । युद्ध के बीच से बीच यह जानना भी हमारे लिये आवश्यक है कि फ्रांस और अमेरिका के अलावा ब्रिटेन आस्ट्रेलिया जर्मनी इटली और कनाडा तरीके देश इजराइल के साथ हैं। दूसरी और ईरान सहित अनेक पश्चिम एशियाई देश हमास के समर्थन में है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का अंतरिम फैसला आ गया है, लेकिन इस अदालत के पास ऐसा कोई साधन नहीं है, जिससे अपने फैसले को लागू करा सके।